
दैनिक
# विनय उजाला
इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2013/52154
भोपाल
शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष – 05
वर्ष : 12 | अंक : 280
कुल पृष्ठ : 12


नीरज ने जीता स्वर्ण ... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### केन्द्रीय मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच में सीआरपीएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

# सीआरपीएफ का अदम्य साहस और समर्पण सराहनीय : शाह

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उनके मार्गदर्शन में वर्ष 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा।**

इस प्रण को पूरा करने में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जहां जरूरत होती है, सीआरपीएफ के जवान सदैव कर्तव्य पथ पर तत्पर रहते हैं। देश का जब भी स्वर्णिम इतिहास लिखा जाएगा, उसमें सीआरपीएफ के शहीदों के नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखे जाएंगे।




विशिष्ट सेवाओं के लिये सुरक्षा बल कर्मियों को किया पुरस्कृत

केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुरुवार को नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिले की प्रभारी मंत्री सुनिर्मला भूरिया, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिह, क्षेत्र के लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर सहित जिले के तीनों विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के कर्मियों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सीआरपीएफ की आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, शांति स्थापना के कार्यों में निभाई गई भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां सीआरपीएफ है, वहां चिंता करने की कोई बात नहीं। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि आज सीआरपीएफ के 3 लाख जवान देश में कानून-व्यवस्था और शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की संसद पर आतंकी हमले और श्रीराम जन्मभूमि पर हमले जैसी मुश्किल समय में कई बार सीआरपीएफ जवानों ने वीरता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते हुए बलिदान दिया। केन्द्रीय मंत्री शाह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद जवानों को नमन करते हुए कहा कि सीमा क्षेत्रों से लेकर अंदरूनी इलाकों तक देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ के योगदान को कोई भुला नहीं सकता।

### प्रदर्शनी का अवलोकन किया

सीआरपीएफ के स्थापना दिवस समारोह की परेड के बाद केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ सीआरपीएफ कैम्प नीमच के परिसर में ''राष्ट्र सेवा में समर्पित सीआरपीएफ के विभिन्न आयाम चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक फोर्स द्वारा अर्जित उपलब्धियों एवं विभिन्न गतिविधियों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। उल्लेखनीय है कि 86वीं सीआरपीएफ दिवस परेड इस वर्ष 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के अन्तर्गत आयोजित की गई। सामान्यत: सीआरपीएफ दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि 1950 में इसी दिन भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सीआरपीएफ को ध्वज प्रदान किया था।



### दाऊदी बोहरा समुदाय ने पीएम मोदी से की मुलाकात

# नए वक्फ कानून को बताया ऐतिहासिक कदम

नई दिल्ली

दाऊदी बोहरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नए वक्फ कानून को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। साथ ही इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है।

दाऊदी बोहरा समुदाय ने आगे प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन पर भी विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे इस सोच के साथ खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।

#### क्या बोले पीएम मोदी..

सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री ने बोहरा समुदाय के प्रतिनिधियों से विस्तार से बातचीत की और उनकी बातों को ध्यान से सुना। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार सभी समुदायों के विकास और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह मुलाकात सरकार और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच मजबूत रिश्ते का संकेत देती है।

#### वक्फ कानून पर बोहरा समुदाय

बोहरा सुमदाय के प्रतिनिधियों ने आगे नए वक्फ कानून की खासियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ वक्फ संपत्तियों से जुड़ी व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा। साथ ही न केवल दाऊदी बोहरा बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए लाभकारी साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना नदी की सफाई को लेकर प्रधानमंत्री ने की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यमुना नदी की मौजूदा स्थिति का आकलन, इसकी सफाई और कायाकल्प के लिए चल रही भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में नदी को साफ करने के लिए एजेंसी-वार कार्य योजना की समीक्षा की गई।

### फिर से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द ही दोबारा शुरू होने की संभावना है। इस संबंध में जनता के लिए शीघ्र ही सूचना जारी की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री की पिछली चीन यात्रा के दौरान दोनों देश विमान सेवा फिर शुरू करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के तकनीकि दल विमान सेवाओं को बहाल करने के संबंध में विचार कर रहे हैं।




# वक्फ से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का कांग्रेस ने किया स्वागत

नई दिल्ली, (हि.स.)

**वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का कांग्रेस ने स्वागत किया है। इसके साथ ही पार्टी ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम प्रशासनिक कदम नहीं बल्कि वैचारिक हमला है। केंद्र सरकार जिसे सुधार बता रही है, दरअसल वह अधिकारों पर प्रहार है।**

वक्फ को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के चेयरमैन एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी यहां आज पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

सिंघवी ने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 26 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हर व्यक्ति को पूरा अधिकार है कि वह अपने धर्म का अभ्यास, निर्वहन और उसका प्रचार-प्रसार कर सकता है। वह धर्म से जुड़ी संस्थाओं का संचालन व प्रबंधन कर सकता है और उनके चुनावों में नामित हो सकता है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की पांच खंडपीठों के पूर्व के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धार्मिक वर्ग की संस्थाओं की स्वायत्तता को इस हद तक कम करना कि वह समाप्त हो जाए, असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि वक्फ अधिनियम की धारा 11 में चुनावित श्रेणी को हटाकर शत-प्रतिशत नामांकन का प्रावधान स्वायत्तता के सिद्धांत के विरुद्ध है। वक्फ संशोधन अधिनियम के प्रावधान 9 और 14 पर सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध का हवाला देते हुए सिंघवी ने कहा कि वक्फ अधिनियम का प्रावधान 9 कहता है कि केंद्रीय वक्फ परिषद के 22 सदस्यों में से 12 लोग गैर मुस्लिम हो सकते हैं।

# विश्व धरोहर दिवस पर एएसआई स्मारकों पर नहीं लगेगा कोई प्रवेश शुल्क

नई दिल्ली, (हि.स.)

**विश्व धरोहर दिवस के मौके पर देश के संरक्षित ऐतिहासिक स्मारकों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। गुरुवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यह जानकारी दी।**

18 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस का उद्देश्य आगंतुकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देखने के लिए प्रोत्साहित करना है। एएसआई द्वारा संरक्षित 3,698 स्मारकों और स्थलों में कई स्थानों पर प्रवेश शुल्क लिए जाते हैं। शुक्रवार को टिकट वाले सभी स्मारकों में प्रवेश निशुल्क होगा, जिसमें आगरा का ताजमहल सहित दिल्ली में लालकिला, सफदरजंग का मकबरा, कुतुबमीनार और पुराना किला शामिल है।

गुरुवार को एएसआई द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष विश्व धरोहर दिवस का विषय आपदा एवं संघर्ष से खतरे में धरोहर है, जिसके तहत प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं, खतरों या संघर्षों से धरोहर स्थलों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है। स्मारकों में प्रवेश शुल्क माफ करने का मकसद विरासत के संरक्षण और प्रबंधन के महत्व के बारे में अधिक से अधिक सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देना है।

### दिल्ली में पारा 40 डिग्री के पार


# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से अगले दो दिन गर्मी से मिलेगी थोड़ी राहत

नई दिल्ली, (हि.स.)

देश के ज्यादातर राज्यों में दिन के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 3-4 डिग्री ज्यादा है। वहीं, न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक उत्तर भारत में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 16 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी में भी चक्रवाती स्थितियां बनी हुई हैं। अगले कुछ दिनों में बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में बारिश की उम्मीद है। राजस्थान में 19 अप्रैल से हीटवेव खत्म होने जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार 17 और 18 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश की संभावना, 17 से लेकर 23 अप्रैल तक पूर्वोत्तर राज्यों में होगी जबरदस्त बारिश होने की संभावना है। 19 अप्रैल को राजस्थान और 18 अप्रैल को सौराष्ट्र और कच्छ में उष्ण लहर की स्थिति कम होने की संभावना है।

20 अप्रैल तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है, जिसकी अधिकतम तीव्रता 18 और 19 अप्रैल को होगी। 18 से 20 अप्रैल, के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के आसपास के मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने की भी संभावना है। शुक्रवार को दिल्ली में आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा। सतह पर तेज हवाएं चलेंगी जिनकी रफ्तार 20-30 किलोमीटर प्रति घंटा होगी, जो कि 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से चल सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव की मौजूदगी में प्रारंभ होगी

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूँगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में डॉ. योगेश गोखले, डॉ. राजेन्द्र दहातोंडे आदि वक्ता विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

### संभागीय और जिला कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी स्कूलों का करें सतत निरीक्षण



**भोपाल, निप्र।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रयास होना चाहिये कि प्रदेश के शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन हो। इसके लिये उन्होंने टीम वर्क के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने अनेक जिलों में अब तक कराये गये नामांकन की जानकारी प्राप्त की। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग के जो अधिकारी-कर्मचारी श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनका सार्वजनिक रूप से सम्मान किया जायेगा। कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदार रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह गुरुवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे।

### एमपी पॉवर कंपनी ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**भोपाल, निप्र।** एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने कंपनी कार्मिकों के पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता का आदेश आज जारी कर दिया। पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार दिनांक 3 अप्रैल 2025 को जारी राज्य शासन के शासकीय सेवकों को देय गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षण संबंधी आदेश को यथावश्यक संशोधनों सहित 'शासकीय सेवक' के स्थान पर 'कंपनी कार्मिक' प्रतिस्थापित करते हुए ग्राह्य किया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन कार्मिकों को कंपनी आवास गृह आवंटित किया गया है अथवा जो किराया रहित कंपनी आवासगृहों में निवासरत हैं अथवा जिन्हें किराया रहित आवास गृह के बदले और कोई भत्ता दिया जा रहा हो, उन्हें देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। संविदा, तदर्थ, स्थायीकर्मी व दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त कार्मिकों को देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता की स्वीकृति के संबंध में अन्य शर्तें पूर्वानुसार रहेंगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा संबंधी दिशा निर्देश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होंगे।

### मध्यप्रदेश टिम्बर डिपो नई दिल्ली में मई माह में सागौन काष्ठ की होगी नीलामी

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश टिम्बर डिपो, न्यू टिम्बर मॉर्केट, कीर्ति नगर, नई दिल्ली में मई माह में सागौन काष्ठ की नीलामी की जायेगी। इस नीलामी में मध्यप्रदेश के विभिन्न वन मण्डलों से प्राप्त भारत की सर्वश्रेष्ठ सी.पी. टीक'' के गोल लट्ठों का विक्रय किया जायेगा। नीलामी में छोटी-छोटी मात्रा के लाट भी विक्रय किये जायेंगे, जो भवन निर्माण, आंतरिक सज्जा अथवा फर्नीचर के लिये उपयुक्त हैं। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (जनसम्पर्क एवं विक्रय) विक्रय डिपो मध्यप्रदेश वन विभाग नई दिल्ली ने बताया कि नीलामी संबंधी जानकारी के लिये दूरभाष क्रमांक 011-25939685, 8077873394 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# पूर्व मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश एंथोनी डिसा को कॉमनवेल्थ शॉर्ट स्टोरी प्राइज़ 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया

**प्रसिद्ध लेखक और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी की कहानी 'Tamarind' ('इमली') को 54 देशों की 8,000 से अधिक प्रविष्टियों में से शीर्ष 25 में स्थान मिला**

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव और चर्चित लेखक श्री एंथोनी डिसा ने एक बार फिर अपनी उपलब्धियों की फेहरिस्त में एक और प्रतिष्ठित सम्मान जोड़ लिया है। 'टीनो डिसा' के नाम से लेखन करने वाले श्री डिसा की कहानी Tamarind ('इमली') को कॉमनवेल्थ शॉर्ट स्टोरी प्राइज़ 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त मान्यता उनकी प्रशासनिक सेवा और साहित्यिक लेखन—दोनों में उनकी गहराई और सृजनात्मकता को दर्शाती है।

54 देशों से आई 8,000 से अधिक प्रविष्टियों में से चुनी गई 25 श्रेष्ठ कहानियों में 'इमली' को स्थान मिला है, जिसे पांच अंतरराष्ट्रीय निर्णायकों की एक समिति ने चयनित किया। लंदन में 15 अप्रैल को शॉर्टलिस्ट की घोषणा की गई, जबकि विजेता का नाम जून में घोषित किया जाएगा। कॉमनवेल्थ शॉर्ट स्टोरी प्राइज़ को प्रायः 'शॉर्ट स्टोरी का बुकर पुरस्कार' कहा जाता है और यह अंग्रेजी साहित्य की सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में से एक है। केवल शॉर्टलिस्ट में शामिल होना भी स्वयं में एक वैश्विक सम्मान माना जाता है।

'इमली' कहानी मध्यप्रदेश के एक काल्पनिक ग्रामीण क्षेत्र में आधारित है और श्री डिसा की अधिकांश रचनाओं की तरह इसमें भी अंत में एक गहरा मोड़ है। यह कहानी उनकी कथा-कौशल के साथ-साथ भारतीय ग्रामीण और सांस्कृतिक जीवन की गहरी समझ को भी उजागर करती है।






एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (IAS) के रूप में श्री एंथनी डिसा ने राज्य और केंद्र स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, और अपने प्रशासनिक जीवन के अंत में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपनी रचनात्मक ऊर्जा और सामाजिक संवेदना को साहित्यिक अभिव्यक्ति में रूपांतरित किया, जो उनके कहानी लेखन और कविता में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

अब तक उनके तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—दो कहानी संग्रह 'The Disrobing of Draupadi' और 'One For Sorrow, Two For Joy', और एक बच्चों के लिए रहस्य कथा 'The Curious Case of the Nandikote Nawab', जिसे कतिपय इक्लब्ध स्कूलों ने अपनी पठन सूची में शामिल किया है। उनकी रचनाओं में सामाजिक यथार्थ, भावनात्मक गहराई और कथानक की रोचकता का सुंदर संयोजन देखने को मिलता है।

श्री डिसा को 2017 और 2019 में टाइम्स ऑफ इंडिया राष्ट्रीय लघुकथा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। वे दो कहानियाँ भी मध्य प्रदेश में आधारित हैं - एक पंचमढ़ी में और एक प्राचीन काल के उज्जैन में। इनके काव्य-संग्रहों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है और हाल ही में लंदन से प्रकाशित एक प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका में उनकी दो कविताएं प्रकाशित हुई हैं।

वर्तमान में वे अपनी अगली लघुकथा संग्रह पर कार्य कर रहे हैं, जिसमें वे भारतीय जीवन के विविध पक्षों को अपनी साहित्यिक दृष्टि से उजागर कर रहे हैं। एक समर्पित प्रशासनिक अधिकारी से लेकर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त लेखक बनने की उनकी यात्रा इस बात का प्रेरणादायक उदाहरण है कि किस प्रकार बौद्धिक चेतना और रचनात्मकता सेवा-निवृत्त जीवन में भी नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती है।

**दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के वार्ड 26 में 12 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होगा सीवेज नेटवर्क**

# विधायक भगवानदास सबनानी व महापौर मालती राय ने किया सीवेज नेटवर्क कार्यों का कार्यारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। अमृत 2.0 योजना के तहत दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 26 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले सीवेज नेटवर्क स्थापना हेतु विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय ने कार्यों का कार्यारंभ किया।**

श्री सबनानी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार दोनों ही जनता की सुविधा और विकास के विस्तार के लिए काम कर रही हैं। जनता से जुड़ी हुई समस्या चाहे छोटी हो या बड़ी इसके लिए निरंतर योजनाएं बन रही हैं और आप सब देखते ही हैं कि लगातार भूमि पूजन होकर कार्यों प्रारंभ भी हो रहा है। अमृत 2.0 एक बड़ी योजना है हम आज इसके कार्यों का कार्यारंभ कर रहे हैं। हमारे शहर की प्रथम महिला महापौर



श्रीमती मालती राय जी भी शहर के विकास में कोई कमी ना रह जाए इसका विशेष ध्यान रखती हैं। और अनेकों योजनाओं द्वारा शहर में निरंतर विकास किया जा रहा है। हमारी विधानसभा क्षेत्र में कई बड़ी योजनाओं की भी तैयारी की जा रही है जिससे हमारे क्षेत्र की खूबसूरती तो बढ़ेगी ही साथ ही आवागमन में होने वाली परेशानियों से भी क्षेत्र वासियों मुक्ति मिलेगी। वार्ड 26 में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत 2.0 के अंतर्गत सीवेज संबंधी कार्यों को स्वीकृत प्रदान की गई है जिससे शहर के अन्य क्षेत्रों के साथ ही वार्ड 26 के नागरिकों की सीवेज संबंधी समस्या समाप्त होगी। इस अवसर पर महापौर मालती राय ने कहा कि हम अपने शहर के नागरिकों को सुविधा एवं विकास हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज वार्ड 26 के अंतर्गत सूरज नगर, सेवनिया गौड, बिसनखेड़ी, गोरागांव सहित आसपास के क्षेत्रों में 400 एम.एम. व्यास की लगभग 25 किलोमीटर सीवेज पाईप लाईन बिछाई जाएगी और लगभग 2756 घरों को सीवेज नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस योजना के पूर्ण होने से उक्त क्षेत्रों में सीवेज के सड़कों पर बहने की समस्या से निजात मिलेगी साथ ही भूजल भी प्रदूषित नहीं होगा और लगभग 15 हजार की आबादी लाभान्वित होगी।

इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य जगदीश यादव पूर्व पार्षद वरिष्ठ नेता गोरेलाल बड़गैया मंडल अध्यक्ष हेमंत बड़गैया मंडल अध्यक्ष पारस नरवरिया मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाडे वरिष्ठ भाजपा नेता लीलेंद्र मारण विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा वरिष्ठ नेता राकेश जैन आशुतोष तिवारी शैलेंद्र निगम जय सिंह मारण रूप सिंह मारण पंकज त्रिपाठी रंजीत पटेल राजेंद्र राठौड़ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सरला मिश्रा की दु:खद मृत्यु पर भाजपा राजनितिक रोटियां सेकने से बाज आए...

**भोपाल, निप्र।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने सरल मिश्रा आत्महत्या प्रकरण मे भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा की पिछले 20 वर्षों से कहां सोए हुए थे जबकि प्रदेश में और केंद्र में आपकी ही सरकार है कांग्रेस नेताओं का चरित्र हरण करने की गंदी ओर ओछी राजनीति से बाज आए भारतीय जनता पार्टी।

चौरसिया ने कहा कि 1997 में सरल मिश्रा ने आत्महत्या की थी। मानसिक डिप्रेशन में आकर सरला मिश्रा द्वारा आत्मादाह का कदम उठाया जिसके चलते उनकी मृत्यु हुई और यह बात उनके द्वारा अपने मृत्यु पूर्व कथन मे कही उन्होंने इस बात का बयान भी दिया था कि आत्महत्या करने का निर्णय उनके द्वारा हताशा मे लिया गया था इसमें किसी का को कोई दोष नहीं है। साल 2000 में मामले की क्लोजर रिपोर्ट भी पुलिस द्वारा लगायी गयी थी।

अब फिर से मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस विषय पर कुछ प्रतिक्रिया देना अभी उचित नहीं होगा, जो भी न्यायालय का आदेश निर्देश होगा वह सभी के लिए सर्वमान्य है।

लेकिन कांग्रेस ने भाजपा को नसीहत देते हुए कहा की वह सरला मिश्रा की दु:खद मृत्यु पर गंदी राजनीति करने से बाज आए। आज जो सरला मिश्रा के भाई के हितेशी बन रहे है वह अब तक कहा थे जबकि पिछले 20 वर्षो से भाजपा की सरकार प्रदेश मे है ओर 10 वर्षो से केंद्र मे है,उक्त घटना के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती जी ने भी म. प्र पुलिस की कोल्जर रिपोर्ट की जाँच करवाई थी और पुरे प्रकरण मे मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को सही ठहराते हुए सीबीआई जांच की मांग को खारिज कर दिया था। फिर भाजपा इस पर अब क्यों राजनैतिक रोटियां सेक रही है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी लगातार भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के खिलाफ मुखर होकर अपनी बात रखते हैं जो लगातार भाजपा की सरकारों को नागवार गुजर रही है।

# मध्यप्रदेश में गिद्ध संरक्षण को मिल रही नई दिशा : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन में नए आयाम जुड़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों का संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा के लिए आवश्यक है, अपितु पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है। प्रदेश में गिद्ध संरक्षण को भी नई दिशा दी जा रही है। भोपाल स्थित केरवा गिद्ध प्रजनन केन्द्र से 6 गिद्धों को बुधवार को पहली बार प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य सरकार ने गिद्धों सहित अन्य पशु पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास किए हैं। एशिया से लुप्त हो रहे चीतों के पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका के देशों से चीते लाकर कूनो अभ्यारण में उनका संरक्षण एवं संवर्धन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक वातावरण में छोड़े गए गिद्धों पर जीपीएस ट्रैकर लगाए गए हैं,जिससे उनके आवागमन, व्यवहार एवं सुरक्षा की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

# जल संरक्षण के संदेश के साथ बच्चों ने उकेरी रंगों की दुनिया

**रातीबड़ की शासकीय माध्यमिक शाला में चित्रकला प्रतियोगिता**

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत गुरुवार को भोपाल स्थित सेक्टर क्रमांक-5, रातीबड़ की केकड़ियां भानपुर शासकीय माध्यमिक शाला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**





कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण का कार्य ब्लॉक समन्वयक सुश्री टीना शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को जल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत जानकारी भी दी। सभी प्रतिभागियों को आगामी दिवस में प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी श्रीमती अनिता सारस्वत सहित श्री अतुल शुक्ला, श्री फतेह सिंह, अरविंद कुमार मीणा, श्रीमती अनिता रावत, श्रीमती अनिता साल्वे, मुकेश चंद्र शर्मा तथा नवांकुर चयनित संस्था लुवाणा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्री कैलाश लुवाणा एवं संचालक श्री अशोक रैकवार, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के वॉलिंटियर्स द्वारा आमजन को जल संरक्षण से जोड़ने हेतु MY Bharat पोर्टल (mybharat.gov.in) पर जलदूत के रूप में वॉलिंटियर रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया, जिससे अभियान को जन सहभागिता से और अधिक व्यापक रूप में आगे बढ़ाया जा सके।

# बिछिया नदी के उद्गम स्थल को जीवंत बनाये रखने में ग्रामवासी सहभागी बनें : ग्रामीण विकास मंत्री पटेल



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मऊगंज जिले के खैरा ग्राम में बिछिया नदी के उद्गम स्थल में पूजा-अर्चना की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में आयोजित कार्यक्रम में नदी के उद्गम स्थल पर पुष्प अर्पित कर दुग्ध अभिषेक किया।

जन भागीदारी से जल संचयन के संकल्प के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में श्री पटेल ने ग्रामीणजनों से संवाद करते हुए ग्रामसभा का शुभारंभ किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बिछिया नदी के उद्गम स्थल में फेंसिंग कराकर वर्षाकाल में पौध-रोपण करें। उन्होंने कहा कि खैरा की पुण्य भूमि नदी का उद्गम स्थल है। यहाँ के निवासियों को भू-जल स्तर बनाये रखने के लिए इसे हरा-भरा बनाना होगा। पौध-रोपण से आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवरेगा। भू-जल स्तर में आ रही कमी व जल संकट को चुनौती के तौर पर स्वीकार करते हुए इससे निपटने के लिए समवेत होना का उन्होंने आह्वान किया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस वर्ष तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से कराए जाकर पौध-रोपण की तैयारी व पुराने जल स्त्रोतों के संरक्षण व पुनरुद्धार के कार्य इस दौरान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में भवन बनाने, सामुदायिक भवन निर्माण व जनपद पंचायतों के भवन निर्माण

**प्रदेश में चावल के परिवहन एवं भंडारण की गुणवत्ता पर होगी कड़ी निगरानी**

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने एसीएस खाद्य को दिए जांच दल गठित करने के निर्देश

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश के विभिन्न जिलों के मध्य रेक/एलआरटी के माध्यम से चावल का परिवहन एक निरंतर प्रक्रिया है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।**

इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, गुणवत्ता और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। मंत्री श्री राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी को निर्देशित किया है कि पूर्व में जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन की जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि एसओपी के पालन में प्रेषण अथवा प्राप्तकर्ता जिलों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है, तो इससे अमानक गुणवत्ता के चावल के जमा होने की संभावना बन सकती है, जिससे न केवल उपभोक्ताओं को नुकसान हो सकता है, बल्कि शासन की साख भी प्रभावित हो सकती है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने इस संदर्भ में आयुक्त, खाद्य के स्तर से एक विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश दिए हैं, जो रैंडम आधार पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में चावल के परिवहन और भंडारण की संपूर्ण प्रक्रिया का औचक निरीक्षण करेगा। यह जांच दल संबंधित जिलों द्वारा की गई कार्यवाही का अभिलेखीय परीक्षण करेगा, जिसमें प्रेषण व प्राप्ति रजिस्टर, परिवहन अनुबंध, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भंडारण स्थल का भौतिक सत्यापन आदि शामिल होंगे।

**निर्देशों के पालन में कोई ढिलाई नहीं होगी स्वीकार**

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने स्पष्ट किया है कि विभाग द्वारा पूर्व में जारी मानक निर्देश एवं एसओपी सभी जिलों के लिए बाध्यकारी हैं। इसमें किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे चावल के प्रेषण और प्राप्ति से जुड़ी कार्यवाहियों को एसओपी के अनुरूप ही निष्पादित करें तथा जांच दल को आवश्यक दस्तावेज एवं सूचनाएं उपलब्ध कराते हुए पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें।



**निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत हो प्रतिवेदन :** मंत्री श्री राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य को यह भी निर्देश दिया है कि जांच दल द्वारा की गई निरीक्षणीय कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा में विभाग को भेजा जाए, ताकि उसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कोई भी गड़बड़ी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

**खाद्य आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है राज्य सरकार :** खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। इस दिशा में किए जा रहे सुधारात्मक उपायों के अंतर्गत यह कदम एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे शासन की खाद्य नीति और वितरण व्यवस्था को और अधिक भरोसेमंद बनाया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षको का स्वास्थ्य परिक्षण शिविर संपन्न





**इंदौर, ( विनय उजाला )।** कैंसर फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज शास. उत्कृष्ट उमावि महू पर शिक्षको के लिए स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, इस परिक्षण शिविर में विकासखंड महू के 100 से अधिक शिक्षको में हिस्सा लिए, शिविर में शिक्षको कि ऊचाई, वजन, रक्तचाप लिया गया साथ ही कोई पुरानी बीमारी से पीड़ित हो तो उसे उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही अस्पताल हेतु पंजीयन किया गया.इस अवसर पर ट्रस्ट कि और से डॉ. वीरेंद्र व्यास,डॉ.सोनाली गौरे, मोना सरावरते एवं अन्य सहयोगी स्टाफ था, इस अवसर पर डॉ. व्यास ने बताया कि ट्रस्ट में कोई भी मरीज किसी बीमारी के लिए आता है तो बिना इलाज उसे वापस नहीं भेजा जाता, यदि बीमार व्यक्ति को कोई आर्थिक परेशानी होती है तो ट्रस्ट उसके लिए विभिन्न दान दाताओ से उसके इलाज कि व्यवस्था करता है, साथ ही डॉ. व्यास ने विद्यार्थियों को तम्बाकू से होने वाले रोग और शरीर को होने वाली हानी के बारे विस्तार से समझाया गया, संस्था के प्रभारी प्राचार्य तपन जिंदल ने ट्रस्ट से पधारे सभी सदस्यों का स्वागत कर उनका धन्यवाद प्रेषित किया।

### विश्व धरोहर दिवस पर आज सुबह हेरिटेज वॉक सांसद लालवानी करेंगे शुभारम्भ

**इन्दौर, ( विनय उजाला )।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर संचालनालय, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश द्वारा 18 अप्रैल को दो कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उप संचालक पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय पश्चिमी क्षेत्र इंदौर ने बताया कि विश्व धरोहर दिवस पर पहला कार्यक्रम हेरिटेज वॉक का होगा।

# ए आई सी टी एस एल की बोर्ड बैठक संपन्न

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, इंदौर की बोर्ड बैठक, बोर्ड अध्यक्ष एवं महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बोर्ड द्वारा निम्न निर्णय लिए गए -

यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जल्द ही शहर के प्रमुख मार्ग को चिन्हित कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लग्जरी ए सी इलेक्ट्रिक बस चलाए जाने हेतु विस्तृत विश्लेषण कर निविदा आमंत्रित की जाएगी।




बी आर टी एस से संबंधित एजेंसियों को नियमानुसार हटाए जाने हेतु निर्देश दिए गए। जिसमें आई बस स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों व ऑटोमैटिक डोर के संचालन व रखरखाव संबंधी एजेंसी, संचालित 30 सीएनजी बसों के संचालन संबंधी एजेंसी., ट्रैफिक सिग्नल मेंटेनेंस हेतु कार्यरत एजेंसी, कॉरिडोर, आई बस स्टेशन, रेलिंग, लॉलीपॉप, यूनीपोल, स्ट्रीट लाइट पोल पर कियोस्क के माध्यम से विज्ञापन हेतु कार्यरत एजेंसी समिल्लित है। वर्तमान बी आर टी एस के 20 मीडियन बस स्टॉप्स को हटाए जाने एवं जल्द ही दोनों ओर कर्व साइड कुल 40 बस स्टॉप्स बनाए जाने हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ होगी। निकट भविष्य में बी आर टी एस रूट पर विज्ञापन हेतु विस्तृत योजना बनाकर निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बैठक में भविष्य में बसों के सुचारू संचालन एवं रखरखाव हेतु अतिरिक्त भूमि चिन्हांकन एवं वर्तमान डिपो के संधारण हेतु विस्तृत चर्चा की गई। यात्रियों की सुविधा हेतु जल्द ही रूट रेशनलाइजेशन कर अतिरिक्त बसों की सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी। इसके साथ ही बैठक में बस संचालन संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में एआईसीटीएसएल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, निदेशक एवं जिलाधीश श्री आशीष सिंह, प्रबंध निदेशक एवं निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा, निदेशक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आई डी ए श्री रामप्रकाश अहिरवार तथा ए आई सी टी एस एल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांक सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदु पाराशर की तीन पुस्तकों का लोकार्पण

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** वामा साहित्य मंच के तत्वावधान में इंदु पाराशर की तीन पुस्तकों 'मन के मोती', 'सुनो कहानी' व 'यातायात के नियम' का लोकार्पण श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में किया गया। आरंभ में संस्था की अध्यक्ष ज्योति जैन ने शब्द पुष्पों से सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखिका के रचना कर्म की सराहना की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने लेखिका की रचनाधर्मिता को चिन्हित करते हुए बताया कि छंद बच्चों को याद रहते हैं। इंदु जी ने बाल साहित्य में यही नवाचार किया है उन्होंने विज्ञान जैसे विषय एवं कहानियों को कविता में रच दिया है। पंचतंत्र की कथाएं, यातायात के नियम उन्होंने सरल बाल कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत किए हैं। विशेष अतिथि राजेश अवस्थी ने कहा कि-विज्ञान को लेकर जो भय रहता है उसे रोचकता के साथ लेखिका ने दूर करने का प्रयास किया है। और वे इसमें सफल भी हुई हैं।

तीनों पुस्तकों की चर्चाकार के रूप में नीलम तोलानी ने लेखिका की रचनाओं में हिंदू धर्म में वर्णित चारों आश्रमों का समाहित निचोड़ बताया। एक तरफ श्रृंगार से ओतप्रोत नायिका का इंतजार है तो दूसरी ओर प्रभु को पुकारने की अकुलाहट है। कहीं जीवन अनुभवों से सृजित सीख के भिन्न छंदों की बहुलता है तो कहीं प्रकृति के सुर सुनाई पड़ते हैं। यातायात के नियमों एवं नीति कथाओं का मनोहारी चित्रण भी वीडियो के द्वारा किया गया।

इंदु पाराशर ने अपनी बात में कहा कि मन के मोती' में उन्होंने रचनाओं को मात्राओं में बांधने का प्रयास किया हैं वहीं 'सुनो कहानी वीडियो बुक में बच्चों के लिए भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को बखानती नीति कथाओं को कविताओं के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदान की है। यातायात के नियम में वीडियो के माध्यम से बच्चों में संस्कारित करने का प्रयास किया है।

कार्यक्रम की सूत्रधार रश्मि चौधरी एवं सरस्वती वंदना दिव्या मंडलोई ने प्रस्तुत की। शौर्य पाराशर ने कविता पाठ किया। अतिथियों का स्वागत-ऋषि शर्मा, पदमा राजेंद्र, मनीष चौहान, अंकिता पाराशर, स्मिता नायर, तनुजा चौबे, वंदना शर्मा, स्नेहलता श्रीवास्तव अमर चड्ढा आदि ने किया तथा आभार डॉ. पंकज पाराशर ने माना।

### श्री गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्पलेक्स की शेष 153 दुकानों के नये टेंडर 20 अप्रैल को होंगे जारी

विनय उजाला

**इन्दौर, नप्र।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में श्री गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्पलेक्स स्थित दुकानों के आवंटन, किराया आदि को लेकर बैठक संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों से श्री गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्पलेक्स स्थित दुकानों के आवंटन, किराया राशि जमा करने की कार्यवाही, एग्रीमेंट एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्पलेक्स स्थित दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया एवं किराया राशि जमा करने की प्रक्रिया समयावधि में पूर्ण करायें। बैठक में बताया गया कि दुकानों के लीज, एग्रीमेंट सम्पादन, किराया राशि जमा करने की अंतिम तारीख 31 मार्च थी, जिसे दुकानदारों के आग्रह पर बढ़ाकर इसे 15 अप्रैल किया गया था। अब तक मात्र 68 दुकानदारों ने ही किराया राशि लीज-एग्रीमेंट के लिए कार्यवाही की थी। नियमानुसार जिन दुकानदारों ने 15 अप्रैल तक निर्धारित राशि/ प्रीमियम राशि/ अमानत राशि/ प्रतिमाह किराया की बकाया राशि का शत-प्रतिशत भुगतान नहीं किया है, उनका आवंटन स्वमेय निरस्त माना जायेगा।

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

वरिष्ठ सं.इ.एन. (मध्य) एमएमसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 आमंत्रित करता है, सं.1. निविदा **सूचना सं. बीसीटी/25- 26/6, दिनांक: 07.04.2025. कार्य और स्थान :** (i) जोरवासन - सूरत खंड : विरार सूरत - टीआरआर (पी) - 3.416 टीकेएम और टीएसआर (पी) -9.882 टीकेएम के संबंध में ट्रैक का रखरखाव। (ii) जोरवासन - उकाई खंड : वरिष्ठ सं.इ.एन./मध्य खंड के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मानसून के पानी को बाहर निकालने के लिए स्लज डीजल पंप प्रदान करना। **कार्य की अनुमानित लागत :** 2,56,17,621.12। **ईएमडी :** 2,78,100/-। **सं.2 निविदा सूचना संख्या BCT/25-26/7, दिनांक : 07.04.2025. कार्य और स्थान :** विरार - उकाई सोंगहाद खंड : विरार से उकाई-सोंगहाद खंड के बीच ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार और 1 किमी तक कैरी डाउन प्रभाव) की आपूर्ति, स्थापना कमीशनिंग और संचालन (5 वर्ष)। **कार्य की अनुमानित लागत :** 1,92,16,458/-। **ईएमडी :** 2,46, 100/-। **दोनों निविदाओं को जमा करने की अंतिम तिथि और समय :** 13.05.2025, 15.00 बजे तक। **दोनों निविदाओं को खोलने की अंतिम तिथि और समय :** 13.05.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।
0052
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# दीपक जैन ने जैन समाज का गौरव बढ़ाया



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** बड़े ही हर्ष और गौरव की बात संपूर्ण मालवा सहित मध्यप्रदेश के साथ साथ भारत के लिए गौरव की बात है कि भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा विगत 11 एवं 12 अप्रैल को स्लोवाकिया का राजकीय दौरा किया गया राष्ट्रपति के साथ एक डेलिगेशन भारत के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के महत्वपूर्ण पदाधिकारी का भी गया था। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस डेलिगेशन में एमपी मध्य प्रदेश इंदौर से ब्लू कर्सर इन्फोटेक कंपनी के डायरेक्टर दीपक जैन सिघंई स्लोवाकिया उपस्थित रहे। यह सम्मानजनक सफलता के साथ-साथ मालवा क्षेत्र मध्य प्रदेश एवं भारत की जैन समाज के लिए हर्ष और गौरव की बात है। दद्दू ने कहा कि श्री सिंघई दीपक जैन मूल रूप से सुसनेर जन्मे है इनकी शिक्षा इंदौर में हुई है इन्होंने अल्प समय में अपनी कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी से स्थापित झूठ की ब्लू कर्सर इंफोटेक कंपनी को काफी ऊंचाई पर पहुंचाया है देश ही नहीं वरन विदेशों में भी ब्लू कर्सर इन्फोटेक का नाम भली भांति परिचित है। श्री दीपक जैन सुसनेर के प्रतिष्ठित परिवार बड़ा जीनवाले सिंघई परिवार से जैसवाल जैन समाज इंदौर के अध्यक्ष रिटायर्ड जिला परिवहन अधिकारी पी सी जैन के गौरव शाली पुत्र है। इस उपलब्धि पर इंदौर दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र कांसल हंसमुख गांधी टीके वेद सुशील पांड्या भुपेंद्र जैन एवं फेडरेशन की राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल श्रीमती मुक्ता जैन एवं संपूर्ण जैन समाज इष्ट मित्रो रिश्तेदारों सहित सैकड़ों लोगों के द्वारा श्री दीपक जैन को हार्दिक हार्दिक बधाई देते हुए इनके ओर उज्वल भविष्य की कामना की है यहां हम बता देना चाहते हे कि श्री दीपक जैन की ब्लू कर्सर इंफोटेक कंपनी इंदौर के विजयनगर में स्थापित है।

### रविवार, 20 अप्रैल, 2025 को पश्चिम रेलवे पर दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

**मुंबई (विनय उजाला)।** रेलपथ, सिगनलिंग और ओवरहेड उपकरणों के रख-रखाव हेतु शुक्रवार/शनिवार की मध्यरात्रि अर्थात 18/19 अप्रैल, 2025 की मध्यरात्रि को वसई रोड और वैतरणा स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर तीन घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अप फास्ट लाइन पर ब्लॉक 23.50 बजे से 02.50 बजे तक लिया जाएगा, जबकि डाउन फास्ट लाइन पर यह ब्लॉक 01.30 बजे से 04.30 बजे तक रहेगा। ब्लॉक के कारण ट्रेन संख्या 19101 विरार-भरूच मेमू 10 मिनट की देरी से चलेगी और इसलिए अपने निर्धारित प्रस्थान 04ः35 बजे के बजाय 04ः45 बजे विरार से प्रस्थान करेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टर कार्यालय में उपलब्ध है। इसलिए, इस रविवार, 20 अप्रैल, 2025 को पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

**पश्चिम रेलवे**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/19/2025, दिनांक : 04.04.2025**

| स.क्रं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 184 | ड्रग एल्यूटिंग कोरोनरी स्टेंट सिस्टम | 200 Nos | 12-May-25 |
| 185 | हाई टेंसिल एएआर एच टाइप टाइट लॉक कपलर की आपूर्ति। | 20 Nos | 19-May-25 |
| 186 | एमवी बोर्ड से मेसर्स फेवले मेक भाग संख्या 1/600006 OEM द्वारा प्रदान की गई स्थिति आधारित आइटम सूची। | 42 Nos | 26-May-25 |
| 187 | 6.2 मिमी मोटी कम्पोजिट ग्रुव्ड रबर सोल प्लेट | 3500000 Nos | 28-May-25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं।
0051
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला अलीराजपुर (म.प्र.)**
E-mail : sp_alirajpur@mppolice.gov.in
07394-233350, Fax : 07394-234850
क्रमांक/पुअ/अली/रनि/259/2025 अलीराजपुर, दिनांक : 15/04/2025
**:: विज्ञापन ::**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अलीराजपुर पुलिस विभाग की पुलिस लाईन अलीराजपुर में शासकीय वाहनों का अनुपयोगी 634 लीटर जला ऑयल नीलाम किया जाना है, जिसको क्रय करने हेतु बंद लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं, जो निर्धारित प्रारूप में पुलिस अधीक्षक, अलीराजपुर के नाम से बन्द लिफाफे में फर्म का नाम व सील, हस्ताक्षर सहित दिनांक 27.04.2025 तक कार्यालय रक्षित निरीक्षक, पुलिस लाईन बोरखड़ में कार्यालयीन समय में जमा करावें।
जी-11661/25
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"
पुलिस अधीक्षक
जिला अलीराजपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड शाजापुर ओल्ड कलेक्टर रोड कमला भवन, जिला शाजापुर**
दूरभाष कार्या. ( 07364 ) 292065, मो.नं. 9165607999, ई-मेल : eephedshj@mp.nic.in
विविदा विज्ञप्ति क्रमांक 3 से 6/2025-26/लेखा/का.यं./लोस्वायां./2025 शाजापुर, दिनांक : 15.04.2025
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा टेण्डर अपेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| ऑनलाईन निविदा क्रमांक | निविदा विज्ञप्ति क्रमांक | विकासखण्ड | संख्या | अनुमानित लागत रू. लाखों में | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाजापुर जिले के विभिन्न ग्रामों में हाईड्रोफेक्चरिंग का कार्य | | | | | | |
| 416773 | 3 | शाजापुर | 50 | 11.02 | 22040.00 | 2000.00 |
| 416776 | 4 | मो. बडोदिया | 50 | 11.02 | 22040.00 | 2000.00 |
| 416778 | 5 | शुजालपुर | 50 | 11.02 | 22040.00 | 2000.00 |
| 416779 | 6 | कालापीपल | 50 | 11.02 | 22040.00 | 2000.00 |
| | | | | 44.08 लाख रू. चौवालीस लाख आठ हजार | 88160.00 ( शब्दों में अठीयासी हजार एक सौ साठ ) | 8000.00 ( शब्दों में रू. आठ हजार ) |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते है। ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 25.04.2025 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है, तो वह विभाग की वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
( व्ही.एस. चौहान )
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शाजापुर
जी-11638/25
"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

### भारत विकास परिषद वर्ष 2025-26 के पदाधिकारियों एवं नवीन कार्य कारिणी का शपथ विधि समारोह संपन्न




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** भारत विकास परिषद तिलक शाखा का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया। प्रांतीय संगठन मंत्री दक्षिण प्रांत श्री अनंत अरझरे शपथ अधिकारी रहे। मुख्य अतिथि प.पू श्री बाबा साहब तराणेकर, नाना महाराज संस्थान इन्दौर,विशिष्ट अतिथि श्री श्रीरंग पेंढारकर थे।दोनो अतिथियों ने नरेटिव सेटिंग के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला।अतिथि स्वागत शरद जैन,राजेन्द्र सिंह चावडा,शक्ति सिंह शक्तावत ने किया.स्मृति चिन्ह संजय श्रीरसागर, सुनील कुलकर्णी एवं अविनाश डबीर ने भेंट किए। स्वागत उद्बोधन निवृत्तमान अध्यक्ष संजय भाटे ने दिया एवं वर्ष 2024-25 की गतिविधियों की जानकारी निवृत्तमान सचिव शिखा नागर ने प्रेषित की। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कार्य कारिणी एवं नये सदस्यों की शपथ कराने के पश्चात अपने विचार रखे। आभार नवनियुक्त सचिव आशीष नागर ने किया। कर्मठ कार्य कर्ताओं का सम्मान अमरीश पोरवाल ने किया, नये सदस्यों को पौधा वितरण श्री गजेन्द्र- रंजना जैन ने किया संचालन डॉ दीपा व्यास ने संभाला मंच व्यवस्था नवोदिता पाटनी, जयश्री डबीर, उमा वर्मा, भारती भाटे के पास थी। संयोजक अनुज-स्वीटी कोचर और मनीष-डॉ दीपा व्यास थे।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला अलीराजपुर (म.प्र.)**
E-mail : sp_alirajpur@mppolice.gov.in
07394-233350, Fax : 07394-234850
क्रमांक/पुअ/अली/रनि/256/2025 अलीराजपुर, दिनांक : 15/04/2025
**:: विज्ञापन ::**
जिला अलीराजपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पुलिस आवासीय परिसरों की साफ-सफाई, पानी सप्लाय व अन्य प्लम्बिंग एवं इलेक्ट्रिसिटी कार्यों हेतु पृथक-पृथक कोटेशन हेतु आमंत्रित किये जाते है, जो निम्नानुसार है :-

| क्रं. | आवासीय परिसर का नाम | आवश्यक सेवाएं |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस लाईन, उमराली नाका परिसर | 1. आवासीय परिसर की साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन।<br>2. जल वितरण व्यवस्था। |
| 2. | पुलिस लाईन, बोरखड़ परिसर | 3. प्लम्बिंग कार्य।<br>4. इलेक्ट्रिसिटी का कार्य (आवासीय परिसर स्ट्रीट लाईट सहित)। |

उपरोक्त आवासीय परिसरों में चार्ट में दी गई आवश्यक सेवाओं हेतु पृथक-पृथक कार्यों हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जाते है, जो पुलिस अधीक्षक, अलीराजपुर के नाम से बन्द लिफाफे में फर्म का नाम व हस्ताक्षर सहित दिनांक 27.04.2025 तक कार्यालय रक्षित निरीक्षक, पुलिस लाईन बोरखड़ में कार्यालयीन समय में जमा करावें।
जी-11637/25
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"
पुलिस अधीक्षक
जिला अलीराजपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग क्रं. 02, 13-ए शेड बारह दफ्तर जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**
**:: निविदा सूचना ::**
सूचना प्रकाश क्रमांक-03/व.ले.लि./2025-26 भोपाल, दिनांक : 11/04/2025
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | एन.आई.टी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | आफसेट वैल्यू | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_416570_1 | 03/SAC/2025-26 | प्रावाईडिंग न्यू बैट्री सेट 2 नंबर 60 केव्हीए यूपीएस इन्टालड एट अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 551837.00 | 11037.00 | 2000.00 |
| | | | योग :- | | 551837.00 | | |

**नोट :-** निविदा विक्रय दिनांक 11/04/2025 प्रातः 10.30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 29/04/2025 सायं 5.30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।
( इंजी. सुनील डेहारिया )
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.( वि./यां. ) संभाग क्रं.02 भोपाल
जी-11622/25
"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग झाबुआ (म.प्र.)**
Phone number (07392-244259) E-mail address (eeresjhabua@rediffmail.com)
क्रमांक 1114/व.ले.लि./ग्रायांसे/2025 झाबुआ, दिनांक : 15/04/2025
**:: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-01/2025-26 ::**
मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग - झाबुआ के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से क्रमशः दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | ग्रायांसे संभाग | ऑनलाईन टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (PAC) (राशि रू. में) | अमानत राशि (राशि रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू. में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | झाबुआ | 2025_RES_415825 | प्राथमिक शाला चन्द्रगढ़ | पेटलावद | 1501723 | 30034 | 2000 | 11 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम |
| 2 | झाबुआ | 2025_RES_415826 | प्राथमिक शाला सामली | पेटलावद | 1501723 | 30034 | 2000 | 11 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम |
| 3 | झाबुआ | 2025_RES_415827 | प्राथमिक शाला कोकावद | रामा | 1501723 | 30034 | 2000 | 11 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम |
| 4 | झाबुआ | 2025_RES_415828 | Additional class room for vocational classes GOVT. HSS PARVALIYA | थांदला | 1340985 | 26820 | 2000 | 11 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम |

1. **निविदा संबंधी तिथियां ( Key Dates ):-**
   1. प्रकाशन का दिनांक - 20.04.2025 10.00 बजे
   2. निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारंभ दिनांक - 21.04.2025 11.00 बजे
   3. निविदा दर प्रस्तुत करने का प्रारंभ दिनांक - 21.04.2025 12.00 बजे
   4. निविदा दर प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक - 05.05.2025 18.00 बजे
   5. निविदा तकनीकी बिड खुलने का दिनांक - 07.05.2025 समय 10.00 बजे

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग झाबुआ
जी-11644/25
"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## सम्पादकीय

### रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने बड़ा कदम

भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी-दिसानायके वार्ता में 10 से ज्यादा ठोस परिणाम निकले और सबसे महत्वपूर्ण तो यह कि दोनों देश सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग को राजी हुए हैं। बेशक, यह फैसला दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसलिए भी कि यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के करीब 35 साल बाद हुआ है। भारत के लिए मोदी का श्रीलंका दौरा इसलिए भी सफल कहा जा सकता है कि दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आश्वासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा। जब-जब पड़ोसी चीन श्रीलंका के साथ दोस्ताना होता है, तब-तब भारत की पेशानी पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। लेकिन अब श्रीलंका से स्पष्ट आश्वासन मिलने से भारत को बड़ी राहत का अहसास हुआ है। दरअसल, दोनों पड़ोसी देशों बीच ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और आत्मीयता से भरे संबंध रहे हैं, दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत है, दोनों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है, और दोनों परस्पर निर्भर कहे जा सकते हैं। दिसानायके इस बात से वाकिफ हैं। संभवतः यही कारण रहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मोदी को भी उन्होंने अपना पहला विदेशी मेहमान बनाया और उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान मित्र विभूषण' से भी नवाजा। भारत भी श्रीलंका की मित्रता को खासा तवज्जो देता है, और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका दौरा था। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो या हाल में आया आर्थिक संकट हो, हर कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। श्रीलंका हमारी पड़ोसी पहले' नीति और महासागर' दृष्टिकोण से भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। अलबत्ता, श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं और भारतीय मछुआरों के श्रीलंका के जल क्षेत्र में पकड़े जाने जैसे विवादास्पद मुद्दे हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में भी दोनों पड़ोसी देश सफल होंगे।

## सुविचार

इंसानियत याद रखो हैसियत नहीं,
सब कुछ यहीं धरा रह जाना है।
- राजेश उदावत, इंदौर

त्याग के बिना कुछ भी पाना संभव नहीं है,
क्योंकि सांस लेने के लिए भी सांस छोड़नी पड़ती है।
- कपिल करहे, सनावद

जिस इंसान के पास समाधान करने की
शक्ति जितनी ज्यादा होती है, उसके सम्बन्धों
का दायरा उतना ही विशाल होता है।
- विनोद पाण्डेय, इंदौर

जीवन किसी से बंधा नहीं है, बंधी होती है
भावनाएं आशाएं उम्मीदें भरोसा।
- ताहिर अली, भोपाल

खुशियों में वो लोग शामिल होते हैं,
जिन्हें आप चाहते हैं और दुःख में वो लोग
शामिल होते हैं, जो आपको चाहते हैं।
- मनीषा साहू, इंदौर

## ना समझा करों गरीब...!

खुद को ना समझा करों गरीब
क्योंकि तुम हो बहुत ही शरीफ।
तुम्हें कभी पर्याप्त नहीं मिलता,
कम हैं कमाई संतोष है खिलता।
ना किया करों गरीबी का ऐलान,
ईश्वर-अल्लाह सभी हैं मेहरबान।
खुद को ना समझा करों गरीब,
क्योंकि तुम हो बहुत ही शरीफ।
बताओ तुम्हारे पास क्या नहीं है,
इस जिन्दगी का एहसास नहीं है।
सांस ले रहें हो ये पर्याप्त नहीं है,
मांगकर ना लेना भाग्य में नहीं है।
खुद को ना समझा करों गरीब,
क्योंकि तुम हो बहुत ही शरीफ।
वह आदत छोड़ो कि पीड़ित हो,
सबसे बड़ी नेमत हैं जीवित हो।
तुम सिर्फ खुद से ही रूठें हुए हो,
मानसिक स्थिति बदलों डटे रहो।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्यप्रदेश)

## सी एम राइज अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 की छात्राओं ने नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। नगर के प्रतिष्ठित शासकीय विद्यालय सी एम राइज अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 की छात्राओं ने राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया।**

नेशनल मीन्स -कम -मेरिट स्कॉलरशिप (NMMS) को भारत की केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित किया जाता है। इसमें कक्षा 9-12 तक के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। हर छात्र को कक्षा नवीं से कक्षा बारहवीं तक प्रति वर्ष रु. 12 हजार छात्रवृत्ति प्राप्त होती है।

संस्था सी एम राइज ने चयनित हुई छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया व इस अवसर पर प्राचार्य श्री रमेश कुमार सेन ने अपने उद्बोधन में छात्राओं एवं उनके अभिभावकों सहित मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक ही संस्था से सात छात्राओं का चयन इस छात्रवृत्ति योजना में चयन होना हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

उप प्राचार्य श्री विपिन कुमार जैन ने इस अवसर पर कहा कि हमारी संस्था छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।

संस्था की कक्षा आठवीं की 1) आयुषी लोखंडे 2) भाविनी प्रजापत 3) चेतना देशमुख 4) प्रियांशी पाल 5) लक्षिता त्रिवेदी 6) कनिका वर्मा एवं 7) पूर्णिमा जायसवाल ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

हालांकि दाउद भारत को तभी सौंपा जा सकता है जब भारत-पाकिस्तान के बीच प्रत्यर्पण संधि हो और पाकिस्तान यह स्वीकार करे कि दाउद उसकी पनाह में है। लगता नहीं है कि पाकिस्तान यह स्वीकार करेगा? क्योंकि वह भारत की सर्जिकल स्ट्राइक को देख चुका है,वह भी एक बार नहीं दो-दो बार।

# सियासी सर्जिकल स्ट्राइक के दौर में क्या सुलझेगी दाऊद की पहेली?

मनोज वार्ष्णेय



मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का भारत को अमेरिका का प्रत्यर्पण और तेरह हजार करोड़ रूपये के बैंक घोटाले के केन्द्रबिन्दु मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी के बाद से सोशल मीडिया और गली-नुक्कड़ की बहसों का केन्द्र फिर से भारत के लिए पहेली बना दाउद इब्राहिम बन गया है। तहव्वुर राणा का भारत को प्रत्यर्पण ऐसे समय में हुआ है जब पूरी दुनिया राजनैतिक-आर्थिक उथल-पुथल से गुजर रही है। दाउद की गिरफ्तारी और उसका भारत आना एक ऐसा मुद्दा है जिस पर उसकी फरारी के बाद से ही लगातार बात होती रही है। जब कभी यह मुद्दा ज्यादा जोर पकड़ता है तो पाकिस्तान से एक अफवाह उड़ती है कि दाउद बहुत बीमार है,दाउद को उसके विरोधियों ने जहर दे दिया,दाउद की मौत हो चुकी है और उसका गिरोह किसी और के द्वारा चलाया जा रहा है,दाउद पाकिस्तान से दुबई भाग गया है आदि-आदि। अब जब तहव्वुर राणा भारत की जेल में भारतीय अधिकारियों के सामने अपराधी की तरह बैठकर भी अपना अपराध स्वीकार नहीं कर रहा है तथा अपने आका का नाम नहीं बता रहा है तब दाउद की आतंकी गतिविधियों के शिकार लोगों के परिवारों के साथ ही विपक्षी भी यह कह रहे हैं कि क्या अमेरिका दबाव बनाकर दाउद को भारत को दिलावाएगा या फिर तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण महज एक राजनैतिक सर्जिकल स्ट्राइक बनकर रह जाएगा?

दाउद इब्राहिम पूरी दुनिया के लिए एक पहेली बना हुआ है। उसका सरपरस्त पाकिस्तान इसे सुलझने नहीं देना चाहता। इस हालात में भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिकी राष्ट्रपति की दुनिया के खास देशों के बीच तनातनी में दाउद के प्रत्यर्पण की मांग को तीन नजरिए से देखना होगा। पहला यह कि टैरिफ बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ऐसा दांव है जिसमें वह खुद ही घिर गए हैं और उससे उबरने के लिए वह रोज नए दांव चल रहे हैं। चूंकि ट्रंप जानते हैं कि भारत इस समय आर्थिक-राजनैतिक दृष्टिकोण से ही नहीं हर तरह से इतना मजबूत हो गया है कि उसके बिना अब कोई भी देश खुद को संशय में घिरा पाता है। ऐसी स्थिति में भारत को अपने पक्ष में करने के लिए तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण एक दांव हो सकता है जो ट्रंप को भारत के अधिक नजदीक लाए,वह भी ऐसी स्थिति में जिसमें चीन या दूसरे अमेरिका विरोधी देश भारत को आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। भारत के लिए यह अवसर एक ऐसा मौका हो सकता है जिसमें वह ट्रंप पर दबाव बनाए कि वह पाकिस्तान को दाउद को भारत को सौंपने के लिए कहें? वैसे ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में कह चुके हैं कि वह भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत में मध्यस्थ बनने को तैयार हैं। हालांकि दाउद भारत को तभी सौंपा जा सकता है जब भारत-पाकिस्तान के बीच प्रत्यर्पण संधि हो और पाकिस्तान यह स्वीकार करे कि दाउद उसकी पनाह में है। लगता नहीं है कि पाकिस्तान यह स्वीकार करेगा? क्योंकि वह भारत की सर्जिकल स्ट्राइक को देख चुका है,वह भी एक बार नहीं दो-दो बार।



### दाउद के प्रत्यर्पण का दूसरा पहलू

यह है कि भारत में इस समय औरंगजेब की कब्र,वक्फ की जमीनों का मुद्दा तथा यूसीसी के मामले में उलझा हुआ है। बंगाल में ताजी हिंसा ने इसे और बढ़ाया है। तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोई ऐसा दांव चलें जिससे अमेरिका पाकिस्तान को कहे कि वह दाउद के मामले में स्पष्ट करे कि वह कहां है और उसे भारत को प्रत्यारोपित करेगा या नहीं? विदेश मामलों के जानकार तथा राजनैतिक विशलेषक तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को एक राजनैतिक सर्जिकल स्ट्राइक मान रहे हैं। राजनैतिक सर्जिकल स्ट्राइक में विरोधियों पर सटीक और प्रभावी तरीके से हमला होता है जिससे स्ट्राइक करने वाले को अधिकतम लाभ मिलता है। निसंदेह राणा का प्रत्यर्पण भाजपा और मोदी के लिए एक ऐसी ही स्ट्राइक है। विपक्ष भले ही यह गिनाए कि यह उसके प्रयासों का परिणाम है लेकिन सर्वविदित है कि मोदी और ट्रंप की जब साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी तो उसमें श्री मोदी ने यह अपील की थी कि आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए मुंबई हमले के आरोपी को भारत को प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। ट्रंप की सहमति के बाद यह योजना अमल हो सकी। इन हालातों में भारत को और अधिक अपने नजदीक लाने के लिए ट्रंप कोई ऐसा दांव चलेंगे या फिर पाकिस्तान,जो इस समय अपनी समस्याओं से लडखड़ा रहा है वह भारत को कोई संतुष्टिपूर्ण उत्तर देगा।

### दाउद पर कोई पक्की सूचना तो हो?

दूसरे आरोपियों जो भारत से फरार हैं और दूसरे देशों में रह रहे हैं उनके मुकाबले दाउद का भारत आना अत्याधिक महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि फरार आरोपियों में से अधिकांश आर्थिक अपराधी हैं। चाहे वह विजय माल्या हो,नीरव मोदी हो,नितिन और चेतन संदेसरा हो या फिर संदीप जालान हों। इसके पीछे जो बात है वह यह कि कोई भी देश या व्यक्ति आर्थिक रूप से कितनी भी हानि उठा ले लेकिन एक न एक दिन उससे उभर जाता है जबकि मानवीय क्षति ऐसी क्षति है जिससे ताउम्र उभरना मुश्किल होता है। दाउद यही अधिकतम मानवीय क्षति पहुंचाने वाला अपराधी है।

दाउद का भारत आना तभी पक्का हो सकता है जब यह तय हो जाए कि वह पाकिस्तान में है या फिर दुबई चला गया है या कहीं और है? दाउद का रहस्य कितना गहरा है इसका अंदाज इसी से लग सकता है कि आज तक उसका मीडिया में कोई नया फोटो नहीं आया है जिसे तय तौर पर कहा जाए कि यह दाउद ही है। जब हम उसका फोटो तक नहीं पा सके हैं तो यह कह पाना सरल नहीं है कि वह कराची में है या लाहौर में या फिर कनाडा या उसके जैसे किसी देश में चला गया है जहां से वह अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है। इन हालात में दाउद नामक पहेली सुलझना उतना ही मुश्किल नजर आ रहा है जितना कि यह कह पाना कि भारत से भागे आर्थिक-सामाजिक-अपराधिक आरोपी भारत में कब तक आएंगे। यूं दाउद, पाकिस्तान के लिए तुरूप का पत्ता है जो वह कभी भी भारत को सौंपना नहीं चाहेगा।

(लेखक राजस्थान से प्रकाशित नवज्योति के पूर्व साहित्य संपादक हैं)

# आओ दौड़ें एक बेहतर कल के लिए — जहां हो स्वच्छ पर्यावरण

पर्यावरण शब्द सुनते ही हमारे मन में हरियाली, नदियाँ, पर्वत, आकाश, वायु और वन्यजीवों की छवि उभरती है। वास्तव में पर्यावरण वह सम्पूर्ण प्राकृतिक परिवेश है, जिसमें हम जीते हैं और जो हमारे जीवन को सीधे रूप से प्रभावित करता है। जल, वायु, भूमि, पौधे, पशु-पक्षी, सूर्य की किरणें, तापमान, मौसम — ये सब पर्यावरण के घटक हैं। आज जब पूरी दुनिया प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक असंतुलन से जूझ रही है, तब पर्यावरण की रक्षा और संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

### पर्यावरण का महत्व

पर्यावरण केवल हमारे चारों ओर की प्राकृतिक वस्तुएँ नहीं हैं, बल्कि यह हमारे अस्तित्व का आधार है।

जीवन के लिए आवश्यक तत्व: वायु, जल और भूमि के बिना जीवन संभव नहीं है।

खाद्य और संसाधन का स्रोत: पेड़-पौधे, मिट्टी, नदियाँ और खनिज संसाधन हमें भोजन, जल, कपड़े, औषधियाँ और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

जलवायु और मौसम का नियंत्रण: वृक्ष और महासागर पृथ्वी के तापमान को संतुलित रखते हैं और वर्षा के चक्र को बनाए रखते हैं।

जैव विविधता का संरक्षण: एक संतुलित पर्यावरण विभिन्न जीव-जंतुओं और पौधों को सहअस्तित्व का अवसर देता है, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन बना रहता है।

### पर्यावरण को संकट क्यों?

विकास की अंधी दौड़, औद्योगीकरण और उपभोगवाद ने पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचाया है।

वायु प्रदूषण: फैक्ट्रियों, वाहनों और धुएँ के कारण हवा विषैली हो रही है।

जल प्रदूषण: नदियों और समुद्रों में कचरा, रसायन और प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग।

वनों की कटाई: हरित क्षेत्र घटने से जैव विविधता पर खतरा।



### मैराथन दिनांक 20 अप्रैल 2025 को प्रात: 6.30 बजे नेहरु स्टेडियम से

भूमि क्षरण और मृदा प्रदूषण: कीटनाशकों, प्लास्टिक और कचरे से भूमि बंजर हो रही है।

जलवायु परिवर्तन: ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण बर्फ पिघल रही है, समुद्र स्तर बढ़ रहा है और मौसम असामान्य हो रहा है।

### पर्यावरण संरक्षण के उपाय

वृक्षारोपण करें: पेड़ लगाना सबसे सरल और प्रभावी उपाय है।

प्लास्टिक का प्रयोग कम करें: पुन: उपयोग और रिसाइकल को बढ़ावा दें।

जल संरक्षण करें: नलों को टपकने से रोकें, वर्षा जल संचयन अपनाएँ।

ऊर्जा की बचत करें: बिजली, पेट्रोल और गैस का समझदारी से प्रयोग करें।

शाकाहार अपनाएँ: पशुपालन से निकलने वाली गैसें पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती हैं। शाकाहार पर्यावरण के अनुकूल है।

सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करें: निजी वाहनों के बजाय बस, ट्रेन, साइकिल आदि का प्रयोग करें।

जागरूकता फैलाएँ: पर्यावरण शिक्षा और जनसहभागिता से ही व्यापक बदलाव संभव है।

### भारत और पर्यावरण

भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के प्रति सम्मान और पूजा की भावना रही है। वृक्षों को देवता माना गया, नदियों को माँ का दर्जा दिया गया। प्राचीन ग्रंथों में 'पृथ्वी को न हानि पहुँचाने' का उपदेश मिलता है। आज समय है कि हम अपनी उसी विरासत को पुन: अपनाएँ।

**निष्कर्ष** : पर्यावरण हमारी जीवनरेखा है। यदि हम इसे बचाएँगे, तो यह हमें जीवन देगा। यदि हमने इसे नष्ट किया, तो हमारा भविष्य भी अंधकारमय होगा। यह केवल सरकार या कुछ संगठनों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। छोटे-छोटे प्रयासों से भी बड़ा बदलाव संभव है।

**संदेश** : धरती बचाइए, जीवन बचाइए। पर्यावरण की रक्षा, हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है।



दैनिक विनय उजाला
वीरेन्द्र कुमार जैन
पर्यावरणविद एवं
संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष
अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल
ग्रुप्स फेडरेशन

# पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों के समय में परिवर्तन

विनय उजाला




**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार से चलने वाली कुछ ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है। इनका विवरण नीचे दिया गया है:-

**1. ट्रेन संख्या 19255 सूरत-महुवा एक्सप्रेस- 20 अप्रैल, 2025 से प्रभावी** : ट्रेन संख्या 19255 सूरत-महुवा एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब यह ट्रेन सूरत से 22:00 बजे के बजाय 21:30 बजे प्रस्थान करेगी और महुवा 10:05 बजे के बजाय 09:40 बजे पहुंचेगी।

**2. ट्रेन संख्या 12903 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल - 20 अप्रैल, 2025 से प्रभावी** : ट्रेन संख्या 12903 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन का वडोदरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 23:39/23:49 बजे के बजाय 23:34/23:44 बजे होगा।

**3. ट्रेन संख्या 20949 अहमदाबाद-एकतानगर जन शताब्दी एक्सप्रेस** : ट्रेन संख्या 20949 अहमदाबाद-एकतानगर जन शताब्दी एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन वडोदरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 16.46/16.49 बजे के बजाय 16.43/16.46 बजे होगा। (यह ट्रेन अगले आदेश तक अस्थायी रूप से निरस्त की गई है)

**4. ट्रेन संख्या 19007 सूरत-भुसावल पैसेंजर - 20 अप्रैल, 2025 से प्रभावी** : ट्रेन संख्या 19007 सूरत-भुसावल पैसेंजर का समय परिवर्तित किया गया है। अब यह ट्रेन सूरत से 17:10 बजे के बजाय 17.00 बजे प्रस्थान करेगी। (यह ट्रेन वर्तमान में अगले आदेश तक सूरत के बजाय उधना से प्रस्थान करती है)

**5. ट्रेन संख्या 69169 सूरत-नंदुरबार मेमू - 20 अप्रैल, 2025 से प्रभावी** : ट्रेन संख्या 69169 सूरत-नंदुरबार मेमू का समय परिवर्तित किया गया है। अब यह ट्रेन सूरत से 18.15 बजे के बजाय 18.10 बजे प्रस्थान करेगी। (यह ट्रेन वर्तमान में अगले आदेश तक सूरत के बजाय उधना से प्रस्थान करती है)

**6. ट्रेन संख्या 22967 अहमदाबाद-प्रयागराज एक्सप्रेस - 24 अप्रैल, 2025 से प्रभावी** : ट्रेन संख्या 22967 अहमदाबाद-प्रयागराज एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन का नंदुरबार स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 22.45/22.50 बजे के बजाय 22.50/22.55 बजे होगा।

**7. ट्रेन संख्या 20929 उधना-बनारस एक्सप्रेस - 25 अप्रैल, 2025 से प्रभावी** : ट्रेन संख्या 20929 उधना-बनारस एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन का नंदुरबार स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 22.45/22.50 बजे के बजाय 22.50/22.55 बजे होगा।

विस्तृत जानकारी तथा मध्यवर्ती स्टेशनों के बीच ट्रेनों के ठहराव समय की जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## अल्फ़ाज़

### आपके अल्फ़ाज़ से किसी को ठेस पहुँच जाना कितना आसान है

इंसान की ज़बान से निकले अल्फ़ाज़ महज़ हर्फ़ नहीं होते, ये एहसासात, जज़्बात और दिल की कैफ़ियत का बयान होते हैं। यही अल्फ़ाज़ कभी मरहम बन जाते हैं और कभी नासूर। किसी को ठेस पहुँचाना जितना आसान है, उतना ही मुश्किल है उस तकलीफ़ को मिटाना।




**अल्फ़ाज़ की तासीर** : अल्फ़ाज़ में वो कूवत होती है जो ज़ख़्म दिए बग़ैर दिल चीर देती है। एक नर्म लहजा किसी की टूटी उम्मीदों को फिर से जोड़ सकता है, तो वहीं सख़्त और बेपरवाह लफ़्ज़ किसी को अंदर तक तोड़ सकते हैं। कभी-कभी हमारी बेजा बातों से ऐसा दर्द पहुँचता है जो सामने वाला ज़ुबां से बयां नहीं कर पाता, बस अपने अंदर समेट लेता है।

**ग़ैर इरादी तक़लीफ़** : अक्सर हम जाने-अनजाने में ऐसे जुमले कह जाते हैं जो सामने वाले की ख़ुद्दारी, उसके एहसास या ज़ाती ज़िंदगी को चोट पहुँचा देते हैं। हमें लगता है कि हमने तो बस मज़ाक किया, लेकिन शायद उस मज़ाक ने उसके दिल में पुराना ज़ख़्म ताज़ा कर दिया हो।

**हुस्न-ए-बयान की अहमियत** : हर शख़्स की सहनशक्ति और जज़्बाती कैफियत अलग होती है। जो बात हमें मामूली लगे, वो किसी और के लिए बहुत गहरा असर रखती हो सकती है। इसलिए ये ज़रूरी है कि हम अपने अल्फ़ाज़ में नरमी और लिहाज़ रखें। गुफ़्तगू में शराफ़त, अदब और तहज़ीब का होना बेहद अहम है।

**ख़ामोशी का फ़न** : कई बार ख़ामोशी सबसे बेहतर जवाब होती है। जब बात बिगड़ने लगे, जज़्बात क़ाबू से बाहर हों, तो चुप रह जाना बेहतर होता है। क्योंकि जो लफ़्ज़ एक बार ज़ुबां से निकल जाए, वो वापस नहीं आता और कभी-कभी वो किसी के दिल में उम्रभर का दर्द छोड़ जाता है।

**नतीजा** : अल्फ़ाज़ की दुनिया में बहुत एहतियात की ज़रूरत है। हमारी एक बात किसी की रूह को सुकून दे सकती है और वही बात उसे तन्हाई में डुबो भी सकती है। इसलिए सोच-समझ कर बोलिए, क्योंकि अल्फ़ाज़ का असर कभी-कभी ज़िंदगी भर साथ चलता है।

दैनिक विनय उजाला
अशरफ गौरी

फडणवीस सरकार का बड़ा फैसला

# कक्षा 1-5 के लिए हिंदी अनिवार्य तीसरी भाषा; मनसे ने जताया ऐतराज

मुंबई, एजेंसी

**महाराष्ट्र सरकार ने फैसला किया है कि राज्य भर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य होगा। यह दो भाषाओं के अध्ययन की प्रथा से अलग है। वहीं राज्य की राजनीतिक दल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सरकार के इस फैसले की निंदा की है। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी इस फैसले का कड़ा विरोध करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसे लागू न किया जाए।**

### क्यों लागू किया गया ये नियम?

कक्षा 1 से 5 के लिए तीन-भाषा फॉर्मूला राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत नए पाठ्यक्रम कार्यान्वयन का एक हिस्सा है। राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूली शिक्षा के लिए एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुसार तैयार किए गए नए पाठ्यक्रम ढांचे के चरणबद्ध कार्यान्वयन की योजना घोषित की है।

### महाराष्ट्र पर दूसरे क्षेत्र की भाषा क्यों थोप रहें- राज

राज ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मनसे इस फैसले को बर्दाश्त नहीं करेगी। हम केंद्र सरकार के हर चीज को हिंदीकृत करने के मौजूदा प्रयासों को इस राज्य में सफल नहीं होने देंगे। हिंदी कोई राष्ट्रीय भाषा नहीं है। यह देश की अन्य भाषाओं की तरह एक राज्य की भाषा है। इसे महाराष्ट्र में शुरू से ही क्यों पढ़ाया जाना चाहिए? आपका त्रिभाषी फॉर्मूला जो भी हो, उसे सरकारी मामलों तक सीमित रखें, इसे शिक्षा में न लाएं। मनसे प्रमुख ने कहा, आपने महाराष्ट्र पर दूसरे क्षेत्र की भाषा क्यों थोपना शुरू कर दिया है? भाषाई क्षेत्रीयकरण के मूल सिद्धांत को कमजोर किया जा रहा है।



### कांग्रेस ने की राज्य सरकार की आलोचना

वहीं कांग्रेस ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह कदम हिंदी थोपने के समान है। वर्तमान में, इन स्कूलों में कक्षा 1 से 4 तक केवल मराठी और अंग्रेजी को अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि यह कदम मराठी अस्मिता के खिलाफ है। वडेट्टीवार ने कहा, अगर हिंदी वैकल्पिक भाषा होती तो कोई समस्या नहीं होती। लेकिन इसे अनिवार्य बनाने से मराठी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। क्या हम मध्य प्रदेश या उत्तर प्रदेश में मराठी को तीसरी भाषा के रूप में मांग सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भाषाई पुनर्गठन से बने हैं। स्थानीय भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और हिंदी को वैकल्पिक बनाया जाना चाहिए।

### आज भाषा कल अन्य फतवे करेंगे जारी- राज

उन्होंने आगे कहा, हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदी नहीं हैं! अगर आप महाराष्ट्र को हिंदी के रूप में चित्रित करने की कोशिश करेंगे, तो महाराष्ट्र में संघर्ष होना तय है। मनसे प्रमुख ने आश्चर्य जताया कि महाराष्ट्र पर हिंदी क्यों थोपी जा रही है। उन्होंने कहा, क्या आप दक्षिणी राज्य में हिंदी थोपेंगे? अगर आप ऐसा करेंगे, तो वहां की सरकारें नाराज हो जाएंगी। मनसे प्रमुख ने कहा, आज वे हम पर भाषाएं थोप रहे हैं, कल वे ऐसे अन्य फतवे जारी करेंगे।

### अगले साल से लागू होगा नियम

सरकारी संकल्प (जीआर) के अनुसार, अगले शैक्षणिक वर्ष से कक्षा 1 से 5 तक तीसरी भाषा के रूप में हिंदी अनिवार्य होगी। एनईपी के अनुसार नया पाठ्यक्रम 2025-26 में कक्षा 1 के लिए लागू किया जाएगा। जीआर ने कहा कि कक्षा 2, 3, 4 और 6 के लिए नीति 2026-27 में, कक्षा 5, 9 और 11 के लिए 2027-28 से और कक्षा 8, 10 और 12 के लिए 2028-29 से लागू की जाएगी। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के अलावा राज्य के सभी स्कूल वर्तमान में तीन-भाषा फार्मूले का पालन कर रहे हैं। जीआर ने कहा कि ऐसे स्कूलों में माध्यम की भाषा अंग्रेजी और मराठी पढ़ाई जाएगी। कक्षा छह से दस तक के लिए भाषा नीति राज्य पाठ्यक्रम के अनुसार होगी।

## शैव-वैष्णव टिप्पणी पर फंसे मंत्री पोनमुडी, हाईकोर्ट ने पुलिस को दिया एफआईआर दर्ज करने का सख्त निर्देश

चेन्नई

**तमिलनाडु के वन मंत्री के. पोनमुडी की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। विवादास्पद टिप्पणी मामले में मद्रास उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।**

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने कहा कि यदि पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है, तो कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि अब न्यायालय ने खुद मामले को संज्ञान में लिया है। भले ही कोई शिकायत न हो, पुलिस को



एफआईआर दर्ज करनी ही होगी और जांच आगे बढ़ानी होगी।

ये मामला हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुआ था। जहां तमिलनाडु के वन मंत्री के पोनमुडी ने शैव-वैष्णव परंपरा को लेकर एक सेक्स वर्कर का उदाहरण देते हुए आपत्तिजनक बयान दिया था, जिसके बाद

### बढ़ते विरोध के बीच स्टालिन ने भी उठाया कदम

पोनमुडी की टिप्पणी से उनकी अपनी पार्टी डीएमके भी असहज हो गई। पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उन्हें डीएमके उप महासचिव के पद से हटा दिया। पार्टी सांसद कनिमोझी ने भी उनके बयान की आलोचना की थी। हालांकि की बाद में पोनमुडी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी, लेकिन विवाद थम नहीं सका।

राज्यभर में पोनमुडी की तीखी आलोचना शुरू हो गई। पार्टी ने भी विरोध बढ़ता देख उन्हें डीएमके उप महासचिव के पद से हटा दिया। बता दें कि हाईकोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को करेगा।

वायरल हो रहे वीडियो में पोनमुडी को यह कहते हुए सुना गया है कि महिलाएं, कृपया गलतफहमी न पालें। इसके बाद वह एक चुटकुला सुनाते हुए वह कहते हैं, एक व्यक्ति सेक्स वर्कर के पासा जाता है। फिर वह उस व्यक्ति से पूछती है कि वह शैव है या वैष्णव। जब आदमी को समझ में नहीं आता, तो सेक्स वर्कर पूछती है कि क्या वह पट्टई (क्षैतिज तिलक, जो शैव धर्म से जुड़ा है) या नामम (लंबवत तिलक, जो वैष्णव धर्म से जुड़ा है) लगाता है।

## दो बड़ी खापों का नाम लेकर बोले भाकियू प्रवक्ता, फूट डालने की रची जा रही साजिश

मुजफ्फरनगर

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि कुछ लोग बालियान और गठवाला खाप के बीच विवाद पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। समाज ऐसे लोगों को सफल नहीं होने देगा। वर्तमान में किसान बारूद के ढेर पर हैं। संगठन के बिना किसान कमजोर होगा। गांव-गांव कमेटी बनाकर संगठन मजबूत करना होगा।

किसान भवन पर आयोजित मासिक पंचायत में भाकिय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने



कहा कि किसानों के सामने बड़ी समस्याएं हैं, संगठन को मजबूत करके ही कार्य किया जा सकता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि संगठन में लोग आते-जाते रहते हैं। जो लोग भाकियू की विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उनकी संगठन में भी कोई जरूरत नहीं है। भाकियू हमेशा किसानों के हित की लड़ाई लड़ती रहेगी। जो संगठन संयुक्त मोर्चा के विधान को नहीं मानता, मोर्चा भी उससे कोई संबंध नहीं रखता। उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य भुगतान किसानों की बड़ी समस्या है। छत्तीसगढ़ में जंगल काटे जा रहे हैं, वहां सरकार धान के रेट अधिक दे रही है।

एआई का कमाल : हाईटेक सियासी मैदान

## नासिक में गूंजी बाला साहेब की आवाज, उद्धव गुट को बाल ठाकरे ने किया संबोधित

नासिक, एजेंसी

**भाजपा प्रमुख बावनकुले ने शिवसेना (यूबीटी) के इस कदम को नाटक बताया। एक्स पर एक पोस्ट में बावनकुले ने इसे बचकाना स्टंट कहा। बावनकुले ने कहा, शर्मनाक! जब कोई उनकी आवाज नहीं सुन रहा है, तो केवल यूबीटी जैसा गुट ही आदरणीय शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की आवाज में अपनी बात कहने का बचकाना काम कर सकता है।**

शिवसेना (यूबीटी) ने विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाना तेज कर दिया है। इसके लिए पार्टी ने अपने संस्थापक बाल ठाकरे का सहारा लिया है। पार्टी ने बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब जैसी आवाज निकाली। भाषण में भाजपा और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली मौजूदा शिवसेना पर हमला बोला गया। हालांकि, राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इसे बचकाना स्टंट बताया।

बाल ठाकरे जैसी तेज आवाज वाले करीब 13 मिनट के भाषण की शुरुआत उनकी खास शुरुआती पंक्ति जामलेय माझ्या तमाम हिंदू बांधवणु, बाघिनिनो आणि मतनो (यहां एकत्र हुए मेरे हिंदू भाइयों, बहनों और माताओं को नमस्कार) से हुई। उत्तर महाराष्ट्र के नासिक में शिवसेना (यूबीटी) की एक सभा में इसे प्रसारित किया गया। शिवसेना (यूबीटी) के मुताबिक, इस भाषण में वही बातें कहने की कोशिश की गई,



### भविष्य की रैलियों में इस रणनीति का इस्तेमाल

यह पहली बार है जब शिवसेना संस्थापक के भाषण का इस्तेमाल उनके बेटे की पार्टी ने अपने विरोधियों पर निशाना साधने के लिए किया। पार्टी भविष्य की रैलियों में इस रणनीति का इस्तेमाल कर सकती है, क्योंकि उद्धव ठाकरे अपने राजनीतिक जीवन के अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर का सामना कर रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) इस साल होने वाले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए भी कमर कस रही है।

जो बाल ठाकरे जीवित होते तो कहते। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की ओर से लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा और शिंदे की पार्टी पर किए गए हमलों जैसा लग रहा था। एआई के भाषण में बाल ठाकरे के हाव-भाव और लहजे को भी पकड़ने की कोशिश की गई।

## भाजपा ने रॉबर्ट वाड्रा को बताया भू-माफिया, गांधी परिवार को बताया जन्मजात भ्रष्ट



नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला और कहा कि गांधी परिवार जन्मजात तौर पर भ्रष्ट है। गौरतलब है कि गुरुग्राम जमीन मामले में ईडी ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की।

भाजपा नेता गौरव भाटिया ने रॉबर्ट वाड्रा को भू-माफिया बताया। मीडिया से बात करते हुए गौरव भाटिया ने रॉबर्ट वाड्रा पर आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों की जमीन हड़पी। उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि वे नेशनल हेराल्ड मामले में शामिल हैं। साथ ही कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े होने का आरोप लगाया। दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया। भाटिया ने कहा कि क्या इस परिवार ने कसम खाई है कि ये जहां भी जाएंगे, वहां भारत को और किसानों की जमीनों को लूटेंगे? ये लोग नहीं चाहते कि कोई इनसे सवाल भी पूछे।

## बंगाल की मैडम कुछ नहीं कर रहीं, हिंसा पर प्रदीप मिश्रा का सीएम ममता पर हमला

सीहोर

**मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

दरअसल, राजस्थान के चूरू जिले में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव पुराण कथा सुना रहे हैं। रतनगढ़ के श्री नंदीशाला में आयोजित कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि सनातन से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं है, जो धर्म इतना प्रफुल्लित और आनंदित करता हो। उन्होंने कहा कि बंगाल में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, इन घटनाओं को देखकर मन बहुत दुखी हो रहा है। एक वह मैडम हैं, मुख्यमंत्री हैं बंगाल की, जो यह सब देख रही हैं। उसकी बुद्धि सही



करने के लिए एक शिव महापुराण की कथा बंगाल में भी करनी पड़ेगी, तभी उसकी बुद्धि सही होगी। पंडित मिश्रा ने कहा कि राजस्थान के लोगों से बंगाल के लोगों को सीख लेनी चाहिए। रतनगढ़ की धरती पर छोटे से छोटा बच्चा सेवा भाव लेकर काम कर रहा है और एक वह बंगाल की मैडम हैं, जो सब कुछ जानते हुए भी कुछ नहीं कर रही हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री को राजस्थान की धूल का तिलक लगाना चाहिए, तभी उन्हें सेवा भाव का अहसास होगा।

### कल मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी सीएम ममता; शिक्षकों से अपील- चिंता न करें, जल्द समस्या का समाधान होगा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कल हिंसा-प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी। इसकी जानकारी देते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम ममता ने कहा कि, राज्य सरकार हिंसा पीड़ितों का घर बनवाएगी। उन्होंने कहा कि- मुर्शिदाबाद में फैली हिंसा की जांच के लिए एसआईटी का भी गठन कर दिया गया है। सीएम ने आगे बताया कि, फिलहाल स्थानीय प्रशासन वहां (मुर्शिदाबाद) के लोगों का विश्वास हासिल करने की कोशिश कर रहा है। वहीं इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दावा है कि गृह मंत्रालय विदेशों से बंगाल में अवैध रूप से घुसने करने वालों का ब्योरा साझा नहीं कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, इस मामले में बीएसएफ की जवाबदेही होनी चाहिए क्योंकि उसका अधिकार क्षेत्र सीमा से 50 किलोमीटर तक बढ़ा दिया गया है।

ये सुधार नहीं, अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला

## वक्फ कानून पर कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

नई दिल्ली

**कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन अधिनियम पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने कहा कि यह कानून न सिर्फ कानून की दृष्टि से गलत है, बल्कि नैतिक रूप से भी कमजोर है और यह संविधान की आत्मा पर हमला करता है।**

कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार इसे 'सुधार' बता रही है, लेकिन यह वास्तव में अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला है। उन्होंने कहा कि यह सुधार नहीं, बल्कि बदले की भावना से लाया गया कानून है, जिसे रणनीति के तहत लागू किया गया है।

साथ ही सिंघवी ने आरोप लगाया कि यह कानून धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म करने और उन्हें सरकारी नियंत्रण में लाने की कोशिश है। उन्होंने कहा, धार्मिक आज़ादी को सरकारी प्रोटोकॉल में बदला जा रहा है। सामुदायिक अधिकारों को नौकरशाही की कलम से फिर से लिखा जा रहा है।



### कांग्रेस कानून के खिलाफ जारी रखेगी लड़ाई- सिंघवी

उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून किसी एक समुदाय का मामला नहीं है, बल्कि संविधान के मूल अधिकारों की सुरक्षा का मामला है। सिंघवी ने कहा कि आज वक्फ है, कल कोई और संस्था होगी। यह अधिनियम धार्मिक स्वतंत्रता की आत्मा को मारता है। साथ ही अंत में सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कानून के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी और इसे अदालत में चुनौती देती रहेगी। उन्होंने दोहराया कि यह देश के भविष्य और संविधान की रक्षा की लड़ाई है, जिसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

## हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ विहिप करेगा राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन, राष्ट्रपति शासन लगाने की करेंगे मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के भले ही खिलाफ हो, लेकिन आरएसएस के सहयोगी संगठन (विहिप) चाहते हैं कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रही हिंसा पर लगाम लगाने के लिए राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिए।

विश्व हिंदू परिषद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद समेत अलग-अलग जगहों पर हिंदुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ 19 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करेगा। इस प्रदर्शन में हिंदुओं पर हो रही हिंसा पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। साथ ही विहिप कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार बर्खास्त कर




वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग भी करेंगे।

विहिप के एक दल ने मुर्शिदाबाद का दौरा कर वहां हिंदुओं की स्थिति जानी थी। इसके बाद संगठन ने राज्य सरकार के खिलाफ एक मुहिम चलाने का निर्णय लिया है। विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने इसके बाद ही राष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ सड़क पर उतरने की योजना बनाई है।

### पाकिस्तान से अच्छे संबंधों उम्मीद छोड़ दें, जनरल मुनीर के बयान पर भड़के सीएम हिमंत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की हालिया टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सीएम सरमा ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत सच्चाई को स्वीकार करे और पाकिस्तान से घनिष्ठ संबंध बनाने की उम्मीद छोड़ दे। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अपने हालिया संबोधन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने साफ कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच गहरी वैचारिक खाई है। जनरल मुनीर का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत और पाकिस्तान मूल रूप से अलग देश हैं, क्योंकि दोनों देशों के धर्म, रीति-रिवाज, परंपराएं, सोच और महत्वाकांक्षाएं हर पहलू में एक-दूसरे से अलग हैं। सीएम सरमा ने आगे कहा, यह परिप्रेक्ष्य द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पुष्ट करता है, जिसने 1947 में पाकिस्तान के निर्माण की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा, अब यह साफ हो चुका है कि हमारे रास्ते अलग हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम अपने राष्ट्र को मजबूत करें, अपने धर्म और सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखें। ऐसा करके ही हम अपने देश को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

हिंसा पर बोले राज्यपाल बोस-

# मैं खुद जाकर मुर्शिदाबाद की हकीकत देखूंगा, पीड़ितों के लिए मिलकर करेंगे काम

कोलकाता, एजेंसी

**वक्फ अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा, मैं खुद मैदान में जाकर वहां की हकीकत देखूंगा। मैं मामले को निष्पक्ष तरीके से देखूंगा। स्थिति पर काबू पा लिया गया है। हमें भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए और कदम उठाने चाहिए। मैं निश्चित रूप से मुर्शिदाबाद का दौरा करूंगा।**



### पीड़ितों के लिए राज्य और केंद्र के साथ करेंगे काम

राज्यपाल ने आगे कहा कि- क्षेत्र के लोगों ने वहां बीएसएफ कैंप बनाने का अनुरोध किया है। इस दौरान राज्यपाल घोषाणा की कि, राजभवन राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर पीड़ितों के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### मुर्शिदाबाद के पीड़ितों ने राज्यपाल से की मुलाकात

पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार गुरुवार को मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए दंगों के कारण बेघर हुए लोगों के एक समूह को राजभवन ले गए, जहां उन्होंने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने राज्यपाल से उनकी सुरक्षा, नौकरी और वित्तीय मुआवजे के लिए स्थायी केंद्रीय बल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।

### पीड़ितों ने राज्यपाल को बताई आपबीती

इस दौरान पीड़ितों, जो कथित तौर पर हमला किए जाने और अपने घरों से निकाले जाने के बाद राहत शिविर में रह रहे हैं, ने राज्यपाल को बताया कि कैसे उनके सामान लूट लिए गए और घरों, दुकानों और संपत्तियों में आग लगा दी गई, जिससे उन्हें केंद्रीय बलों की मदद से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और आगे की हिंसा को रोकने के लिए क्षेत्र में एक स्थायी बीएसएफ शिविर स्थापित करने की मांग की। उन्होंने राज्यपाल से उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने में मदद करने के अलावा मौद्रिक मुआवजा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया ताकि वे अपना जीवन फिर से शुरू कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव नागदा में वैवाहिक समारोह में शामिल हुए, नव दंपत्ति को दिया आशीर्वाद



**नागदा जं., निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को नागदा में कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गेहलोत के परिवार में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल हुए इसअवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर वधु को आशीर्वाद दिया उनके सुखी, समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। विवाह स्थल पर मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव का कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गेहलोत और परिजनों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हवाई पट्टी नागदा पर जनप्रतिनिधियों भी द्वारा पुष्प गुच्छ पुष्पहारो द्वारा आत्मीय स्वागत् किया गया। इस अवसर पर विधायक बहादुर सिंह चौहान, राजेश धाकड़, बहादुर सिंह बोरमुण्डला संभागायुक्त संजय गुप्ता, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### जल गंगा संवर्द्धन अभियान : जागरूकता रैली निकाली

**उज्जैन, निप्र।** मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद विकासखण्ड उज्जैन के द्वारा गुरुवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली का आयोजन में किया गया ।इस अवसर पर राजेश रावल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए गांव एवं वार्ड में जन जागरूकता के कार्य के लिए छात्रों को अभियान के बारे में जानकारी दी। रैली में मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र एवं वार्डवासी परामर्शदाता सुनील बारोट अशोक प्रजापत गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

### जल चौपाल का आयोजन किया गया




**उज्जैन, निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घटिया जिला उज्जैन द्वारा गुरूवार 17 अप्रैल को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम नजरपुर में समिति अध्यक्ष डॉ.भंवरसिंह जी केलवा के निवास पर जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था क्षिप्रा उपभोक्ता सरंक्षण समिति के अध्यक्ष कैलाश यादव, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम ज़ीतरखेड़ी के अध्यक्ष हेमेंद्र पाटीदार,समिति अध्यक्ष डॉ.भंवर सिंह केलवा, विकासखंड समन्वयक मोहन सिंह परिहार एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नागदा पहुंचने पर आत्मीय स्वागत



**नागदा जं., निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज नीमच से उज्जैन के नागदा हवाई पट्टी पर पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का भाव भीना स्वागत किया7 इस अवसर पर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, और स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने किया धाकड़ के कार्यालय का शुभारंभ

**नागदा जं., निप्र।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के कार्यालय का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने नागदा प्रवास के दौरान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन श्री संघ ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत रजत के नमोकार महामंत्र भेट कर एवं शाल, माला, पगड़ी पहनाकर किया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष मनीष व्होरा, सचिव हर्षित नागदा उपाध्यक्ष, दिलीप ओरा, बृजेश बोहरा, सुरेंद्र काँकरिया, ऋषभ नागदा, दिलीप गांधी, रितेश नागदा आदि उपस्थित थे।



### आरा मशीन को हटाने हेतु एसडीएम को दिया आवेदन

**नागदा जं., निप्र।** ग्राम टुटियाखेडी में हाल ही में नई आरा मशीन लगाई गई है जिसका विरोध ग्रामवासियों के द्वारा किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक आवेदन अनुविभागीय अधिकारी नागदा को दिया गया है। जिसमें मांग की है कि ग्राम टुटियाखेडी में आरा मशीन लगाकर कारखाना शुरू किया। जिससे आसपास क्षेत्र के पेड़ पौधो की अवैध कटाई की जावेगी तथा इनसे निकलने वाली लकड़ियो का व्यवसाईक उपयोग होगा। क्षेत्र के पेड़ पौधे काटे जाने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ेगा एवं लकडिया के व्यवसायिक उपयोग से वातावरण प्रदूषित होगा। उक्त आरा मशीन में लकड़ीयो के काटे जाने पर निकलने वाली राख हवा के साथ पुरे गांव में फैलेगी, जिससे गांव के बुजुर्ग एवं बच्चो को सांस की बिमारियां होने का खतरा बढ़ जायेगा। आरा मशीन के उपयोग से वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि प्रदुषण भी बढ़ेगा जिससे वृद्धजनो व बच्चो को सुनने एवं बहरापन होने का खतरा उत्पन्न होगा। इस आरा मशीन से पडोसी गांव रजला में विरोध उठने लगा है वहां के ग्रामीणो ने भी उक्त आरा मशीन के हटाने की मांग की है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि उक्त आरा मशीन संचालक के पास स्वयं का लायसेंस नहीं है वह दूसरे के लायसेंस पर आरा मशीन चला रहा है जो अन्यत्र जिले का लायसेंसधारी है। पत्र देकर ग्रामवासियो ने मांग की है कि ग्राम टुटियाखेडी में लगी आरा मशीन के संचालन पर तुरंत रोक लगाई जाए अन्यथा ग्रामवासी आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

# पंचकोशी यात्रा मार्ग का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधाओं की व्यस्था के दिए निर्देश

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रशासनिक अमले के साथ पंचकोशी यात्रा की तैयारियों की समीक्षा हेतु विभिन्न पड़ाव स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मार्गों की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने श्री नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के साथ की। इसके पश्चात उन्होंने यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान मार्ग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके पश्चात पिंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज के आसपास के मार्ग को दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो।

त्रिवेणी शनि मंदिर पड़ाव स्थल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने त्रिवेणी घाट की सफाई, फव्वारों की स्थापना एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने करोहन पड़ाव स्थल पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थल पर आवश्यक सुविधाएं, विशेषकर स्वच्छता को प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। नलवा पड़ाव स्थल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (क्क ॥.श्व) विभाग को यात्रियों हेतु शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने अम्बोदिया स्थित बिल्केश्वर महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की तथा संबंधित अधिकारियों को अम्बोदिया पहुंच मार्ग की मरम्मत एवं मार्ग की लेवलिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल तक समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। पड़ाव स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सेवा धाम आश्रम, अम्बोदिया के संचालक श्री सुधीरभाई गोयल द्वारा नवागत कलेक्टर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने यहां बिल्वकेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन अर्चन भी किया।

कलेक्टर ने कालियादेह महल पड़ाव स्थल का निरीक्षण कर बावन कुंड का अवलोकन किया। उन्होंने नगर पालिक निगम के अधिकारियों को श्रद्धालुओं हेतु शावर की स्थापना तथा घाट की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचकोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सभी विभाग समन्वयित प्रयास करें।

### अपडाउनर्स एवं ग्रामीण यात्रियों की समस्या का हो सकता है समाधान

# रेल प्रशासन चाहे तो दो पेसेंजर ट्रेनों के रूट को आपस में मिला दें, तो रेल यात्रियों को मिल सकती है सुविधा

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** रेल्वे के पूर्व विशेष रूचि सदस्य एवं समाजसेवी राजेश सकलेचा भाईजी द्वारा विगत कई समय से नागदा से इन्दौर एवं रतलाम के लिये राऊण्ड रूट पर ट्रेन चलाये जाने की मांग विशेषकर अपडाउनर्स एवं ग्रामीण रेल यात्रियो की समस्याओं को दूर करने हेतु रेल प्रशासन से की जा रही है। जिसके लिये सकलेचा द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व रतलाम डीआरएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

सकलेचा ने बताया कि रेल प्रशासन प्रयोग करे और दो पेसेंजर ट्रेनो के रूट को आपस में एक दूसरे से मिला दे तो दोनो रूटो के रेल यात्रियो को बहुत लाभ मिल सकेगा। केवल नागदा-रतलाम के मध्य की लिंक जोड़कर दो ट्रेनो को बिना समय सारणी में कोई भी परिवर्तन किये रूट बदलकर चलाना है।

**यह होगा फायदा**

सकलेचा ने बताया कि इस प्रकार राऊण्ड रूट की तर्ज पर ट्रेन चलने से नागदा व रतलाम के लिये दोपहर में दो पेसेंजर ट्रेने उपलब्ध होगी जिससे ग्रामीण यात्रियो एवं अपडाउनर्स को लाभ मिलेगा। जिसकी काफी समय से मांग की जा रही थी। इसके अलावा नागदा व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणो को बडनगर, रूनिजा, गौतमपुरा, फतियाबाद के लिये सीधी ट्रेन सुविधा मिल पायेगी जो अभी तक उपलब्ध नहीं थी।

**किस प्रकार होगा राऊण्ड रूट :** सकलेचा ने बताया कि इन्दौर से नागदा के लिये सुबह 8 बजे पेसेंजर ट्रेन निकलती है जो देवास, उज्जैन होकर नागदा दोपहर 12.15 बजे पहुंचती है। इसी तरह सुबह 9.45 बजे डेमू ट्रेन रतलाम के लिये निकलती है जो रतलाम 12.50 बजे पहुंचती है। यही डेमु ट्रेम 1 बजे रतलाम से पुनः इन्दौर के लिये प्रस्थान करती है तथा नागदा-इन्दौर ट्रेन नागदा स्टेशन पर करीब 3.30 घंटे खड़ी रहकर दोप. 3.30 बजे इन्दौर के लिये प्रस्थान करती है। यदि रेल्वे इन ट्रेनो के रूट को अदला-बदली कर दे अर्थात् इन्दौर-नागदा ट्रेन जो नागदा 12.15 बजे आती है उसे 10 मिनट का स्टॉपेज देकर रतलाम भेजा जाये तथा वहां से 1.45 बजे इन्दौर के लिये रवाना किया जाय। इसी प्रकार इन्दौर से रतलाम ट्रेन जो 12.45 बजे रतलाम पहुंचती है उसे 1.30 बजे रतलाम से नागदा रवाना किया जाए तो वह 2.45 बजे नागदा पहुंचेगी तथा यहां से 3.30 बजे पूर्व निर्धारित समय पर इन्दौर के लिये रवाना किया जा सकता है। इस प्रकार दोनो ट्रेनो के समय सारणी में ज्यादा अन्तर नहीं आयेगा और अपने पूर्व के पहुंचने वाले समय पर इन्दौर पहुंच सकेगी।

**यह ट्रेन क्यों आवश्यक है :** सकलेचा ने बताया कि नागदा जंक्शन एवं रतलाम जंक्शन मुम्बई-दिल्ली रेल मार्ग का प्रमुख जंक्शन होकर औद्योगिक एवं व्यवसाईक क्षेत्र है। इन दोनो नगरो में ग्रामीण क्षेत्रो के कई यात्री विवाह व त्योहारो पर खरीदी एवं अन्य कार्यो हेतु बडी संख्या में आते है तथा इसके लिये पेसेंजर ट्रेन ही सस्ता व मुख्य साधन रहता है तथा नागदा जंक्शन व रतलाम जंक्शन प्रमुख जंक्शन होने के कारण यहाँ बडी संख्या में ट्रेनो का स्टापेज दिया गया है। जहां से छोटे स्टेशनो के यात्री यहां उतरकर पेसेंजर ट्रेनो से छोटे गांवो की यात्रा कर पायेंगे। सकलेचा ने बताया कि इस प्रकार राऊण्ट पैटर्न पर ये दोनो पेसेंजर ट्रेने चला कर प्रयोग किया जाय तो दोनो रूट के लोगो को लाभ मिलेगा, साथ ही रेल्वे को आय भी होगी। साथ ही क्षेत्रवासियों के लिये एक नई सौगात होगी।

### राधाबाई स्कूल की बेटियों को मिली फर्नीचर और पंखों की सौगात



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** शहर के शा प्रा कन्या शाला राधाबाई में बालिकाओं को बेअरलॉकर उद्योग के सौजन्य से 40 सेट फर्नीचर और एक्टईव सोसायटी के एक सदस्य द्वारा तीन पंखों की सौगात दी गई। फर्नीचर लोकार्पण के इस कार्यक्रम में अतिथि रूप में बेअरलॉकर उद्योग के मैनेजिंग डायरेक्टर जयेन मोदी,पर्चेस हेड मुकेश मेहता,जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय,बीईओ अजय सोलंकी, बीआरसी किशोर वर्मा उपस्थित थे। बेअरलॉकर उद्योग के सीएसआर हेड प्रवीण शर्मा तथा सीएसआर सहयोगी एक्टईव एजुकेशन-सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वर्मा ने बताया कि स्कूल में बच्चियों की जरुरत को देखते हुए यहां 40 सेट फर्नीचर भेंट किए गए।

### जल गंगा संवर्द्धन अभियान : जागरूकता रैली निकाली

**उज्जैन, निप्र।** मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद विकासखण्ड उज्जैन के द्वारा गुरुवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली का आयोजन में किया गया ।इस अवसर पर राजेश रावल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए गांव एवं वार्ड में जन जागरूकता के कार्य के लिए छात्रों को अभियान के बारे में जानकारी दी।

## कोई भी महापुरुष या भगवान किसी जाति के नहीं

### इस विषय पर समाज प्रतिनिधियों की बैठक आज

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** प्राय: माना जाता है कि जब भी हमारे देश के किसी महापुरुष या भगवान की जयंती अथवा प्राकट्य दिवस आता है तो जो समाज आयोजन करने की पहल करता है उन महापुरुष या भगवान को उसी समाज तक ही सीमित कर दिया जाता है जिससे धीरे धीरे हमारे भगवान , महापुरुष की महिमा कम होने लगती सभी का जुड़ाव नहीं होता है । बल्कि कोई भी भगवान या महापुरुष किसी एक जाति के थे ही नहीं है इस विषय पर आज 10.30 बजे होटल अवंतिका रेलवे स्टेशन पर एक बैठक रखी गई है जिसमें श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सुमनानंद जी महाराज के सानिध्य में कई समाज प्रमुखों की उपस्थिति में चर्चा का आगामी रूप रेखा रखी जाएगी।

बैठक के सूत्रधार उज्जैन कायस्थ समाज के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि हमारे नगर में कई प्रकार के आयोजन होते है जिसमें महापुरुषों की जयंती या भगवान के चल समारोह निकाले जाते है लेकिन उन आयोजनों में सभी समाज की भागीदारी नहीं होती है जिससे अच्छा संदेश नहीं जाता । हम आपसी टकराव की तरफ बढ़ रहे इसे रोकना चाहिए ।

ऐसी एक पहल उज्जैन कायस्थ समाज ने करते हुए समस्त प्राणी के कर्म के आधार पर न्याय करने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्य दिवस पर निकलने वाली भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा में विभिन्न समाज को जोड़ने के उद्देश्य से एक व्यापायक बैठक विभिन्न समाज प्रतिनिधि की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सुमनानंद जी महाराज के सानिध्य एवं मोतीलाल श्रीवास्तव, प्रकाश चित्तौड़ा, अनिल सिंह चंदेल, जियालाल शर्मा, वासु भाई केसवानी, ओम जैन, जीवंधर जैन के मार्गदर्शन में शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 को सुबह 10.30 बजे होटल अवंतिका रेलवे स्टेशन परिसर 1 नंबर प्लेट फॉर्म पर रखी गई है।

### प्लेसमेंट ड्राइव : समाजकार्य के विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस श.भी.ना.शा.स्ना. महाविद्यालय के समाजकार्य विभाग और अंतरा फाउंडेशन (सामाजिक संस्था) के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया ।जिसमें महाविद्यालय के समाजकार्य विषय मे अध्ययनरत एवं पास आउट विद्यार्थियों की प्लेसमेंट प्रक्रिया कुल तीन चरणों से हो कर गुजरी जिसमे लिखित परीक्षा, सामूहिक चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से फील्ड कोऑर्डिनेटर पद के 40 प्रतिभागियों को सम्मिलित किया गया।

समाज कार्य विभाग द्वारा जानकारी दी गयी कि प्रत्येक वर्ष विभाग द्वारा प्लेसमेंट की प्रक्रिया का आयोजन किया जाता हैं। जिसमे जिले में कार्यरत समस्त सामाजिक संस्थानों द्वारा अलग अलग पदों के लिए समाजकार्य के विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें जॉब अपॉरचुनिटी दी जाती रही हैं।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर अग्रणी महाविद्यालय परिचर्चा सम्पन्न

### चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने का प्रयास नही है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है




विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मे एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधित परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह परिचर्चा भारतीय जनता पार्टी की और से गठित समिति के संयोजक एवं नगर उपाध्यक्ष आनन्दसिंह खींची की अगुवाई में सम्पन्न हुई।

परिचर्चा मे महाविद्यालय छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या मे हिस्सा लिया तथा अपनी जिज्ञासाओं को समिति के समक्ष रखा। समिति के सदस्यों ने एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व तथा आवश्यकता पर बारीकी से छात्रों को बताया तथा वर्तमान परिस्थितियों मे राष्ट्र को एक चुनाव की आवश्यकता क्यों है इस पर ध्यानाकर्षण किया। बड़ी संख्या मे उपस्थित छात्रों ने इस मुहिम को अपना समर्थन दिया तथा एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को देश मे लागू करने के पक्षधर दिखाई दिये। सभी ने राष्ट्रीय प्रगति तथा विकसित भारत की रफ्तार बनाए रखने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव कराने के लिए सरकार को अपना प्रस्ताव भेजने की सहमति प्रकट की। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा नगर जिले के उपाध्यक्ष आनंद सिंह खींची, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाह, सह मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या, विधि प्रमुख संजय गोयल, भाजयुमो जिला महामंत्री सुशील वाडिया व श्रीपाल राजावत, सतीश कोराट, राज भदौरिया, आदित्य उदयवाल व अन्य कार्यकता उपस्थित रहें।

### भाजयुमो ने सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला फूंका

# गांधी परिवार ने भ्रष्टाचार कर देश की जनता को धोखा दिया : कलावती यादव

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की है। गांधी परिवार के उक्त भ्रष्टाचार व देश की जनता के साथ धोखाधड़ी से आमजन में रोष व्याप्त है। गुरुवार को निगम सभापति की उपस्थिति में भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाह के नेतृत्व में स्थानीय शहीद पार्क पर प्रदर्शन कर सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने उक्त भ्रष्टाचारी कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया प्रदेश नेतृत्व व नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार भाजयुमो द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन व प्रदर्शन किया। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा ईडी की चार्जशीट यह स्पष्ट करती है कि गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी का दुरुपयोग कर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को अपने नियंत्रण में ले लिया, जिसकी संपत्ति दो हजार करोड़ रुपए से अधिक थी और जिसे पत्रकारिता व जनसेवा के लिए बनाया गया था। कांग्रेस पार्टी ने एजेएल को 90.25 करोड़ रुपए का ऋण दिया, जिसे चुपचाप यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कुल हिस्सेदारी 76 प्रतिशत है। यंग इंडिया ने इस 90 करोड़ रुपए के ऋण को माफ कर दिया और केवल 50 लाख रुपए के मामूली निवेश पर एजेएल का पूर्ण स्वामित्त हासिल कर लिया। इस प्रकार गांधी परिवार ने दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल, पटना जैसे प्रमुख शहरों की अचल संपत्ति पर कब्जा कर लिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र बचाने के लिए नहीं हैं, बल्कि गांधी परिवार को जांच से बचाने का राजनीतिक नाटक है। ईडी ने केवल दस्तावेजों, बैंक रिकॉर्ड, शेयर मार्केट और शेयर होल्डिंग के आधार पर कार्यवाही की है। यह राजनीतिक बदले की नहीं बल्कि साक्ष्य आधारित कार्यवाही है। यह चार्जशीट सिर्फ कानूनी दस्तावेज नहीं, यह नए भारत की चेतना का प्रतीक है। अब देश भ्रष्टाचार, विशेषाधिकार और संस्थाओं पर हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। कानून सर्वोपरि है, और न्याय जरूर होगा। पुतला दहन कार्यक्रम में उज्जैन नगर निगम सभापति कलावती यादव , नगर उपाध्यक्ष आनंद खिंची , मुकेश यादव, जगदीश पांचाल, प्रदेश मंत्री अमय आप्टे , प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत, नगर महामंत्री श्री सुशील वाडीया जी एवं बड़ी संख्या में युवा साथी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सफलता की कहानी : स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, खंडवा के माध्यम से अ ाशीष ने शुरू किया स्वयं का व्यवसाय



**खण्डवा, निप्र।** श्री आशीष पंवार पिता श्री गजराज पंवार पंधाना-ब्लॉक के एक छोटे से गांव गोंडवाडी के रहने वाले हैं। उनमें गरीब परिवार में जन्म लेने के बाद भी, कुछ कर दिखाने का जुनून था। उन्होंने अपने दोस्तों से मिली जानकारी से स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, खंडवा में शुरू होने वाले मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसेज का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक करके कोरोना काल में अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने का मन बनाया। श्री आशीष ने घर पर मोबाइल रिपेयरिंग का व्यवसाय शुरू किया एवं गोंडवाडी में स्वयं की दुकान खोलकर अपना स्वरोजगार स्थापित करने में जुट गए। उनकी छोटी सी कोशिश कामयाब हुई। आज वो महीने का 30000-40000 रुपये तक कमा रहे हैं। वह सभी प्रकार के मोबाइल (आई फोन) गांव में ही रिपेयर कर देते हैं। गांव में उनका व्यवहार बहुत अच्छा है तथा वह अपना काम बहुत ईमानदारी के साथ कर रहे हैं।

### 80 कुष्ठ रोगियों का किया निःशुल्क उपचार




**खण्डवा, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के मार्गदर्शन में गुरुवार को कुष्ठ रोगियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कुष्ठ कॉलोनी, निर्मल धाम चीरखदान खण्डवा में लगाया गया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पर्व तिवारी ने बताया कि शिविर में 80 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाई वितरित की गई। साथ ही घाव वाले मरीजों को मरहम पट्टी प्रदान की तथा सुन्न अंगो के समुचित देखभाल की समझाइश दी गई। उपचार मुक्त कुष्ठ रोगियों को सुन्न अंगों के सही रख-रखाव के तरीके बताये एवं स्वस्थ्य परिजनों को शरीर पर सुन्न दाग धब्बों के प्रति सजग किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय खण्डवा के नर्सिंग स्टाफ सहित कुष्ठ विभाग के कर्मचारियों ने अपनी सेवायें दी।

### आम फलबहार की नीलामी 19 अप्रैल को

**खण्डवा, निप्र।** शासकीय उद्यान रिछी प्रक्षेत्र (नर्सरी) पुनासा में आम फलबहार की नीलामी हेतु 19 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। सहायक संचालक उद्यान रिछी फार्म पुनासा ने बताया कि प्राप्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 2:30 बजे उपस्थित व्यापारियों के समक्ष खोली जायेंगी। नीलामी की बोली लगाने के पूर्व क्रेता अमानत राशि 5 हजार आम फलबहार हेतु कार्यालय रिछी प्रक्षेत्र पुनासा के पास जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक संचालक उद्यान रिछी प्रक्षेत्र पुनासा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### इंदौर में रासायनिक औद्योगिक आपदा से निपटने का सफल हुआ मॉक अभ्यास



**इन्दौर नप्र।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आज एच.पी.सी.एल. एल.पी.जी प्लांट एबी रोड टोल प्लाज़ा के समीप राउखेड़ी इंदौर में रासायनिक औद्योगिक आपदा (Chemical/Industrial Disaster) से निपटने का सफल मॉक अभ्यास (Mock E&ercise) किया गया। इस मॉक अभ्यास का उद्देश्य औद्योगिक आपदाओं की स्थिति में प्रशासनिक तैयारियों को परखना एवं आम जनता में जागरूकता बढ़ाना था। इस अभ्यास में जिला प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी अन्य एजेंसियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर एसडीएम सांवेर श्री घनश्याम धनगर, डिप्टी कलेक्टर श्री सी.एस. हुड्डा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। प्रशिक्षण के दौरान रासायनिक (एलपीजी गैस) रिसाव की काल्पनिक स्थिति उत्पन्न की गई। उससे निपटने के लिए राहत एवं बचाव कार्य का अभ्यास किया गया। यह अभ्यास यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है कि भविष्य में किसी भी आपदा की स्थिति में जिले की तैयारियाँ मजबूत रहें और नागरिक सुरक्षित एवं जागरूक बनें।

### सी.एम.एच.ओ. ने पुनासा ब्लॉक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की

# मैदानी कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूंदी में गुरूवार को विकासखण्ड पुनासा के सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मेडिकल ऑफिसर, सी.एच.ओ, सुपरवाइजर, ए.एन.एम., आशा सुपरवाइजर की बैठक कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत की जाने वाली गतिविधियों का डाटा संबंधित पोर्टल पर अवश्य रुप से दर्ज करें, ताकि पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार कार्य की प्रगति देखी जा सके।

डॉ. जुगतावत ने बी.एम.ओ. व मैदानी कर्मचारियों को निर्देश दिये कि गर्मी को देखते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्र पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। लू के बचाव संबंधी जानकारी आम नागरिकों को दी जायें। ग्रामीणजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं देने के लिए नियमित रुप से गांव में भ्रमण कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी लेवें एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी जावे, ताकि वह स्वास्थ्य लाभ ले सकें। साथ ही योजनाओं व स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी को सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों में जानकारी पहुँचे। 70 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाये जायें एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत अधिक से अधिक संभावित टी.बी. मरीजों की जांच करने के निर्देश दिए।

एनआरसी में कुपोषित बच्चों को भर्ती करवायें। साथ ही उनका छुट्टी के बाद नियमित फॉलोअप करें। असंचारी रोग के अंतर्गत 30 वर्ष व इससे अधिक उम्र के नागरिकों की बी.पी., शुगर की जांच नियमित रुप से की जाये। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को हाईरिस्क गर्भवतियों महिलाओं को जांच के लिए पीएचसी सीएचसी में अवश्य रुप से भेजें, ताकि मातृ-मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। सीएमएचओ डॉ. जुगतावत ने स्वास्थ्य एवं आशा कार्यकर्ताओं से कहा कि 25 अप्रैल तक चल रहे मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के तहत जन समुदाय में परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे में जानकारी दें।

राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कर्यक्रम, आरबीएसके, मलेरिया, कुष्ठ के साथ अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि दिये हुए लक्ष्य के अनुसार लक्ष्य पूर्ति समय पर करें। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार, नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण कार्यक्रम डॉ. आनंद ओनकर, मलेरिया अधिकारी श्री करण सिंह भूरिया व अधिकरी कर्मचारी मौजूद थे।

### अवैध एम्बुलेंस संचालन पर की गई सख्त कार्रवाई



**इन्दौर नप्र।** इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल क्षेत्र में अवैध एम्बुलेंस संचालन पर आज अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की गई। आज की गई कार्रवाई में अवैध रूप से संचालित 5 एम्बुलेंस जप्त की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन को प्राप्त सूचनाओं के अनुसार एमवाय हॉस्पिटल तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों में कुछ एम्बुलेंस संचालक निजी अस्पतालों से संपर्क कर शासकीय अस्पताल के मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर कर रहे थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए श्री जैन के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदौर श्री प्रदीप कुमार शर्मा, एआरटीओ श्री राजेश गुप्ता एवं विशेष जांच दल प्रभारी परिवहन निरीक्षक श्री जितेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में आज एमवाय हॉस्पिटल परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में आकस्मिक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एम्बुलेंस क्रमांक MP41 TA 0836, MP 12 DA0194, MP 09 AD 2547, MP09 AC1868 तथा MP09 DE1627 की जांच की गई। जांच के समय ये वाहन बिना वैध दस्तावेजों के संचालित होते पाए गए तथा इनमें आवश्यक बुनियादी चिकित्सकीय सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं थीं।

### जिले में नरवाई जलाना है प्रतिबंधित, 104 किसानों को नोटिस जारी

# नरवाई जलाने पर की जायेगी दण्डात्मक कार्यवाही

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र।** पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 अन्तर्गत जिले में गेहूँ एवं अन्य फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतो में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में नरवाई जलाने पर रोक लगाने हेतु निरंतर कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा प्रचार प्रसार कर कृषकों को नरवाई न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता के बाद भी यदि कोई कृषक नरवाई जलाते हुए पाया जाता है, तो शासन के निर्देशानुसार अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। जिसमें 2 एकड़ से कम रकबे वाले कृषकों को 2500 रूपये, 2 से 5 एकड़ तक 5 हजार रूपये एवं 5 एकड़ से अधिक रकबे वाले कृषकों को 15 हजार रूपये तक का दण्ड प्रावधान निर्धारित किया गया है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्री गुप्ता के आदेशानुसार कुल 14 हजार प्रतियां व नरवाई प्रबंधन के संबंध में 15 हजार पम्पलेट के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत, ग्राम के समस्त शासकीय भवन, ग्राम चोपाल, ग्राम में ट्रेक्टर ट्राली एवं हार्वेस्टर आदि पर चस्पा कर एवं मैदानी अमले द्वारा ग्रामों में ग्राम चोपाल, प्रशिक्षण, प्रक्षेत्र दिवस व नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ 7 अप्रैल से निरंतर 25 ग्रामो में भ्रमण कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक सेटेलाईट द्वारा नरवाई जलाने की 81 ग्रामों में कुल 166 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि तहसीलों में नरवाई जलाने की घटनाओं के विरूद्ध 146 पंचनामे बनाये गये तथा 104 किसानों के विरूद्ध नोटिस जारी किये गये एवं अभी तक 128000 रूपये का अर्थदण्ड किया गया। उन्होंने सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि नरवाई न जलावें।

नरवाई प्रबंधन के लिये फसल अवशेषों को पशुओं के चारे और कम्पोस्ट बनाये जाने में उपयोग किया जाये। खेतों में कल्टीवेटर, रोटावेटर, हेप्पीसीडर, सुपरसीडर की मदद से फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलायें।

### इंदौर का सबसे बड़ा शासकीय आयुष (आयुर्वेद) चिकित्सालय मांगलिया में बनकर तैयार

# मंत्री सिलावट ने चिकित्सालय भवन का निरीक्षण कर सुविधाओं के संबंध में की चर्चा

विनय उजाला



**इन्दौर नप्र।** इंदौर का सबसे बड़ा 60 बिस्तरों वाला शासकीय आयुष (आयुर्वेद) चिकित्सालय का नवीन भवन लगभग बनकर तैयार हो गया है। इस भवन की साज-सज्जा और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कर इसका शुभारंभ अगले मई महिने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और श्री इन्दर सिंह परमार जी की उपस्थिती में किया जायेगा। इस भवन की लागत लगभग 6 करोड़ रुपये है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज मांगलिया पहुंचकर निर्मित भवन का निरीक्षण किया। बताया गया कि इस भवन का सिविल वर्क पूर्ण हो गया है। अब केवल चिकित्सकीय सुविधाएं उपकरण स्थापित करने का कार्य ही बाकी है। यह भी जल्द ही पूरा हो जायेगा। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि यह मानव सेवा और स्वास्थ्य का बड़ा मंदिर बन रहा है। हमारा फर्ज है कि इस स्थान की महत्ता को देखते हुए हम इसके रखरखाव पर विशेष ध्यान दें। जनभागीदारी से सुविधाओं का विस्तार करें। उन्होंने आयुष विभाग के चिकित्सकों और अन्य स्टॉफ से कहा कि वे पूरा मन लगाकर मानव सेवा करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो भी सुविधाएं बढ़ाना होगी उसके लिए राज्य शासन द्वारा सभी संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने अस्पताल के स्टॉफ बढ़ाने तथा और नये कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर में बगीचा विकसित करने और समीप के नाले के सौंदर्यीकरण के निर्देश भी दिये। उन्होंने अस्पताल में 10 एसी लगाये जाने तथा एक एम्बुलेंस देने की घोषणा भी की। बताया गया कि इस अस्पताल में उपचार की सभी आधुनिक सुविधाएं रहेंगी। पंचकर्म तथा योग से भी उपचार किया जायेगा। गर्भवती महिलाओं का प्रसव भी कराया जायेगा। अस्पताल में सोनोग्राफी, पेथोलॉजी, एक्स-रे आदि जाँच सुविधाएं भी रहेंगी। अस्पताल में उन्होंने सीटी स्केन मशीन भी लगाये जाने के निर्देश दिये।

### मंत्री श्री सिलावट ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डकाच्या का किया निरीक्षण

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डकाच्या का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि मंत्री श्री सिलावट के प्रयासों से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डकाच्या का उन्नयन किया जा रहा है। उन्नयन कार्य हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा 159 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य केन्द्र में लैब, मेल वार्ड, फीमेल वार्ड, लेबर रूम, माइनर ओटी/ड्रेसिंग, इंजेक्शन रूम, रजिस्ट्रेशन और रिकॉर्ड रूम, मेडिकल ऑफिसर रूम, ऑफिस रूम, जनरल स्टोर, कोल्ड चैन, कम्यूनाइजेशन रूम, पीने के पानी की सुविधा, वेटिंग एरिया आदि के कार्य किये जाएंगे। मंत्री श्री सिलावट ने कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### डकाच्या ग्राम पंचायत में बनने वाले कबड्डी स्टेडियम का जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किया निरीक्षण



**इन्दौर नप्र।** जिले की ग्राम पंचायत डकाच्या में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) म.प्र. शासन द्वारा स्वीकृत सर्वसुविधायुक्त कबड्डी स्टेडियम के निर्माण कार्य का जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण और समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम का निर्माण कार्य आगामी 65 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस प्रस्तावित स्टेडियम की कुल लागत 3 करोड़ 16 लाख रुपये है। स्टेडियम का कुल क्षेत्रफल 1350 वर्ग मीटर (14526 वर्गफुट) रहेगा, जिसका माप 30 बाय 45 मीटर (लगभग 1 बीघा) है। इसमें दर्शकों के बैठने की क्षमता 500 दर्शक होगी।

स्टेडियम परिसर में 2 कबड्डी ग्राउंड, 5 कमरे जिनमें बाथरूम एवं टॉयलेट की सुविधा रहेगी, तथा 5 दुकानें पेवेलियन के पीछे के बाहरी भाग में बनाई जाएंगी। पुरुष और महिला के लिए अलग-अलग बाथरूम और टॉयलेट की व्यवस्था की जाएगी। सम्पूर्ण परिसर जीआई शीट से कवर रहेगा।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए यह स्टेडियम मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचलों में भी खेल अधोसंरचना का विकास कर युवाओं को अवसर प्रदान किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल छनेरा में हुई समीक्षा बैठक

विनय उजाला



**हरसूद, निप्र।** हरसूद विकासखंड के समस्त प्रधान पाठकों की विभागीय समीक्षा बैठक गुरूवार को हाईस्कूल छनेरा में हुई। विभागीय समीक्षा बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तृत चर्चा की एवं कार्यों की प्रगति का सूक्ष्मता से आकलन किया गया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि विकासखंड में अपार आईडी का कार्य 76 प्रतिशत हुआ है, जाति प्रमाण पत्र में 442 के लक्ष्य के विरुद्ध 203 फार्म लोक सेवा केंद्र में जमा किए गए। यू डाइस पोर्टल एवं पुस्तक रिसीविंग का कार्य शत प्रतिशत है। विद्यार्थियों की मैपिंग एवं नामांकन का कार्य प्रगति पर है। सुकन्या समृद्धि के लगभग 880 लक्ष्य के विरुद्ध 140 सुकन्या खाता प्रारंभ हो गए हैं। जल गंगा संवर्धन वाटर हार्वेस्टिंग की 137 ऑनलाइन एंट्री शत प्रतिशत पूर्ण हो गई है। धरती आबा में कक्षा पहली के 41 लक्ष्य के विरुद्ध 12 फॉर्म जमा कर दिए गए हैं शेष फार्म आधार कार्ड नहीं होने के कारण प्रगति में है। ऐसे विद्यालय जिन्होंने मध्यान भोजन खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है समस्त प्रभारी प्रधान पाठक को निर्देशित किया है कि वह शीघ्रता से खाद्यान्न का उठाव करें। वीईआर सर्वे के साथ साक्षरता सर्वे एवं नामांकन में वृद्धि हेतु प्रेरित किया गया।.जल संवर्धन के लिए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों, ग्रामीणजन, शाला प्रबंधन समिति सदस्यों के माध्यम से जन आंदोलन के रूप में कार्य करने हेतु समस्त प्रधान पाठकों से आवाहन किया गया। बैठक में बीआरसी हरसूद तरुण कुमार झिंझोरे, बीएसी पण्डित चंद्रप्रकाश बिल्लौरे, रविन्द्र पंवार, साकिर खान, प्यारेलाल उईके, हीरालाल खांडेराव, एवं सचिन राजोरिया उपस्थित रहे।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# मूंगफली तेल तेज



**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।

**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस









## भंवरिया में हनुमान चरित्र कथा प्रारंभ

# दवाई और डॉक्टर दोनों हनुमान लाए : श्रीहरिप्रकाश दास जी

सलीम खान

**निसरपुर, निप्र।** जब रावण के साथ युद्ध में लक्षण मूर्छित हुए थे तब डाक्टर ओर दवाई दोनों श्री हनुमान ही लेकर आए थे, निमाड़ की धरती पर ये मेरी पहली कथा है पर यहां का प्यार और समर्थन देखकर मैं अभिभूत हु यहां साधु संत क्या साक्षात भगवान भी आ जाएं साधु भाव का भूखा होता है संपति का नहीं मेरी कथाएं युवा सुनते है और मुझे उनके क्षेत्रों में भी कथा के लिए आमंत्रण भी देते है हनुमान चरित्र कथा करने वाले भी हनुमान है और कथा कहने वाले भी ये उदगार भंवरिया में शुरू हुई हनुमान चरित्र कथा के प्रथम दिवस पर रात्रि में भंवरिया में हनुमान चरित्र कथा के मुख्य कथा वक्ता स्वामी श्री हरिप्रकाश दास जी ने व्यक्त किए इसके पहले कथा आरम्भ महाआरती एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई कथा प्रारंभ होने के पहले भोजन प्रसादी का आयोजन भी हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया भंवरिया में श्री स्वामीनारायण मंदिर वड़ताल धाम संस्थान द्वारा हॉस्पिटल निर्माणअर्थ का आयोजन वड़ताल संस्थान द्वारा करवाई जा रही है कार्यक्रम का संचालन स्वामी सुर्यनारायण शास्त्री स्वामी ने किया !

### पोथी यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

कथाआरंभ के पूर्व शाम को भंवरिया के गोरिया बाबा मंदिर से पोथी यात्रा।का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में हरिभक्त शामिल हुए कथा शाम के 6 बजे शुरू हुई डेढ़ किलोमीटर लंबी यात्रा में महिला पुरुष बच्चे युवा आकर्षक वेश भूषा में शामिल थे हाथों में भगवा ध्वज लिए तथा सर पर पोथी लिए कथा का कारवां धीरे धीरे कथा स्थल की ओर बढ़ रहा था यात्रा में बग्गियों में कथा के मुख्य वक्ता स्वामी हरिप्रसाद दास,कष्टभंजन देव के संत नवरत्न स्वामी सत्संग सभा के अध्यक्ष वड़ताल मंदिर बोर्ड के श्री सूर्यप्रकाश स्वामी, श्री आनंद स्वामी , श्री गोविंद शास्त्री स्वामी ,कनक बिहारी आश्रम के श्री अयोध्यादास जी महाराज सहित कई संत विराजित थे यात्रा शाम के 7.30 बजे कथा स्थल पर पहुंची जहां वडताल संस्थान के संतो द्वारा फीता काटकर कथा स्थल पर प्रवेश किया गया ! इसके पश्चात दीप प्रज्वलन के बाद कथा आरम्भ हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री विश्वकर्मा काष्ठ एवं लौह कला कल्याण संगठन के प्रदेश मंत्री पद पर मनोज शर्मा की नियुक्ति

**गंधवानी, निप्र।** समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले धार जिले के गंधवानी गाँव के युवा मनोज कैलाशचंद शर्मा को श्री विश्वकर्मा काष्ठ



एवं लौह कला कल्याण संगठन के प्रदेश मंत्री पद पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति शर्मा की सहमति से संगठन के प्रदेशअध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ने प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया ।मनोज शर्मा की नियुक्ति से समाज में उत्साह का वातावरण साथी नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों एंव मित्रो द्वारा भी बधाई प्रेषित की गई ।सभी ने प्रदेश संगठन का आभार भी माना।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी शीतल शर्मा ने दी।

### नारायण गर्ग को भीमराव अम्बेडकर भारत रत्न अवार्ड से किया सम्मानित



**डही, निप्र।** शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़वान्या विकासखंड डही में पदस्थ शिक्षक नारायण गर्ग को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर महाराष्ट्र के पुणे में संकल्प एव स्वरकुल ट्रस्ट ने डॉ भीमराव अम्बेडकर भारत रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। वहीं निसरपुर ब्लाक से माया राठौर और धरमपुरी ब्लाक से रश्मि निर्मोले को यह सम्मान मिला।इनके सम्मान पर डही,निसरपुर, धरमपुरी ब्लाक के बीईओ, बीआरसी एवं मप्र ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी इरफान मंसूरी, सरुपचंद मालवीया, बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर, शिक्षक संदर्भ समूह की जिला अध्यक्ष अनिता सोलंकी, समाज अध्यक्ष संजय आर्य, संजय सोलंकी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### अजाक्स ने 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**डही, निप्र।** प्रांतीय आह्वान पर 21 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर अनुभाग डही और कुक्षी के अजाक्स संघ के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय कार्यालय में महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य संवैधानिक मांगे ओल्ड पेंशन योजना लागू हो, नियमित वेतन, पदोन्नति समय पर हो, अध्यापक वर्ग के शैक्षिक सवर्ग की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, रिक्त पदों पर भर्ती करें, रिक्त बैकलाग के पदों की पूर्ति की जाए आदि शामिल हैं।ज्ञापन का वाचन संजय आर्य द्वारा किया गया।इस दौरान अजाक्स संघ तहसील अध्यक्ष मंशाराम बघेल कुक्षी, ब्लाक अध्यक्ष संजय आर्य कुक्षी, ब्लाक अध्यक्ष डही नारायण गर्ग, उपाध्यक्ष राजाराम कोचले, निसरपुर ब्लाक अध्यक्ष महेश खेड़े सहित राहुल जामोद, गलसिह मुवेल, सुनील मोर्य, करमसिह भिड़े, संतोष मंडलोई आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के व्यतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन 22 अप्रैल को

विनय उजाला



**धार, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर जी के व्यतित्व, कृतित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके अमूल्य योगदान को लेकर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन जिला मुख्याल पर 22 अप्रैल को किया जांएगे। इसी संगोष्ठी को लेकर गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने टोली की बैठक कर सभी को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान अनुसुचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनमचंद फकीरा भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय गिरधारी जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने बताया कि इस संगोष्ठी में विशेष कर अनुसुचित जाति वर्ग के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे जिसमें डॉक्टर वकील व्यापारी सामजिक संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले सेवा निवृतमान शासकीय कर्मचारी सहित अनेक श्रेणियां बनाई गई है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया की बैठक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देवड़ा, अनुसुचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश चौहान युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री ज्वाला सौलंकी राखी राय पुर्व पार्षद लक्ष्मी बाई नरोले दीपक बिड़कर मोहित तातेड़ रतन पंवार सतीश जाटव दीपक बौरासी समेत टोली सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## गांव में घर-घर जाकर विद्यालय में बच्चों को म.प्र. शासन के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी




विनय उजाला

**मनावर, निप्र।** सी.एम. राइज स्कूल मनावर जिला धार म.प्र. द्वारा स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत संस्था की केचमेंट शाला ग्राम फूलतलाई में संस्था प्राचार्य सोहन शिन्दे एवं समस्त विद्यालयीन स्टाफ सदस्यों द्वारा तथा फूलतलाई के पार्षद प्रतिनिधि अनिल भूरीया एवं पूर्व पार्षद नूरा बाई अनारे के साथ मिलकर गाँव में घर घर जाकर पालको/ अभिभावको एवं बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया सी.एम.राइज के शिक्षकों द्वारा विद्यालय में बच्चों को म.प्र. शासन के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कक्षा अध्यापनकार्य, नि:शुल्क गणवेश, पुस्तके एवं साईकिल योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर पालको को अपने बच्चो को विद्यालय में प्रवेश लेने हेतु बताया गया।

इस अवसर पर ग्राम फूलतलाई में पूर्व पार्षद तथा गाँव में उपस्थित पालकों/अभिभावकों के साथ दो स्थानों पर खाटला बैठक आयोजित कर सी.एम. राइज विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देकर पालकों एवं बच्चों को विद्यालय में प्रवेश हेतु आमंत्रित किया।इस अवसर पर प्राचार्य श्री सोहन शिन्दे के द्वारा ग्रामिणों को बताया गया की सी.एम. राइज स्कूल योजना शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना है, जिसमें एस.सी. / एस.टी. अल्पसंख्यक एवं पिछडावर्ग के निर्धन परिवारों के बच्चों को विश्व स्तर की सुविधाओं के साथ शैक्षणिक कार्य करवाया जा रहा है। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में शासन द्वारा बच्चों के हित में शैक्षिक गुणवत्ता की दृष्टि से 38 करोड रूपये की लागत से सी. एम. राइज स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षक श्री शेखर चोयल ने पालकों का अभिवादन करते हुए बताया कि सी. एम. राइज स्कूल मनावर में केजी 1 एवं 2 के लिए 20-20 सीटें निर्धारित की गई है, जिसमें स्मार्ट बोर्ड के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से शैक्षणिक कार्य करवाया जा रहा है।

वर्तमान में विद्यालय में रिक्त सीटों के विरूद्ध पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। जिसमें केचमेंट एरिया फूलतलाई एवं जाजमखेडी सडक जगन्नाथपूरा जूनी मनावर के बच्चों को प्राथमिकता के साथ प्रवेश देने का प्रावधान है संख्या अधिक होने पर लॉटरी सिस्टम से प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। केजी 1 में प्रवेश के लिए आयु सीमा न्यूनतम 4 वर्ष व अधितम 5 वर्ष तथा केजी 2 के लिए न्यूनतम 5वर्ष एवं अधिकतम 6 वर्ष निर्धारित है एवं कक्षा 1 में न्यूतम 6 वर्ष एवं अधिकतम 7 वर्ष निर्धारित है। दिनांक 20 अप्रेल 2025 से विद्यालय में समर कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बच्चों की अभिरूची के अनुसार विषय विशेषज्ञों द्वारा दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा । विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को गोली बिस्कीट वितरीत कर नियमित विद्यालय आने हेतु प्रोत्साहित किया। शिक्षकों द्वारा गृह सम्पर्क कार्यक्रम के प्रति ग्रामिणों में उत्साह देखा गया एवं बच्चों को स्कूल भेजने हेतु सहमत हुए ।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई

## चार पहिया वाहन से अवैध शराब



विनय उजाला

**धार, निप्र।** जिले में आबकारी वृत्त सागौर में आबकारी विभाग की अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनयम,1915 की धारा 34(2) में प्रकरण दर्ज किया. कलेक्टर प्रियंक मिश्र के आदेशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार राजनारायण सोनी के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी नागेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वृत सागौर में अवैध बियर मदिरा से भरी हुई नीले रंग की सिट्रॉन कार द्बश्च-09-छ्वत्र-2136 से बगोदा उमरिया मार्ग पर 498 बल्क लीटर बियर मदिरा जप्त कर वाहन चालक उमेश पिता राधेश्याम चौधरी, निवासी-सादलपुर के ख़िलाफ़ के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया. उक्त कार्यवाही आवकारी उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह जादौन द्वारा नवीन विधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो आदि बनाकर की गई। जप्त मदिरा एवं वाहन की कुल अनुमानित क़ीमत लगभग रुपये 9,20,000/- है ।

उक्त कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह जादौन, राजेंद्र सिंह चौहान , प्रीति नरगावे , आरक्षक अलप सिंह चौहान, शोभाराम बघेल , तथा रीना भंडोले की टीम द्वारा की गई।

## 16 अप्रेल से 30 अप्रैल तक जल पखवाड़ा प्रारंभ



विनय उजाला

**बाग, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार दिनांक 16 अप्रेल से 30 अप्रैल तक जल पखवाड़ा प्रारंभ किया गया। आज इसके अंतर्गत शाला के समस्त स्टाफ एवं उपस्थित बच्चों ने जल संवर्धन एवं संचयन की शपथ ग्रहण की।

संस्था प्राचार्य डी एस बघेल ने शपथ के दौरान बच्चों को उद्बोधन देते हुए बताया कि इस कार्य को हमें एक अभियान के तौर पर करना है ।इसका उद्देश्य वर्षा जल का संचयन, संवर्धन,तथा इसके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण से योजना बनाने एवं जागरूकता लाना है ।हम स्कूल के साथ ही घर पर भी जल संरक्षण का कार्य करें।साथ ही इस पखवाड़े में शाला स्तरीय जल संरक्षण आधारित कार्यशाला,वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्र कला आदि का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्कूल एवं धार्मिक स्थलों पर सकोरे लगाए जाने की पहल

विनय उजाला



**पेटलावद, निप्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (क्क्कक्क) द्वारा पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्थानीय स्कूलों एवं धार्मिक स्थलों पर सकोरे (पानी के बर्तन) लगाए गए।गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और जीवों की सेवा की भावना को प्रेरित करता है। नगर मंत्री हर्षित चौहान के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्न हुआ। उनके साथ कॉलेज अध्यक्ष गौरव बलौरिया तथा अन्य कार्यकर्ता भी इस कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

अभियान की शुरुआत नगर के एक प्रमुख महाविद्यालय व विद्यालय से की गई ।परिषद के कार्यकर्ताओं ने वहां उपस्थित बच्चों को अभियान का महत्व समझाया। स्कूल परिसर में कई स्थानों पर सकोरे रखे गए ।इसके बाद धार्मिक स्थलों पर जाकर पक्षियों के लिए जल पात्र लगाए गए एवं थाने व नगर के कई स्थान पर सकोरे लगाए गए ।परिषद के कार्यकर्ताओं ने वहां साफ-सफाई कर जल भरे सकोरे स्थापित किए।

नगर मंत्री हर्षित चौहान ने कहा कि यह सेवा अभियान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कॉलेज अध्यक्ष गौरव बलौरिया ने युवाओं से इस कार्य से जुड़ने की अपील की। परिषद कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों को भी सकोरे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि गर्मियों में पक्षियों को पानी मिलना अत्यंत आवश्यक होता है। कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक सकोरे में ताजे पानी की व्यवस्था की। स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने इस पहल की सराहना की।

### हादसे में कोई जनहानि नहीं, मौके पर धामनोद पुलिस पहुंची

# घाट चढ़ने में ट्राले में लगी भीषण आग

विनय उजाला



**धामनोद, निप्र।** राऊ - खलघाट फोरलेन के गणपति घाट पर घाट चढ़ने के दौरान गाड़ी में अचानक से कैबिन में भीषण आग लग गई ।आग लगते ही वहान धु-धु कर जलने लगा। तभी मानपुर, महेश्वर, धरमपुरी फी फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई जनहानी नहीं। मौके पर धामनोद पुलिस पहुंची।

जानकारी अनुसार गुरुवार शाम को 4 बजें धामनोद की तरफ से आकर इंदौर की तरफ जा रहा ट्राला क्र आर जे 20 जी सी 4151 गणपति घाट घाट चढ़ने के दौरान ट्राले में अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते ट्राले का कैबिन धु -धु कर जलने लगा । आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। 40 मिनट के बाद मानपुर , धरमपुरी , महेश्वर कि फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कि मदद से आग पर काबू पाया गया। ट्राले का आग में कैबिन पुरी तरह जलकर खाक हो गया । बताया जा रहा है कि घाट चढ़ने के दौरान शाट सर्किट होने के कारण वाहन में आग लगी थी ।हादसें में कोई जनहानी नहीं हुई । धामनोद पुलिस मौके पर पहुंची।

**40 मिनट बाद पहुंची फायर ब्रिगेड :** घाट पर ट्राले में आग लगने के बाद करीब 40 से 45 मिनट बाद इंदौर जिले की मानपुर की फायर ब्रिगेड पहले पहुंची ।जिसके बाद धार जिले के धरमपुरी की फायर करीब एक से डेढ़ घंटे बाद एवं खरगोन जिले की महेश्वर की फायर ब्रिगेड भी करीब 1 घंटे बाद मौके पर पहुंची है । गणपति घाट के समीप 13 किलोमीटर दुर धामनोद में फायर ब्रिगेड ना होने के कारण करीब 35-40 किलोमीटर के आसपास की फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। जिसको आने में काफी समय लग गया। जिसके कारण वहान का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनिमत रही कि मानपुर की फायर ब्रिगेड ने समय पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया गया , नहीं तो ट्राले में लाखों रुपए का गेहूं भरा हुआ था जो आग की चपेट में आ जाता है और लाखों का नुकसान हो जाता ।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बंडवानी में जागरूकता शिविर मे म.प्र. अपराध पीडित्त प्रतिकर योजना की जानकारी दी



**बड़वानी, निप्र।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में सचिव श्री अमूल मण्डलोई के निर्देशन दिनांक 17 अप्रैल, 2025 को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय में जागरूकता शिविर किया गया गया आयोजन।शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री रॉबिन दयाल द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को सालसा एंव नालसा द्वारा संचालित योजना, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 एवं 2018, नेशनल लोक अदालत, मध्यस्थता, एव गुड टच बेड टच नि:शुल्क हेल्प लाईन न. 15100 की जानकारी दी।जागरूकता शिविर में पी.एल. व्ही सुश्री नाजिया खॉन, श्रीमती शैली सोंलकी, प्रभारी शिक्षक श्री जगदीश गुजराती एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

### 21 अप्रैल को बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने व पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक

**खरगोन, निप्र।** बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने एवं पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 21 अप्रैल को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में जिला मुख्यालय पर पदस्थ संबंधित अधिकारी बाढ़, आपदा एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए आवश्यक पूर्व तैयारियों के संबंध में कार्य/दायित्व से संबंधित आवश्यक जानकारी लेकर उपस्थित रहेंगे। वहीं अनुविभाग, तहसील, ब्लॉक लेवल पर पदस्थ अधिकारी गुगल मीट के माध्यम से जुडेंगे।

### 01 मई को 03 शासकीय वाहनों की खुली नीलामी

**खरगोन, निप्र।** राजस्व विभाग के जिला कार्यालय खरगोन के 03 शासकीय वाहनों की खुली नीलामी बोली के माध्यम से 01 मई 2025 को दोपहर 03 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में निविदाताओं के समक्ष की जाएगी। इन वाहनों में वाहन क्रमांक एमपी-02-एबी-9999 डस्टर, वाहन क्रमांक एमपी-2-एवी-4785 बोलेरो डीजल एवं एमपी-02एवी-2130 महिंद्रा जीप डीजल वाहन की खुली नीलामी की जानी है। कार्यालय में वाहन जिस हालत में रखा है उसी हालत में सौंपा जाएगा। वाहनों का निरीक्षण अवकाश के दिनों में कर सकते हैं। बोली लगाने से पूर्व बोलीदार को नगद 05 हजार अमानत राशि कलेक्टर कार्यालय के जिला नाजीर के पास जमा करना होगी। यदि किसी कारणवश नीलामी नियम दिनांक को नहीं की जा सकी तो उसके अगले दिन कार्य दिवस अथवा समिति द्वारा तय की गई दिनांक को नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। वाहन नीलामी संबंधी आवश्यक शर्ते www.khargone.nic.in इस वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

### 22 अप्रैल को जिले के आनन्द ग्राम पुनासला में एक दिवसीय आनंद अल्प विराम कार्यशाला का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** 17 अप्रैल को राज्य आनंद संस्थान भोपाल के निदेशक श्री सत्य प्रकाश आर्य एवं प्रवीण कुमार गंगराड़े वीसी के माध्यम से मप्र राज्य आनन्द संस्थान द्वारा प्रदेश भर के आनन्द ग्रामों में 22 अपैल को एक साथ कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। खरगोन जिले के झिरन्या विकासखण्ड के आनन्द ग्राम में शासकीय और अशासकीय 60 लोगों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला होगी। जिला नोडल अधिकारी श्री आरएन शर्मा व डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनन्द के.बी. मंसारे ने बताया कि इस एक दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य गांव स्तर पर लोगों के जीवन में आनंद खुशहाली के लिए गतिविधियां हैं। प्रेरक विडियो फिल्म और सकारात्मक दिशा में कार्य के लिए शांत समय, मौन और मनोरंजक गतिविधियां मास्टर ट्रैनर द्वारा कराई जाएगी। इस अवसर पर लखनलाल पगारे, पप्पू यादव, क्षमा मिश्रा, निहाल सिंह मुजाल्दे, काजल यादव, सिया वर्मा, रमेश चक्रवर्ती उपस्थित थे।

### 25 को भगवानपुरा व 26 को झिरन्या जनपद में परीक्षण शिविर

**खरगोन, निप्र।** दिव्यांगजनों को भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत एनटीपीसी के माध्यम से सीएसआर फण्ड से कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण जैसे बेट्री, चलित ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र, बैशाखी, स्मार्ट फोन, बैल किट, सीपी चेयर इत्यादि प्रदाय करने के लिए 25 एवं 26 अप्रैल को दिव्यांगजनों का चिन्हांकन करने परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांगजनों का चिन्हांकन के लिए 25 अप्रैल को जनपद पंचायत भगवानपुरा एवं 26 अप्रैल को जनपद पंचायत झिरन्या में परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। 25 अप्रैल को भगवानपुरा एवं 26 अप्रैल को झिरन्या में आयोजित होने वाले परीक्षण शिवरि में पूर्व में 23 नवंबर 2024 को झिरन्या एवं 26 नवंबर 2025 को भगवानपुरा में एलिम्को उज्जैन के माध्यम से आयोजित परीक्षण शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों को छोड़कर समस्त दिव्यांगजनों को शिविर स्थल तक अनिवार्य रूप लाया जाए। परीक्षण शिविर में समस्त दिव्यांगजनों को ग्राम पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, आशा कार्यकर्ता दिव्यांगजनों की यूडीआईडी कार्ड , आय प्रमाण पत्र (उपकरण की नि:शुल्क प्राप्ति के लिए 22500 या उससे कम मासिक आय), आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन/बीपीएस कार्ड और एक फोटो, व समग्री आईडी की साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

## दिव्यांगों के लिए निर्मित सहयोगी उपकरणों की जानकारी प्राप्त की

# आशाग्राम ट्रस्ट के कार्य अनुकरणीय : कलेक्टर

विनय उजाला





**बड़वानी, निप्र।** संस्थागत और सामुदायिक दोनों पुनर्वास एक ही स्थान पर आशाग्राम ट्रस्ट में प्रत्यक्ष रूप से साकार होते हुए देख सकते हैं। यह एक ऐसी संस्था है जो दोनों ही पुनर्वास कार्यों को अपने उद्देश्य में समाहित कर वंचित वर्ग के लिए समावेशी सामाजिक रचना को आकर दे रही है।

उक्त बातें कलेक्टर एवं आशाग्राम ट्रस्ट के अध्यक्ष सुश्री गुंचा सनोबर ने आशाग्राम ट्रस्ट अवलोकन के दौरान कहीं। सर्वप्रथम उन्होंने ट्रस्ट के संस्थागत पुनर्वास के प्रधानमंत्री आवास के कुष्ठ पुनर्वासित हितग्राही के ग्यारह परिवार को जन सहयोग से प्राप्त ग्यारह सीलिंग फैन भेंटकर उनसे कुशलता जानी। ऐसे बीस परिवारों को पूर्व में भी बीस पंखे उपलब्ध कराए गए हैं। इसके पश्चात सुश्री सनोबर के द्वारा ट्रस्ट द्वारा संचालित कृत्रिम अंग उपकरण निर्माण इकाई की कर्मशाला में पहुंचकर दिव्यांगों के लिए निर्मित सहयोगी उपकरणों की जानकारी प्राप्त की। स्वावलंबन से स्वाभिमान हेतु प्रारंभ किये गए हस्त निर्मित ताने-बाने से निर्मित वेस्ट को बेस्ट बना रहे दरी उत्पाद के विक्रय केंद्र शिवकुंज ताना-बाना पहुंचकर हस्त निर्मित उत्पाद को देखा एवं वस्तु स्थिति जानी।

निराश्रित मानसिक रोगियों के लिए संचालित आशा आश्रय गृह से बड़वानी जिले के रेवजिया और निवाली विकास खंड के निवासी दो मानसिक रोगियों को पारिवारिक पुनर्वास करते हुए सुश्री सनोबर ने कहा मात्र तीन वर्ष की अल्पावधि में त्रियालीश देश के विभिन्न राज्यों के निवासी मनोरोगियों का सामुदायिक एवं पारिवारिक पुनर्वास करना उत्तम चिकित्सा, सक्षम काउंसलिंग एवं कुशल नेटवर्क का परिणाम है। उन्होंने चौकसी वाला ज्वेलर्स के द्वारा आशा आश्रय अपना घर संचालन के लिए दिए जा रहे आर्थिक सहयोग को इस क्षेत्र के लिए प्रेरणा बताया।

**आशा चिकित्सालय में भर्ती आयुष्मान मरीजों से पूछे हाल-चाल :** सुश्री सनोबर के द्वारा ट्रस्ट द्वारा संचालित आशा चिकित्सालय का अवलोकन कर भर्ती मरीजों से आयुष्मान योजना अंतर्गत मिल रहे लाभ के विषय में जानकारी लेकर की गई शल्य चिकित्सा एवं उपचार के संबंध में चर्चा की। उन्होंने चिकित्सालय को संस्थागत एवं जन सहयोग से अपग्रेड करने के लिए संबंधितों को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बड़वानी श्री भूपेंद्र रावत, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री अजय कुमार गुप्ता, आशाग्राम ट्रस्ट के सचिव श्री राजेंद्र सोनी चौकसी वाला, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राहुल पाटीदार एवं आशाग्राम ट्रस्ट के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिवकुंज पर्यटन स्थल तपती गर्मी में भी ठंडक का एहसास करा रहा है

कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने जिला प्रशासन के द्वारा जन सहयोग से रचित शिवकुंज पर्यावरणीय पाठशाला पहुंच कर वर्ष 2018 में महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के द्वारा रोपित त्रिवेणी वृक्ष पर पक्षियों के लिए दाना पात्र लगाकर जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया। कलेक्टर सुश्री सनोबर ने कहा शिवकुंज पर स्थापित प्रत्येक दर्शनीय स्थल स्वयं ही अनेक प्रकार के संदेशों से निहित है। जिनमें सेव द अर्थ जहां पृथ्वी के संरक्षण की बात कर रहा है वहीं गोवर्धन धारी गुफा भी जैव विविधता संरक्षण का संदेश दे रही है। उन्होंने पंचमुखी हनुमान जी की विशाल प्रतिमा एवं आदियोगी प्रतिमा के दर्शन कर शिवकुंज को ध्यान साधना से परिपूर्ण लोगों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने वाला आध्यात्मिक पर्यावरणीय केंद्र बताया।

## जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : जल गंगा संवर्धन अभियान

विनय उजाला




**बड़वानी, निप्र।** राजपुर विकास खण्ड में जल संरक्षण की मुहिम जोरों पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और जल संसाधनों का संरक्षण करना है।शासकीय हाई स्कूल उपला में परामर्श दाता अमृता मोदी ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने जल संरक्षण के महत्व और जल संसाधनों के संरक्षण के तरीकों के बारे में बताया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य और नवांकुर से श्री सायसिंग नरगावे ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।विद्यार्थियों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इस रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया।मध्य प्रदेश सरकार जल संरक्षण के लिए कई पहल कर रही है। यह अभियान जल संरचनाओं के सतत संरक्षण और भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सशक्त कदम है इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री गुमान सिंह और सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## पुलिस ने ऑन लाईन आई.पी.एल. क्रिकेट सट्टा खेलने वाले आरोपियों को पकड़ा

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** मण्डलेश्वर पुलिस ने ऑन लाईन आई.पी.एल. क्रिकेट सट्टा खेलने वाले आरोपीयों पिंटु उर्फ रियाज पिता कमाल्लुदीन उम्र 36 साल निवासी शास्त्री नगर 271 शहीद इन्द्रा ज्योति नगर जयपुर राजस्थान हाल ग्रीन पार्क कालोनी मण्डलेश्वर 2. कुतुबुदीन पिता कमाल्लुदीन उम्र 42 साल निवासी ग्रीन पार्क कालोनी मण्डलेश्वर को पकड़ा । ये आरोपी आई.पी.एल. दिल्ली और राजस्थान के टी-20 क्रिकेट मैच में हार जीत का दांव लगाकर रूपये पैसो से सट्टा खेल रहे थे। मण्डलेश्वर पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार कर इनके पास से अवैध सट्टा संचालित करने में उपयोग किए जा रहे समस्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसमे 01 लैपटॉप, 08 मोबाईल , रजिस्टर जिसमें करीबन 30 लाख 22 हजार 600 रुपये का हिसाब किताब किया हुआ, पेन, चार्जर कुल लगभग 78,700/- रुपये का सामान अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया । आरोपीयों के विरूद्ध मण्डलेश्वर थाने में अपराध क्रमांक 133/25 धारा 49,3(5) भारतीय न्याय संहिता 4 (क) सट्टा अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

### नाबार्ड की सीजीएम ने निमाड़ फ्रेश एफपीओ का निरीक्षण किया

## डिजिटली आगे बढ़े, ब्रांड बनाएं व एक्सपोर्ट को बढ़ावा दें : नाबार्ड सीजीएम श्रीमती सी. सरस्वती

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सीजीएम श्रीमती सी. सरस्वती द्वारा 16 अप्रैल को खरगोन के मोमिनपुरा स्थित निमाड़फ्रेश कृषि विकास फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय एवं काबुली चना प्रोसेसिंग यूनिट, सोलर ड्रायर, रेसिडू फ्री मिर्च की नर्सरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक महाप्रबंधक सलिल ज़ोकरकर, जिला विकास प्रबंधक विजेंद्र पाटिल, कंपनी के डायरेक्टर बालकृष्ण पाटीदार, सोहन पाटीदार, दिलीप पाटीदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिओम भूरे, प्रमोटर डायरेक्टर गोपाल मित्तल, प्रवीण राठौर, संतोष पाटीदार, अन्यएफपीओ के निदेशकगण, 30 से अधिक किसान तथा निमाड़फ्रेश की पूरी टीम उपस्थित रही।निरीक्षण के दौरान श्रीमती सरस्वती ने किसानों को प्रेरित करते हुए एफपीओ को सुझाव दिया कि अब निमाड़फ्रेश को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी सशक्त रूप से कार्य करना चाहिए। उन्होंने मोबाइल ऐप डेवेलपमेंट, उत्पाद बढ़ाने तथा ब्रांडिंग के माध्यम से बाज़ार में अपनी मजबूत पहचान बनाने की बात कही। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि सीजीएम श्रीमती सरस्वती की उपस्थिति मे प्लांट पर मौजूद एक किसान सदस्य का चना निमाड़ फ्रेश के डायरेक्टर्स द्वारा उचित मूल्य पर खरीदा, जो अपना उत्पाद लेकर वहाँ पहुँचा था। इससे यह स्पष्ट संदेश गया कि नाबार्ड सदैव किसानों के हित में तत्पर है और हमेशा रहेगा। सीजीएम श्रीमती सरस्वती ने अपने संबोधन में निमाड़फ्रेश को निर्यात क्षेत्र में कदम बढ़ाने तथा स्वयं की ब्रांडिंग के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दिशा में निमाड़फ्रेश ने आश्वस्त किया कि वर्ष 2025-26 में कंपनी 25-30 करोड़ रुपये का कारोबार करेगी और अधिक से अधिक किसानों को इससे लाभान्वित करेगी। निमाड़फ्रेश ने अब तक अपने 300 किसान सदस्यों का एक्सीडेंटल बीमा भी करवाया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में उन्हें आर्थिक सहयोग प्राप्त हो सके।

उल्लेखनीय है कि निमाड़फ्रेश केवल उत्पाद खरीद-बिक्री ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण कृषि इको सिस्टम डेवलपमेंट पर काम कर रही है। जिसमें मिट्टी की जाँच, रेसिड्यू फ्री (नर्सरी) पौध तैयार करना, एग्रोनॉमी सेवाएं प्रदान करना और अंतत: किसानों से उत्पाद खरीद कर उन्हें उचित लाभ देना शामिल है। निमाड़फ्रेश की यह पहल न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि एफपीओ मॉडल को भी सफल एवं टिकाऊ दिशा प्रदान करेगी।

### आपराधिक कानूनों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

## प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आधुनिक कानूनों की सटीक जानकारी सुनिश्चित करना : पुलिस अधीक्षक

विनय उजाला



**बड़वानी, निप्र।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बड़वानी जिले में नवीन आपराधिक कानूनों (वर्ष 2023) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं रिकॉर्ड प्रबंधन की आधुनिक विधियों के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अनुभाग स्तर पर किया गया है। यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025 तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज दिनांक 16.04.25 को अनुभाग बड़वानी, राजपुर एवं सेंधवा में विभिन्न स्थलों पर किया गया।

अनुभाग बड़वानी का प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागृह में संपन्न हुआ जिसमें 38 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। अनुभाग राजपुर का प्रशिक्षण आजीविका भवन, राजपुर में आयोजित हुआ जिसमें 35 पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही। अनुभाग सेंधवा का प्रशिक्षण थाना सेंधवा ग्रामीण में हुआ जिसमें 24 पुलिस अधिकारियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवीन अधिनियम की प्रमुख धाराओं, प्रक्रियाओं, पुलिस दायित्वों तथा डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन पद्धतियों की विस्तृत जानकारी देना है। शिविर में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा अधिनियम की गहन व्याख्या, केस स्टडी, सीसीटीएनएस, आईसीजेएस, ई-विवेचना, अरेस्ट एंड कस्टडी (नवीन कानून के अनुसार), डिजिटल साक्ष्य संग्रहण, ई-समन/वारंट, एमपी कॉप, संकलन पोर्टल, ई-रक्षक ऐप आदि पर विशेष जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान व्यवहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान की दिशा में भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर* के निर्देशन में यह शिविर एसडीओपी बड़वानी श्री दिनेश सिंह चौहान, एसडीओपी राजपुर श्री आयुष अलावा एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है।

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि नवीन अधिनियम 2023 केवल कानून का दस्तावेज नहीं, बल्कि पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इसी प्रकार अनुभाग बड़वानी में श्री दिनेश सिंह चौहान, अनुभाग राजपुर में श्री आयुष अलावा तथा सेंधवा अनुभाग में श्री अजय वाघमारे ने प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से नवीन कानूनों की व्याख्या कर अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। यह प्रशिक्षण शिविर जिले में पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं विधिक जानकारी को अद्यतन करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

### खरगोन में देश के 448वें पासपोर्ट सेवा केन्द्र का हुआ शुभारंभ

# विदेश जाने के इच्छुक नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में समय और धन दोनों की होगी बचत









विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** शहर के एसडीएम कार्यालय परिसर स्थित भवन में खरगोन बड़वानी सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नगर पालिका परिषद खरगोन अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी , उपाध्यक्ष भोलू कर्मा , विदेश मंत्रालय संयुक्त सचिव एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी के.जे.श्रीनिवासन, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितांशु चौरसिया, वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर खण्डवा आसिम खान, कलेक्टर भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना , एसडीएम बी.एस.कलेश सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में देश के 448वें नवीन डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खरगोन पासपोर्ट केन्द्र द्वारा खरगोन निवासी सतीश चन्द्र अक्का राजू का प्रथम पासपोर्ट बनाया गया। अतिथियों द्वारा केन्द्र पर बना प्रथम पासपोर्ट सतीश चन्द्र को प्रदान किया गया। सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि खरगोन में पासपोर्ट सेवा केन्द्र का खुलना खरगोन जिले के लिए एक बड़ी सौगात और उपलब्धि है। जिले में पासपोर्ट सेवा केन्द्र की शुरुआत होने से विदेश जाने के इच्छुक नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में समय और धन दोनों की बचत होगी। पासपोर्ट बनाने के लिए खरगोन जिले के नागरिकों को अब इंदौर, भोपाल, खण्डवा जैसे केन्द्रों पर नहीं जाना पड़ेगा। खरगोन में पासपोर्ट केन्द्र बन जाने से इस जिले के व्यापारियों, छात्र-छात्राओं एवं पर्यटकों को लाभ होगा। इससे जिले के विकास को गति मिलेगी और व्यापार, व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल के प्रयासों से केंन्द्र सरकार द्वारा खरगोन जिले को एक नई सौगात दी गई है। यह सौगात खरगोन जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इस केन्द्र के बनने से खरगोन जिले के नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने के लिए अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। कार्यक्रम को विदेश मंत्रालय संयुक्त सचिव एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी श्री निवासन, पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर क्षेत्र श्रीमति प्रीति अग्रवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्री शितांशु चौरसिया एवं वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर खण्डवा आसिम खान ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लाइंग व्हील्स स्केटिंग क्लब का रहा एक तरफा प्रदर्शन



**देवास, निप्र।** जिला रोल बाल संघ द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक रोल बाल चैपियनशिप में फ्लाइंग व्हील्स स्केटिंग क्लब के बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा। 11 वर्ष बालक में बालक प्रथम स्थान टीम में अभय चौहान, देवेंद्र जैस्वाल, हर्ष कुश्वाह, दिव्यांश वर्मा, वेदांश वर्मा, नमन सिलोदिया। 14 वर्ष बालक प्रथम स्थान टीम में निषित ठाकुर, कृष्णा चौधरी, जय शुर्यवंशी, केशव ठाकुर, तरुण कुमावत, ऋषि ठाकुर. इसी के साथ 14 वर्ष बालक टीम तृतीय स्थान टीम में शौर्य दुबे, पार्थ गोस्वामी, सौरभ भूटानिया, कुशल जाधव, यथार्थ नाड़ीया, इफ्राज खान। 17 वर्ष बालक द्वितीय स्थान टीम में मयूर धुर्वे, यश शुर्यवंशी, शिवा ठाकुर, संयम वर्मा, शिवांश कारपेंटर, देवेंश डोडिया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान टीम में आयुष बहरे, उत्सव बरोड, अयान सिद्धकी, अक्षत कुमरावत, बंधन गोसर। टीम के कोच तन्मय मेहता और टीम की मेनेजर माही मेहता रहे।

### खेलो में मेहनत से ही तरक्की और मंजिल मिलती है



**देवास, निप्र।** खेलों में मेहनत और लगन से ही तरक्की और मंजिल मिलती है उक्त बातें आज खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे बेडमिंटन स्टेडियम में बैडमिंटन खेल के 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर देवास नगर निगम सभापति रवि जैन ने बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम के विशेष अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने इस अवसर पर कहा कि सरकार खेलों के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और उसके परिणाम स्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों से भी खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रगति एथलेटिक्स क्लब के सचिव अनिल श्रीवास्तव, यश सोनी, पवन यादव भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल और युवा कल्याण विभाग के जावेद पठान ने की. सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत रोहित गुप्ता, अर्जुन सिंह, अक्षय गुप्ता, आरुष सुपेकर, नीति गिरी व राहुल वर्मा ने किया। इस अवसर पर श्यामगढ़ में आयोजित ओपन राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में बालक अंडर 19 डबल्स में उपविजेता रहे देवास के नबील कुरैशी का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम का संचालन यशवंत डगोरा ने एवं आभार रोहित गुप्ता ने माना ।

### टैंकर ने आगे चल रही कार को टक्कर मारी, चार लोग घायल, टक्कर के बाद कार पलटी, हाईवे पर लगा जाम




**सोनकच्छ, निप्र।** इंदौर भोपाल हाईवे पर गुरुवार दोपहर को तेल से भरे टेंकर ने आगे चल रही मारुति कार को पिछे से टक्कर मार दी जिससे कार पलटी खा गईं और कार में सवार छह लोगों में से चार लोगों को चोटें आई वहीं हाइवे पर जाम लग गया। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार दोपहर को सोनकच्छ के हाइवे पर टेंकर क्रमांक जीजे 06 बीटी 0100 जो भोपाल तरफ से इंदौर की ओर जा रहा था ने आगे चल रही कार क्रमांक एमपी 41 ZC 6956 को जोरदार टक्कर मर दी जिससे कार पलटी खा गईं और चारों टायर उपर हों गये, इस घटना में कार में सवार छह लोगों में से चार महिलाओं को चोटें आई जिन्हें सिविल अस्पताल सोनकच्छ लाया गया और प्राथमिक उपचार देकर देवास जिला अस्पताल रेफर किया गया। कार सवार सिहोर जिले के डोडी से बागली जा रहें थे।

### शीतला माता के पास बने गार्डन पर कब्जा, नोटिस देने के बाद भी नही हटाया, 3 दिन में हटाने के लिए निर्देश

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर परिषद अध्यक्ष व सीएमओ ने शीतला माता मंदिर के समीप बने पुराने गार्डन पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर रखा हुआ है। जिसे रविवार तक हटाने के निर्देश दिए है। नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति बघेल व सीएमओ विष्णुप्रसाद देवड़ा ने शीतला माता मंदिर के पास बने गार्डन का निरीक्षण किया। इस दौरान वाजिद अली द्वारा गार्डन पर ईंट व सीमेंट रखकर अवैध कब्ज़ा कर रखा था। इस दौरान अध्यक्ष ने सीएमओ को निर्देश दिए कि कई आवेदन नप को प्राप्त हुए है और संबंधित द्वारा अभी भी यह अतिक्रमण नही हटाया गया है। यहां उपस्थित भाजपा नेता रामप्रतापसिंह बघेल व कांग्रेस नेता यशपाल सिंह बघेल ने अध्यक्ष से कहा कि ये लोग माता पूजन करने आए लोगों को पीपल की पूजा नही करने देते है। इस पर अध्यक्ष ने संबंधित को कहा कि यह गलत बात है आप आस्था के साथ खिलवाड़ नही कर सकते है। आप रविवार तक अतिक्रमण हटाएं। सीएमओ देवड़ा ने कहा कि, अतिक्रमणकारी रविवार तक अतिक्रमण नही हटाता है तो नप कार्रवाई करेगी। इस दौरान अध्यक्ष ने शीतला माता मंदिर के बाहर पानी की खाली बोतले देखी तो वे खुद सफाई करने के लिए पानी की बोतल उठाई। यह देख उपस्थित नेताओं ने भी पानी की बोतल उठाई व उसे थैली में रखकर इकट्ठा किया।

### पति ने पत्नी की हत्या कर फरार हो गया

**सोनकच्छ, निप्र।** अनुभाग के टोंकखुर्द थाना क्षेत्र के ग्राम सालमखेड़ी में पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी के सिर और चेहरे पर तवे से कई वार घर के पति ने पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद पति मौके से फरार हो गया। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। हत्या की सूचना मिलने के बाद टोंकखुर्द पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फरार आरोपित की तलाश में पुलिस टीम लगी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवास शहर जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया देर रात वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर हुए विवाद में आरोपित 35 वर्षीय स्वरूप सोलंकी पुत्र गंगाराम सोलंकी ने अपनी पत्नी 30 वर्षीय संजना मालवीय के सिर और चेहरे पर तवे से जमकर मारपीट जिससे महिला की मौत हो गई।आरोपी पति की तलाश कर रही पुलिस हत्या के बाद आरोपित फरार हो गया है, उसकी तलाश में टोंकखुर्द क्षेत्र सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में पुलिस टीमों को लगाया गया है। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपित के पकड़ में आने के बाद ही हत्या के मूल कारण का पता चल सकेगा।

## देवास जिले को कुपोषण मुक्त करने के लिए कलेक्टर का नवाचार

# देव संवर्धन अभियान शुरू होगा

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** देवास जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए एक नवाचार देव संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ऐसे ग्राम जहां कुपोषण ज्यादा है। उन ग्रामों को चिन्हित करते हुए, वहां पर समस्त विभागों द्वारा समन्वय कर ग्राम का विकास किया जाए। कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं महिला बाल विकास विभाग की विभागीय योजना की समीक्षा बैठक में इस नवाचार को विस्तार से रखा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रेलम बघेल, सहायक संचालक संजय भारद्वाज, सहायक संचालक लवनीत कोरी, समस्त परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले को कुपोषण मुक्त बनाना है। इसके लिए सभी जूट जाएं। उन्होंने कहा कि देवास जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए एक नवाचार देव संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ऐसे ग्राम जहां कुपोषण ज्यादा हे उन ग्रामों को चिन्हित करते हुए, वहां पर समस्त विभागों द्वारा समन्वय कर ग्राम का विकास किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के सफल क्रियान्वय एवं पात्र नागरिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ देने के निर्देश परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षक को दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जिनके द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन नियमित एवं व्यवस्थित रूप से नहीं किया जा रहा है तथा पोषण ट्रेकर एप में एन्ट्री नहीं की जा रही है उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने महिला बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास के सहयोग से प्रत्येक ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण वाटिका बनाई जाएगी एवं जिले में अप्रैल माह के लक्षित गंभीर एवं अति गंभीर कुपोषित बच्चों की साप्ताहिक ट्रैकिंग/ पोषण निगरानी/ ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर संपूर्ण टीकाकरण/ स्वास्थ्य जांच / आर.बी.एस. के टीम के सहयोग से उनकी स्क्रीनिंग की जाएगी, चलो निभाए अपनी जिम्मेदारी एवं पोषण भी पढ़ाई भी को भी एकीकृत कर आगामी 6 माह में कुपोषण खत्म करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत प्रत्येक बच्चे की ट्रैकिंग की जाएगी एवं नियमित समीक्षा होगी।

## ट्रेवल्स एजेंसी बनाकर वाहन अटैच कर लेते, एक-दो महीने किराया देता फिर बाले-बाले बेच देता था

### थाना बैंक नोट प्रेस ने वाहनों की धोखाधड़ी के आरोपी को किया गिरफ्तार

विनय उजाला






**देवास, निप्र।** वाहनों को किराये पर अटैच कराने के नाम पर वाहन स्वामी का विश्वास जीतकर ले लेते, फिर उस वाहन को बेच देते। पुलिस ने ऐसे 18 चार पहिया वाहन जिनकी कीमत 1 करोड़ 65 लाख रुपए है को जब्त किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया। 31 मार्च को आवेदक भगवान सिंह पिता सेवाराम सोलंकी निवासी ग्राम रायपुरा तहसील तराना जिला उज्जैन ने थाना बैंक नोट प्रेस आकर शिकायत दर्ज करवाई कि अनावेदकगण युवराज सिंह पिता विजेन्द्र सिंह चौहान तथा सावन उर्फ अमन पिता भरत कौशल निवासीगण देवास ने आवेदक के साथ वाहन को किराये पर चलाने का एग्रीमेंट कर चार पहिया वाहन प्राप्त किया। अनावेदक एग्रीमेंट के मुताबिक मासिक किराया नही दे रहे है एवं अपना वाहन मांगने पर वाहन को भी वापस नही कर रहे।

जांच में पाया गया कि अनावेदकगणों द्वारा कई व्यक्तियों से इसी प्रकार एग्रीमेंट कर वाहन प्राप्त कर धोखाधडी पूर्वक एग्रीमेंट का उल्लंघन कर वाहन को छिपाकर अमानत में खयानत कर रहे है। आवेदकों की रिपोर्ट पर से थाना बैंक नोट प्रेस में आरोपीगण के विरूद्ध धारा 318 (4),316 (2) ब्हस्र् का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस अमित सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया. मुखबिर द्वारा बताए गए व्यक्ति सावन को पुलिस अभिरक्षा में लेकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि युवराज सिंह चौहान द्वारा राजेश्वरी ट्रेवल्स नाम से अपनी ट्रेवल्स एजेंसी खोली गई, उसके प्रचार प्रसार उपरांत लोगों से संपर्क कर उनके चार पहिया वाहन को एजेंसी में अटैच करने का बोलकर किराये पर वाहन लेने का एग्रीमेंट किया जाता। वाहन स्वामी से वाहन प्राप्त कर शुरुआती 1-2 माह तक मासिक रूप से एग्रीमेंट मे उल्लेखित राशि का भुगतान करते, बाद में किश्ते देना बंद कर देते। वाहन स्वामी द्वारा अपना वाहन वापस मांगने पर वाहन स्वामी को वाहन वापस नही लौटाया जाता, तथा वाहनों को अन्य व्यक्तियों को वाहन स्वयं के निजी लाभ हेतु गिरवी रख दिया जाता।

**गिरफ्तार आरोपी:** सावन उर्फ अमन पिता भरत कौशल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कोलूखेडी थाना विजयागंज मंडी जिला देवास।

### निरीक्षण : कालीसिंध नदी में पर्याप्त पानी, मोटर पंप लगाकर कोटेश्वर से पानी टंकी में लाकर करेंगे सप्लाय

## सोनकच्छवासियों को गर्मी में भरपूर पानी मिलेगा भ्रान्ति फैलाने वालों पर ध्यान न दें : अध्यक्ष बघेल

विनय उजाला



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी का जलस्तर लगातार गिर रहा है। इसके कारण नप अध्यक्ष व सीएमओ ने पेयजल टंकी व कोटेश्वर महादेव पर जलस्तर देखने के लिए पहुंचे।

नप अध्यक्ष श्रुति बघेल व सीएमओ विष्णुप्रसाद देवड़ा ने कालीसिंध नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने जल वितरण की जानकारी पेयजल प्लांट पर तैनात कर्मचारियों से ली। उन्होंने कहा कि संसाधन की कमी न हो तो नगर में जल संकट नही आने देंगे। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि, डिमांड बताएं आपको सामग्री मिल जाएगी लेकिन नगर में जल सप्लाय बंद नही होने देंगे। अध्यक्ष ने टंकी पर नदी पर जल व्यवस्था देखी इसके बाद अध्यक्ष कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां उन्होंने पानी देखकर खुशी जताई व कहा कि, यह नगर तपोस्थली व संतो की भूमि है। यहां जल की कमी आ नही सकती है। इसलिए नगरवासी चिंता न करें भरपुर पानी है गर्मी में भी पानी भरपुर देंगे। किसी को कोई समस्या नही आने देंगे, भ्रांतियों पर ध्यान नहीं दें। नगरवासियों को कोटेश्वर महादेव मंदिर से आगे पपिंग मशीन लगाकर पानी आपूर्ति चालू रखेंगे। जल की समस्या दूसरी जगह हो सकती हो लेकिन सोनकच्छवासियों को पर्याप्त पानी देंगे। इसके लिए हमारा मास्टर प्लान तैयार है। साथ ही मंदिर के समीप एक कुआँ जो कि नदी का पानी ले रहा है उसे तत्काल बंद करो। सीएमओ यह आपकी जवाबदारी है। इसे विशेष रूप से ध्यान रखा जाएं। उधर वैंकटेश मंदिर में बनी वर्षों पुरानी बावड़ी का निरीक्षण भी किया। उसे जीर्णोद्धार के निर्देश सीएमओ को दिए है। यह कार्य रविवार को शुरु करने को कहा गया है। इस अवसर पर राजेश यादव, रामप्रताप बघेल, यशपाल बघेल सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। उधर अध्यक्ष द्वारा नप द्वारा लिए नए पानी टेंकर का उद्धघाटन किया गया।

## सर्व ब्राह्मण युवा परिषद द्वारा समाज को परशुराम जी की प्रतिमा भेंट की गई



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जानकारी देते हुए आदित्य दुबे ने बताया कि स्थानीय खेड़ापति होटल में सर्व ब्राह्मण युवा परिषद इंदौर द्वारा राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी की पीतल की दिव्य प्रतिमा सर्व ब्राह्मण समाज देवास को भेंट की गई। प्रतिमा भेंट का यह कार्यक्रम स्वर्गीय विष्णु प्रसाद शुक्ला इंदौर (बड़े भय्या) की स्मृति में सर्व ब्राह्मण युवा परिषद के संयोजक विकास अवस्थी व संगठन द्वारा बाबूजी के संकल्प को पूरा करते हुए भगवान परशुराम जी की पीतल की प्रतिमा भेंट करने का कार्य प्रारंभ किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए विकास अवस्थी ने उद्बोधन में बताया कि यह दिव्य प्रतिमा शुद्ध पीतल की है जिसका वजन 49 किलो है। आगे यह प्रतिमा पूरे प्रदेश मे समाज को संगठित करने वाले ब्राह्मण समाज संगठनों तक पहुंचाई जाएगी। अन्य जानकारी देते हुए बताया कि सर्व ब्राह्मण युवा परिषद द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को छात्रवृत्ति देने का कार्य भी 10 वर्षो से जारी है। इस वर्ष 19 लाख 41 हजार रुपए द्वारा 511 विद्यार्थियों की सहायता की गई है। जिसके साथ ही अन्य कालेज में 57 सीट पर आर्थिक रूप से कमजोर समाजजन को निशुल्क प्रवेश दिलवाया गया है। जिसकी कुल फीस 97 लाख रुपए है। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने मंचासीन जसराज मेहता, विकास अवस्थी कन्नू मिश्रा अंकित त्रिवेदी, प्रमोद दुबे, अभय तिवारी, केतन तिवारी, का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अतिथियो के साथ समाज महिला अध्यक्ष यशोदा शर्मा, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, पार्षद द्वय दीपेश कानूनगो, अपर्णा जोशी मंचासीन रहे। इस अवसर पर पूर्व समाज अध्यक्ष संजय शुक्ला का संस्था ब्रह्म बंधुत्व के संवरक्षक मनोनीत होने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आशुतोष जोशी पप्पू जी, प्रयास गौतम, सुभाष पंड्या, महेंद्र उपाध्याय, सतीश दुबे, दीपक जोशी, आकाश अवस्थी, छोटू पांडे विमल शर्मा, रितेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया व आभार प्रयास गौतम ने माना।

## किसान की जेब से तीन अज्ञात लोगों ने 45 हजार रुपए निकाले, गेंहू की फसल बेच कर अपने घर जा रहा था

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में गेहूं की फसल बेच कर, व्यापारी से फसल के रुपए लेकर अपने घर जा रहें किसान से रास्ते में तीन अज्ञात रिक्शा सवार लोगों ने किसान की जेब में रखे 45 हजार रुपए निकाल लिए और फरार हो गए। पीड़ित किसान किशोर सिंह पिता हाकमसिंह निवासी खेड़ा खजूरिया सोनकच्छ ने अपने अंकल कालूसिंह के साथ आकर सोनकच्छ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं खेती करता हूं। बुधवार को सोनकच्छ अनाज मंडी में 19 क्विटल गेहूं 2425/- रूपये के भाव से बेचकर नगदी 46,591 /- रूपये लेकर अपने घर जा रहे थे। गंधर्वपुरी फाटे पर एक आटो रिक्शा वाला गंधर्वपुरी तरफ जा रहा था जो मुझसे बोला चल रहे हो क्या मैं रिक्शे में बैठ गया थोडी दूर जाने पर रिक्शे मै अन्य दो लोग बैठ गये और रिक्शे में सवार एक व्यक्ति ने थूकने के बहाने से मेरे ऊपर चढ़ते हुए बहार मुंह निकाल कर थूका और थोड़ी दूर जाकर रिक्शा चालक बोला कि मैं अपना कुछ सामान गंधर्वपुरी फांटे पर भुल आया हूं और मुझे उतार कर इंतजार करने का बोला। दस मिनट तक इंतजार करने के बाद भी वह लोग नहीं आएं और मेने अपनी जेब देखीं तो मेरी जेब में रखे

45,000/-रूपये नहीं थे रिक्से में बैठे दो आदमीयो से 45,000/-रूपये जेब से निकाल कर चोरी कर लिये घटना मैने अपने गांव के कालूसिह को बतायी कल से आज तक उन रिक्से वालो की तलास करते रहा नहीं मिले तब आज मै कालूसिंह को साथ लेकर रिपोर्ट को आया हूं। रिपोर्ट करता हू। कार्यवाही की जावे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोट गिनने के बहाने रुपए निकाले... गुरुवार को स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया में रुपए निकालने आयें व्यक्ति के रुपए गिनने के बहाने से अज्ञात व्यक्ति ने 11 हजार से अधिक रुपए पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित व्यक्ति लोकेन्द्रसिंह सेंधव निवासी मुंडला आना ने पुलिस को आवेदन देते हुए बताया कि गुरुवार दोपहर वह नगर की बैंक आफ इंडिया शाखा में रुपए निकालने गया था जहां पर उसने 50 हजार रुपए निकाले, जिसमें बैंक से मुझे 20-20 की दो गड्डी और एक गड्डी 10 के नोट की दी गई, वहीं पास में एक अज्ञात व्यक्ति खड़ा था और मुझसे नोट गिनने के बहाने से 20 रुपए के नोट की गड्डी गिनती करने हेतु ले ली और मैं दूसरे नोट गिनने लगा कुछ देर बाद अज्ञात व्यक्ति ने मुझे नोट की गड्डी यह कहते हुए दे दी की नोट बराबर है मेने वह गड्डी अपने झोले में रख ली, थोड़ी देर बाद मैंने जब गड्डी देखी तो उस में से 11 हजार 8 सौ रुपए कम निकले। मैं तुरंत बैंक में गया तब तक वह अज्ञात व्यक्ति फरार हो गया था लेकिन उक्त घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हों गई। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

### कचरा मुक्त शहर और वाटर प्लस संयुक्त सर्वे की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने की बैठक

# सड़क साफ-सुथरी हो, खुली नाली न दिखे, गार्डन भी साफ सुथरे दिखें

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 हेतु कचरा मुक्त शहर (स्टार रेटींग) ओर वॉटर प्लस की संयुक्त रूप से की जा रही तैयारियों को लेकर एक बैठक निगम बैठक हाल में बुधवार 16 अप्रैल को ली गई। जिसमें स्टार रेटिंग ओर वॉटर प्लस का सर्वे होना है जिसके संबंध में दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिया गया।

बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण के मुख्य बिन्दुओं में सड़के साफ रहे, पेवर ब्लॉक साफ रहे, यदि बैकलेन हो तो वो साफ रहे, नाली कवर रहे एवं जाली लगी हो, पोस्टर बेनर न रहे, थ्रीआर आइटम रखा हो, बर्तन बैंक/झोला बैंक/क्लॉथ बैंक/ आरआरआर सेंटर बना हो, सीएण्डी मुक्त सड़कें, निर्माण मकानों पर ग्रीन नेट, हैंगिंग बैनर न हो, रेड स्पॉट/येलो स्पॉट न हो, आवारा मवेशी घूमते ना पाए जाए, पशु मल न नजर आए, नालों की सफाई स्क्रीन फिल्टर लगे हो, वाटर बॉडी साफ हो और जुर्माना बोर्ड लगा हो, गार्डन की सफाई और लाइट व्यवस्था, गार्डन कंपोस्ट पिट रिपेयर हो। इसी प्रकार शौचालय एवं मूत्रालय पर देखे जाने वाले आवश्यक बिंदु लाइट की व्यवस्था, एक्जास्ट फैन की व्यवस्था, विकलांग हेतु रैंप एवं रेलिंग, बच्चों के लिए पृथक व्यवस्था हैंडल अनिवार्य है, ट्रांसजेंडर, सफाई सामग्री, वेंडिंग मशीन, इंसीनेटर, फीडबैक मशीन, कर्मचारियों की जानकारी, उपयोगिता शुल्क की जानकारी, सेप्टिक टैंक के आसपास की सफाई।

कचरा वाहन में देखे जाने वाले बिन्दु कचरा वाहन का फोटो, चारों कंपार्टमेंट का फोटो, जीपीएस डिवाइस का फोटो, हूटर का फोटो एवं वीडियो, हेल्पर ड्राइवर के फोटो यूनिफार्म में हो आदि विषयों पर तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक मे निगम प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, उपयंत्री दिलीप मालवीय, सुर्यप्रकाश तिवारी, राजेश कोशल, पलक श्रीवास्तव, श्याम सुन्दर रघुवंशी, चंदन सोनी, जीवन रावत, विशाल जगताप, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, हरेन्द्रसिह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, रवि गोयनार, स्वच्छता मिशन से विश्वजीतसिह, विशाल जोशी, अरूण तोमर आदि उपस्थित रहे।

पोटचेफस्ट्रूम आमंत्रण टूर्नामेंट

# 84.52 मीटर थ्रो के साथ नीरज ने जीता स्वर्ण




2024 के पेरिस ओलंपिक में नीरज ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था

नई दिल्ली, (हि.स.)

**डबल ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका में पोटचेफस्ट्रूम इनविटेशनल में 84.52 मीटर के प्रभावशाली थ्रो के साथ अपने 2025 सीजन की शुरुआत की।**

इस प्रदर्शन ने विश्व एथलेटिक्स के लिए महत्वपूर्ण वर्ष में छह पुरुषों के क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। चोपड़ा 25 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी भाला फेंक खिलाड़ी डौ स्मिट से काफ़ी आगे रहे, जिन्होंने 82.44 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। भारतीय स्टार ने शुरुआती सीजन में कुछ मज़बूत थ्रो किए, जिसमें सिर्फ़ वह और स्मिट ही 80 मीटर का आंकड़ा पार कर पाए। तीसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो स्थानीय एथलीट डंकन रॉबर्टसन का रहा, जिन्होंने 71.22 मीटर तक थ्रो किया। हालांकि, नीरज का थ्रो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, लेकिन यह एक ठोस शुरुआत थी, जबकि स्मित 83.29 मीटर के अपने ही मार्क के करीब पहुंच गए। नीरज का अगला बड़ा इवेंट 16 मई को दोहा डायमंड लीग है, जहां उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। 2024 के पेरिस ओलंपिक में नीरज ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था।

# आईपीएल 2025 में पहली बार सपोर्ट स्टाफ पर लगा जुर्माना

## दिल्ली कैपिटल्स के कोच मुनाफ पटेल पर कार्रवाई

नई दिल्ली, (हि.स.)



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में एक नया मामला सामने आया है, जब पहली बार किसी टीम के सपोर्ट स्टाफ सदस्य पर आचार संहिता के उल्लंघन के चलते जुर्माना लगाया गया है। बुधवार (16 अप्रैल) को दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए रोमांचक मुकाबले के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दिल्ली के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर कार्रवाई की है।

आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मुनाफ पटेल ने लेवल 1 के तहत अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन किया, जो खेल की भावना के खिलाफ आचरण से जुड़ा है। मुनाफ ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया है। इसके चलते उनकी 25 प्रतिशत मैच फीस काटी गई और एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया। हालांकि, आईपीएल ने इस मामले का ब्योरा नहीं दिया, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक मुनाफ की चौथे अंपायर से एक रणनीतिक संदेश मैदान में भेजने को लेकर गर्मागर्म बहस हुई थी।

आईएसएसएफ विश्व कप, लीमा

# सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

नई दिल्ली, (हि.स.)




**लीमा (पेरू) में चल रही आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की सुरुचि इंदर सिंह और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।**

### फाइनल में चीनी जोड़ी को दी मात

स्वर्ण पदक मुकाबले में सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने चीन की कियानसुन याओ और काई हू की जोड़ी को 17-9 के अंतर से पराजित किया। दोनों भारतीय निशानेबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य भेदा और खिताबी मुकाबला अपने नाम किया।

### सुरुचि का दूसरा स्वर्ण, सौरभ को भी व्यक्तिगत कांस्य

मंगलवार को 18 वर्षीय सुरुचि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस स्पर्धा में उन्होंने अपनी सीनियर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन का प्रमाण दिया। सौरभ के लिए यह वर्ष 2022 के बाद किसी आईएसएसएफ विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है।

# इंटर मिलान ने बायर्न म्यूनिख को 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

मिलान, (हि.स.)

**इंटर मिलान ने यूईएफए चैंपियंस लीग 2024-25 के क्वार्टरफाइनल के रोमांचक मुकाबले में बायर्न म्यूनिख को 4-3 के एग्रीगेट स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।**

बुधवार देर रात सान सिरो स्टेडियम में हुए दूसरे लेग का मुकाबला 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ, लेकिन पहले लेग में मिली 2-1 की जीत के चलते इटालियन चैंपियन इंटर ने अंतिम-4 में प्रवेश किया। अब इंटर का मुकाबला सेमीफाइनल में बार्सिलोना से होगा।

बारिश और तेज़ हवाओं के बीच खेले गए इस मुकाबले में पहले हाफ तक दोनों टीमों के बीच गोल नहीं हुआ। हालांकि, दूसरे हाफ में मुकाबला रोमांचक हो उठा। बायर्न के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने 52वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबले को नई जान दे दी।



### सान सिरो में दिखा अलग नज़ारा, ट्रेबल सपना ज़िंदा

इंटर मिलान के फैंस ने टिकट की बढ़ी कीमतों के विरोध में शुरुआती 20 मिनट तक स्टेडियम में सन्नाटा बनाए रखा। इसके बाद फैंस ने जोरदार शोर और गानों से अपनी टीम का हौसला बढ़ाया। इंटर अब 2010 के जोसे मोरिन्हो युग की तरह एक बार फिर से सीरी ए, चैंपियंस लीग और इटालियन कप ट्रेबल जीतने की ओर बढ़ रही है। टीम इस समय इटली की लीग टेबल में नेपोली से तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है और डोमेस्टिक कप के सेमीफाइनल में एसी मिलान से भिड़ने वाली है।

# प्रदेश स्तरीय फुटबाल टीम में वर्तिका और अलीना का चयन

प्रयागराज, (हि.स.)

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 25 से 29 अप्रैल तक होने वाली 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी अण्डर 14 फुटबाल प्रतियोगिता के लिए विकर पब्लिक जूनियर हाईस्कूल सदर बाजार की दो छात्राओं का चयन उत्तर प्रदेश की टीम में किया गया है।



विद्यालय के प्रधानाचार्य वीडी शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि अशोक रोड निवासी वर्तिका कुशवाहा और मऊसरैया, नेवादा निवासी अलीना का चयन प्रदेश स्तरीय टीम में किया गया है। दोनों छात्राओं ने विद्यालय के क्रीड़ाध्यापक एवं फुटबालर जितेंद्र कुमार (जैक) से प्रशिक्षण लिया है। दोनों बालिकाओं के चयन पर छावनी परिषद इलाहाबाद के मुख्य अधिशासी अधिकारी मोहम्मद समीर इस्लाम, स्कूल कोऑर्डिनेटर एके सिन्हा, शिक्षिका दीप्ति कुशवाहा, शुभांगिनी शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## व्यापार

लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

# शुरुआती गिरावट के बाद सेंसेक्स-निफ्टी में तूफानी तेजी

## बाजार की मजबूती के कारण निवेशकों ने कमाए 4.49 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, (हि.स.)

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन जोरदार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव के की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की गिरावट और बढ़ गई।

पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। इसके बाद आज पूरे दिन खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,951 अंक और निफ्टी 573 अंक उछल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.96 प्रतिशत और निफ्टी 1.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।



आज दिन भर के कारोबार के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 419.49 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 415 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.49 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,106 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,429 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,520 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 157 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,557 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,638 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 919 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

# फिच ने भारत के जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी किया

नई दिल्ली, (हि.स.)

**ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी गंभीर चिंताओं को देखते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 10 आधार अंक घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने अपने अनुमानों को बरकरार रखा है।**

फिच ने गुरुवार को जारी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) के अपने विशेष तिमाही अपडेट में कहा, "अमेरिकी व्यापार नीति के बारे में पूरे विश्वास के साथ कुछ भी कहना मुश्किल है। व्यापक स्तर पर नीति अनिश्चितता, व्यापार निवेश की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा रही हैं। शेयर की कीमतों में गिरावट से घरेलू संपत्ति कम हो रही है और अमेरिकी निर्यातकों को जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।" फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के जीडीपी के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है।




फिच रेटिंग्स ने विश्व विकास के पूर्वानुमानों को भी कम कर दिया है।

एजेंसी ने इस वर्ष विश्व विकास दर 2 फीसदी से नीचे आने का अनुमान जताया है। कोरोना महामारी को छोड़कर यह 2009 के बाद से सबसे कमजोर वैश्विक विकास दर होगी। भारत के बारे में फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 और चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान में 10 आधार अंकों की कटौती कर क्रमशः 6.2 फीसदी और 6.4 फीसदी कर दिया है, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.3 फीसदी पर बरकरार रखी गई है।

फिच रेटिंग्स के मुताबिक अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2025 तक 1.2 फीसदी पर सकारात्मक रहने की उम्मीद है। फिच के अनुमानों के अनुसार चीन की वृद्धि दर इस वर्ष और अगले वर्ष दोनों में 4 फीसदी से नीचे रहने की उम्मीद है, जबकि यूरोजोन में वृद्धि 1 फीसदी से काफी नीचे अटकी रहेगी।

# अमेरिका व चीन की तनातनी से शिखर पर पहुंचा सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

24 कैरेट सोना 96 हजार तो 22 कैरेट सोना 88 हजार के पार



नई दिल्ली, (हि.स.)

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर जारी तनातनी के कारण घरेलू सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी नजर आ रही है। 24 कैरेट सोना आज पहली बार 96 हजार के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज पहली बार 88 हजार रुपये के ऊपर पहुंचा हुआ है। सर्राफा बाजार में आज चांदी के भाव में भी तेजी बनी हुई नजर आ रही है।

आज की तेजी के कारण सोना 970 रुपये से लेकर 1,010 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में आए इस उछाल के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना महंगा होकर 96,180 रुपये से लेकर 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 88,160 रुपये से लेकर 88,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी भी आज 300 रुपये महंगी हुई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 96,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 88,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 96,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सरकार ने कोयला आयात निगरानी प्रणाली पोर्टल के लिए पंजीकरण शुल्क को तर्कसंगत बनाया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कोयला आयात निगरानी प्रणाली (सीआईएमएस) पोर्टल के लिए पंजीकरण शुल्क को तर्कसंगत बना दिया है। सरकार ने पंजीकरण शुल्क को संशोधित कर 500 रुपये प्रति खेप कर दिया है, जो 15 अप्रैल, 2025 से लागू हो गया है।

कोयला मंत्रालय मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि व्यापार में आसानी को बढ़ावा देने और आयात निगरानी प्लेटफॉर्म पर एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए सीआईएमएस पोर्टल के पंजीकरण शुल्क को युक्तिसंगत बनाया गया है। पंजीकरण शुल्क को संशोधित कर 500 रुपये प्रति खेप कर दिया गया है। यह पहले की शुल्क संरचना की जगह लेगा, जो प्रति खेप 500 रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक थी। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना और आयात निगरानी प्लेटफार्मों में एकरूपता सुनिश्चित करना है। कोयला आयात निगरानी में पारदर्शिता और दक्षता को मजबूत करने के लिए एक अहम चरण के रूप में कोयला आयात निगरानी प्रणाली (सीआईएमएस) को लागू किया है।

## हीरो मोटोकॉर्प के 4 संयंत्रों में 17-19 अप्रैल तक नहीं होगा उत्पादन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरा मोटोकॉर्प लिमिटेड आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने के लिए अपने चार संयंत्रों में 17 से 19 अप्रैल तक उत्पादन रोकेगी। कंपनी इस दौरान चारों संयंत्रों में रखरखाव गतिविधियों को भी अंजाम देगी। कंपनी ने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के चार संयंत्रों धारूहेड़ा, गुरुग्राम, हरिद्वार और नीमराणा में 17 से 19 अप्रैल तक उत्पादन अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इन संयंत्रों में 21 अप्रैल को परिचालन फिर से शुरू होगा, जबकि तिरुपति और हलोल संयंत्रों में उत्पादन जारी रहेगा। इस दौरान परिचालन को और मजबूत करने के लिए रखरखाव और सुविधा संवर्द्धन की दिशा में काम किया जाएगा।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट दर्ज की गई

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली, (हि.स.)

**ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में आज तेजी नजर आ रही है।**

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल द्वारा टैरिफ की वजह से अमेरिका में महंगाई बढ़ने और ग्रोथ पर दबाव पढ़ने की आशंका जताए जाने के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट दर्ज की गई। डाउ जॉन्स 700 अंक टूट गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 120.93 अंक यानी 2.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,275.700 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 516.01 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,307.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 279.94 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,947.33 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।



यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,275.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत उछल कर 21,311.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर सीएसी इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,329.97 अंक के स्तर पर बंद किया गया। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

# पंचायतें विकसित होंगी तभी विकसित रीवा का सपना साकार होगा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## पंचायत पदाधिकारी अधिकारों की मांग के साथ कर्तव्यों का पालन करें : मंत्री पटेल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद पंच-सरपंचों से संवाद का स्वागत योग्य अवसर आया है। जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल की पहल से ग्राम पंचायतों के विकास को गति मिलेगी। ग्राम पंचायतों का विकास होगा तभी रीवा का विकास संभव है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गांव के विकास के लिए पर्याप्त राशि प्रदान कर रहे हैं। रीवा जिले में केवल जल जीवन मिशन से ही तीन हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आवास प्लस का 98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो गया है। जिले में लाखों गरीब परिवारों को इनसे पक्के आवास मिले हैं। बेसहारा गायों के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। गौशाला में प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 20 रुपए की राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 3500 डॉक्टरों और 10 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती इस माह अक्टूबर माह तक पूरी कर ली जाएगी। उप स्वास्थ्य केन्द्र तक टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। पंचायत पदाधिकारियों की जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें हल करके पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में पंच-सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। राष्ट्रपिता की परिकल्पना में पंचायतों का कर्तव्य महत्पूर्ण था। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया गया। पंचायत पदाधिकारी अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दें। विवाद और झगड़े से विकास के कार्य संभव नहीं हैं। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर और प्रशासनिक व्यवस्था से समन्वय बनाकर ही पंचायतों का विकास होगा। ग्राम पंचायतों को गांव की साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण, कचरा प्रबंधन, गंदे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शिक्षा के विकास, जल संरक्षण के कार्य तथा सामाजिक विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। जब हम आम नागरिकों को सुविधाएं देंगे तो व्यवस्था बनाने के लिए टैक्स भी लगाना होगा। पंचायत पदाधिकारियों से मैं लगातार संवाद कर रहा हूँ। ग्राम पंचायत की वास्तविकताओं का मुझे पूरा एहसास है।





### 15वें वित्त आयोग में हर पंचायत को पर्याप्त राशि दी जा रही : प्रभारी मंत्री

पंचायतों को सशक्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरपंचों की 15 लाख रुपए की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है। 15वें वित्त आयोग में हर पंचायत को पर्याप्त राशि दी जा रही है। राज्य वित्त आयोग से ग्राम पंचायतों को 1400 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे बढ़ाकर 6 हजार करोड़ रुपए कर दिया है। पंचायतों में अब राशि की कोई कमी नहीं है। हम जिस तरह अपने परिवार का वित्तीय प्रबंधन करते हैं उसी तरह ग्राम पंचायत का भी वित्तीय प्रबंधन करना होगा। ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारी पंचायतों के विकास की मंशा से कार्य कर रहे हैं। इनमें यदि कोई लापरवाही बरतेगा तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सरपंच और जनपद सदस्य अपनी कठिनाईयों से अवश्य अवगत कराएं। इन कठिनाईयों को दूर करके ही पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। कोरोना काल में कार्यों के बंद होने के कारण मजदूरी और मटेरियल के अनुपात में असंतुलन हो गया है। इसे विकासखण्ड स्तर से निर्धारित करके ठीक किया जा रहा है। विकास के कार्य में राशि की कोई कमी नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश का पहला जिला नर्मदापुरम, जहां चारों प्रकार के रेशम का होता है उत्पादन : मंत्री जायसवाल

**भोपाल, निप्र।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नर्मदापुरम, प्रदेश का पहला जिला है, जहां चारों प्रकार के रेशम का उत्पादन होता है। नर्मदापुरम में टसर रेशम, मलबरी रेशम, इरी रेशम और मूँगा रेशम (गोल्डन सिल्क) का उत्पादन किया जाता है। ये चारों प्रकार के रेशम जिले में तैयार किए जाते हैं और देशभर में प्रसिद्ध हैं। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि नर्मदापुरम में रेशम केंद्र है, जहाँ रेशम के धागे और कपड़ों का उत्पादन किया जाता है। रेशम केंद्र में अब परंपरागत डिजाइनों से हटकर नए डिजाइनों को शामिल करने की तैयारी की जा रही है। जिले में मालाखेड़ी में मध्यप्रदेश की पहली ककून मंडी है, जहाँ रेशम के ककून का बाजार लगता है। नर्मदापुरम जिले की महिलाएं रेशम उत्पादन से जुड़कर अपना सशक्तिकरण कर रही हैं। मढ़ई रेशम उत्पादन केंद्र को सिल्क टूरिज्म के लिए विकसित किया जा रहा है। रेशम के धागे का उपयोग करके दवाइयां भी बनाई जा रही हैं। जिले में रेशम उत्पादन के विस्तार के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नर्मदापुरम रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र है और रेशम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं के साथ भी जुड़ा हुआ है।

### मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

**भोपाल, निप्र।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आसान बना दिया गया है। कल्याणी महिला (विधवा महिला) सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के विवाह पोर्टल https://vivahportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। मंत्री श्री कुशवाह ने सभी जिलाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण के निर्देश दिए है। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश में निवासरत कल्याणी बहनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना में कल्याणी बहनों को विवाह उपरांत 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा योजनांतर्गत आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही https://vivahportal.mp.gov.in पर पब्लिक डोमेन से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### बिजली कार्मिक की मृत्यु पर आश्रित परिवार को मिलेगी सवा लाख रुपये अनुग्रह राशि

**भोपाल, निप्र।** एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने कंपनी की सेवा में रहते हुए कार्मिक की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि का पुनरीक्षण करते हुए अधिकतम 1,25,000 रूपए करने का आदेश आज जारी कर दिया गया है। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने किसी कंपनी कार्मिक की कंपनी की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छह गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000 अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। आदेश 1 अप्रैल 2025 अथवा इसके बाद के प्रकरणों पर प्रभावशील होगा। अनुग्रह अनुदान भुगतान करने की अन्य शर्तें यथावत प्रभावशील रहेंगी।

# सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी : राज्यपाल पटेल

## राज्यपाल द्वारा बीएमएचआरसी में डीएनए सिक्वेंसर मशीन लोकार्पित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। सरकार और समाज की सहभागिता से ही सिकल सेल रोग का उन्मूलन होगा। सिकल सेल की जांच, उपचार, औषधि एवं जेनेटिक कार्ड वितरण में सरकार अच्छा कार्य कर रही है।**

समाज को भी आगे आना होगा। वर्ष 2047 में कोई भी बच्चा सिकल सेल रोग के साथ जन्म नहीं ले। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर व्यक्ति को मेरा भी योगदान हो, इस भाव के साथ सिकल सेल उन्मूलन में जुड़ना होगा। उन्होंने बी.एम.एच.आर.सी. के सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में डीएनए सिक्वेंसर मशीन प्रयोग शाला की स्थापना को सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की है। राज्यपाल श्री पटेल भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में आयोजित सिकल सेल पर केन्द्रित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संस्थान द्वारा संगोष्ठी का आयोजन आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला के लोकार्पण अवसर पर किया गया था। इससे पूर्व राज्यपाल श्री पटेल ने आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला का लोकार्पण और अवलोकन किया। रोगियों को किट प्रदान की। बीएमएचआरसी के सक्षमता केन्द्र से दिग्दर्शिका के प्रकाशन का लोकार्पण किया।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल को समाप्त करने में हर व्यक्ति सहयोग कर सकता है। प्रयास करना होगा कि सिकल सेल रोगियों का आपस में विवाह नहीं हो, क्योंकि उनके बच्चे शत प्रतिशत सिकल सेल रोगी होगें। ऐसे प्रयास भी किए जाए कि वाहक युगल भी आपस में विवाह नहीं करें। वाहक दंपतियों के प्रत्येक गर्भधारण में संतान के रोगी होने की सम्भावना 25 प्रतिशत होगी। विवाह होने पर गर्भावस्था मे प्रि-नेटल जांच अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि यह भी बताना उतना ही जरूरी है कि सामान्य के साथ रोगी अथवा वाहक के विवाह में कोई बाधा नहीं है। इसी तरह सिकल सेल रोगियों, वाहकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए खान-पान एवं दिनचर्या संबंधी सावधानियों के बारे में भी सचेत करने मे समाज का सक्रिय सहयोग जरूरी है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल आनुवंशिक बीमारी है। इसलिए उन्मूलन जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। हमारे वैज्ञानिकों ने जीन स्तर के विश्लेषण के द्वारा रोग की जड़ तक पहुँचकर रोग उन्मूलन के लिए कार्य करने का अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध कराया है।

# मेरा ईकेवायसी ऐप से राशन के पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी : खाद्य मंत्री राजपूत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश में पीडीएस अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है।**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी गुरूवार से उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए मेरा ई-केवायसी ऐप प्रदेश में लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से राशन लेने वाले वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चों सहित कोई भी हितग्राही किसी भी एन्ड्राइड मोबाईल फोन से अपना और अपने परिजन का आधार नम्बर ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि ऐप के साथ ही राशन लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर जिले में गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी कराने के लिए शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविर में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, वार्ड प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के दल द्वारा पीओएस मशीन को शिविर में ले जाकर हितग्राहियों के अंगूठे लगाकर उनकी ई-केवायसी की जा रही है।



# जीसीसी, सेमी-कन्डक्टर्स, ड्रोन और एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी के लिए जारी होंगी गाइडलाइन्स

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन इंदौर में 27 अप्रैल को होगा। इस कॉन्क्लेव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, नीति निर्माताओं और तकनीकी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश सरकार की ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी, सेमी-कंडक्टर्स पॉलिसी, ड्रोन पॉलिसी और एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) पॉलिसी के क्रियान्वयन के लिए गाइडलाइन जारी की जाएंगीं।

राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ये गाइडलाइन्स सरकार और निवेशकों के बीच एक पारदर्शी सेतु सिद्ध हों। गाइडलान्स में पात्रता मापदंड, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्र, मानक संचालन प्रक्रिया, समय-सीमाएँ और अपील प्रणाली जैसे सभी पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया गया है। ये गाइलाइन्स प्रशासनिक दस्तावेज मात्र नहीं, बल्कि नीतियों को धरातल पर साकार करने की स्पष्ट रूपरेखा हैं।

राज्य सरकार ने नीतियों की घोषणा से उन पर अमल के लिये गाइडलाइन्स तय करने की प्रक्रिया को रिकॉर्ड दो महीनों में पूरा कर लिया है। इन 4 नीतियों की घोषणा 24 फरवरी 2025 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में की गई थी।

### जीसीसी पॉलिसी के लिये गाइडलाइन्स

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति के तहत मध्यप्रदेश को डेटा एनालिसिस, साइबर सुरक्षा, अनुपालन, एआई रिसर्च और सप्लाई चेन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक कंपनियों के लिए पसंदीदा स्थल बनाने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें लेवल-1 और एडवांस्ड जीसीसी के लिए पूंजी निवेश प्रोत्साहन, वेतन सब्सिडी, किराया प्रतिपूर्ति और ब्याज सहायता जैसे प्रावधान होंगे।

# प्रदेश के सभी संभागों में होंगे किसान मेले : कृषि मंत्री कंषाना

**भोपाल, निप्र।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी संभागों में किसान मेला आयोजित करेगी। उज्जैन संभाग में 3 मई को मंदसौर में पहला किसान मेला आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य के सभी संभागों में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन मेलों में किसानों को कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित नवीनतम जानकारी दी जायेगी। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। मेले में प्रदर्शनी के माध्यम से भी किसानों को कृषि तकनीकों और कृषि उपकरणों की जानकारी दी जायेगी। मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि अक्टूबर में एक राज्य स्तरीय किसान मेला भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य सरकार ने एक साल में 10 लाख सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा है, जिससे किसानों को ऊर्जादाता बनने में मदद मिलेगी। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिया है।

# ताप विद्युत गृहों की ऊर्जा कुशलता से आयी ट्रिपिंग में कमी और घटी विद्युत उत्पादन लागत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 4 ताप विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऑपरेशन (संचालन) क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूर्व की तुलना में अधिक उत्पादन किया। साथ ही विद्युत गृहों की ट्रिपिंग दर पूर्व की तुलना में कम हो गई। विद्युत गृहों के ऑपरेशन में ट्रिपिंग, विशिष्ट तेल की खपत में कमी, ऑक्जलरी कंजम्पशन महत्वपूर्ण मापदंड हैं। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों की 12 विद्युत यूनिट ने इन मापदंडों में महत्वपूर्ण उपलब्धिहासिल की है।



ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ताप विद्युत गृहों की इस उपलब्धि पर इंजीनियरों, तकनीशियनों और संचालन टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रबंधन नीति, तकनीकी उन्नयन व कड़ाई से ऑपरेशन नियमों का पालन करने से यह लक्ष्य हासिल किया गया।

पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा विद्युत उत्पादन लागत में कमी के लगातार प्रयास किए गए। इससे ताप विद्युत यूनिट की विशिष्ट तेल खपत वर्ष 2024-25 में 0.51 मिलीलीटर प्रति यूनिट रही। यह अब तक की न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत है। न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत से परिचालन लागत में जहां कमी आई वहीं यह पर्यावरण संरक्षण में सहायक हुई।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे कम ऑक्जलरी कंजम्पशन (सहायक संयंत्र खपत) 6.91 प्रतिशत हासिल किया। विद्युत गृहों के संचालन के दौरान खपत हो रही ऊर्जा जितनी कम होगी उतनी ही अधिक विक्रय बिजली (नेट जनरेशन) होगी।

### विद्युत गृहों की ट्रिपिंग में निरंतर कमी

पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की यूनिट में किए गए सुधार कार्य व बेहतर मेंटेनेंस के कारण ट्रिपिंग में उल्लेखनीय कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत गृहों में मात्र 85 ट्रिपिंग दर्ज की गईं। इससे पूर्व वर्ष 2019-20 में 150 ट्रिपिंग दर्ज होती रही हैं।

# राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने किया क्षेत्र का औचक निरीक्षण, जनसमस्याओं का किया त्वरित निराकरण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने क्षेत्र के विकास के लिए अधिकारियों से रोडमैप बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी कार्य में देरी न हो। राज्यमंत्री श्रीमती गौर लगातार क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर रही हैं और रहवासियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर रही हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने नारायण नगर नर्मदापुरम रोड के श्रीदुर्गा मंदिर से भ्रमण की शुरुआत की।



जहां रहवासियों ने पानी की समस्या से उन्हें अवगत कराया। इसपर राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को सम्पवेल को जल्द से जल्द शुरु करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी सप्लाई की समय सीमा तय करें, जिससे आम लोगों को परेशानी न हो। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने नारायण नगर की सीवेज लाइन को अमृत फेज 2 में शामिल कर इंटरनल नेटवर्क का रोडमैप तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बावड़ियाकलां, आमनगर, डीके कॉटेज का भी भ्रमण किया। यहां के रहवासियों ने बताया कि उनके क्षेत्र की संजीवनी अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को ठेकेदार ने लंबे समय से काम रोक कर रखा है।

इस पर राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट घोषित कर किसी अन्य एजेंसी से कार्य को पूरा कराने के लिए कहा। उन्होंने क्षेत्र में हाईमास्क और पार्क का निर्माण भी कराने के निर्देश भी दिए।

### केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के निर्देशों के परिपालन में उच्च स्तरीय बैठक

# केन्द्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार रूपरेखा करें निर्धारित :मंत्री सारंग

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में दिये गये निर्देशों के परिपालन में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में गुरूवार को उच्च स्तरीय बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार रूपरेखा निर्धारित कर कार्य-योजना बनाई जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक वर्णवाल भी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कमेटी गठित कर सहकारिता एक्ट और गाइडलाइन का अध्ययन किया जाये। यह कमेटी अपनी अनुशंसा उच्च स्तर पर प्रस्तुत करेगी। बैठक में कमेटी के सदस्यों में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक श्री मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक श्री मनोज गुप्ता, अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य श्री पी.एस. तिवारी, संयुक्त आयुक्त श्री के.के. द्विवेदी और श्री एच.एस. बघेला को शामिल किया गया है। मंत्री श्री सारंग ने को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पाटनरशिप (सीपीपीपी) मॉडल पर एक वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश भी दिये। वर्कशॉप में देशभर के सहकारिता से जुड़ें अधिकारियों को सीपीपीपी मॉडल का प्रजेटेंशन दिया जायेगा। आगामी 20 जून को यह प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिये गये। मंत्री श्री सारंग ने सीपीपीपी मॉडल के माध्यम से सहकारी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। सीपीपीपी मॉडल के तहत प्रदेश में सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मॉडल न केवल आर्थिक विकास को गति देगा बल्कि रोजगार के नये अवसर सृजित करेगा। बैठक में बताया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उच्च स्तर से निर्णय के बाद सहकारिता क्षेत्र में निवेशकर्ताओं को सभी आवश्यक सुविधाएँ एक स्थान पर सुनिश्चित करने के लिये निवेश विंग आई डब्ल्यू बनायी गई है। इसमें श्री अम्बरीष वैद्य को नोडल अधिकारी बनाया गया है।



### पैक्स का विस्तार

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में अभी 10 हजार प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां है। सभी जिला अधिकारियों को इसको विस्तार करते हुए 26 हजार का लक्ष्य देकर तत्परतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये जाये। पैक्स का विस्तार टाइम लिमिट में करें। उन्होंने कहा कि 637 नई समितियों के गठन की कार्ययोजना बनाकर अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि जहां-जहां नई सोसायटियाँ गठित की जाना है वहां लक्ष्य तय कर त्वरित गति से कार्य किया जाये। उन्होंने नवाचार के संबंध में जेआर और डीआर की वीडियो कॉन्फेंसिंग कर आवश्यक मार्गदर्शन दिये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में समितियों के चुनाव संबंध में भी चर्चा की गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.